दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 190 | जयपुर | गुरूवार, 15 मई, 2025 | बैशाख, शुक्ल पक्ष तृतीय संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## सीबीएसई 12वीं में जयपुर के टॉपर्स : साइंस में दीपशिखा और कॉमर्स में राघव ने 99.60 प्रतिशत अंक हासिल किए, कला में अनामिका 99.40 प्रतिशत पर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सीबीएसई ने मंगलवार को 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम जारी किया। नीरजा मोदी स्कूल की दीपशिखा ने साइंस में 99.60% अंक प्राप्त किए। उन्होंने तीन विषयों में पूर्ण अंक हासिल किए।

सेंट जेवियर स्कूल, सी-स्कीम के छात्र राघव जैन ने कॉमर्स में 99.60% अंक प्राप्त किए। राघव ने भी तीन विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल किए।

एन के पब्लिक स्कूल की छात्रा अनामिका ने कला वर्ग में 99.40% अंक प्राप्त किए। उन्होंने राजनीति विज्ञान, पेंटिंग व इनफॉर्मेटिक्स प्रैक्टिसेज में पूर्ण अंक हासिल किए। भारतीय विद्या भवन स्कूल की देबांशी शेखावत ने 99.8% अंक प्राप्त किए। उन्होंने चार विषयों में पूर्ण अंक हासिल किए। कॉमर्स की छात्रा कामाक्षी सांखला ने भी 99.8% अंक प्राप्त किए।

एमपीएस इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा पलक धरमदासानी ने 99% नंबर हासिल किए। जयश्री पेरीवाल हाई स्कूल में पढ़ने वाली नेहल शर्मा ने 99.6% नंबर हासिल किए। माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल की छात्रा सनिका चौधरी ने 99.2% नंबर हासिल किए। जय श्री पारीवाल हाई स्कूल की छात्रा मानवी अग्रवाल ने 99% नंबर हासिल किए।

सीडलिंग पब्लिक स्कूल के छात्र संयम अग्रवाल ने 99.2% नंबर हासिल किए। पैरामाउंट विद्याश्रम स्कूल की अनुष्का यादव ने कला वर्ग में 99% अंक हासिल किए। उन्होंने 500 में से 495 अंक प्राप्त किए। अनुष्का को दो विषयों में पूर्ण अंक मिले। यशस्वी ने भी 99% अंक प्राप्त किए।

परीक्षाएं 15 फरवरी से 4 अप्रैल 2025 के बीच आयोजित की गईं। जयपुर में सीबीएसई की 10वीं और 12वीं की परीक्षा में कुल 2.70 लाख विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें से 1.30 लाख छात्र 12वीं कक्षा के थे।

**जयपुर के होनहार**



दीपशिखा 99.60% | राघव जैन 99.60% | अनामिका 99.40%



## भारत के 52वें सीजेआई बने जस्टिस बीआर गवई
### राष्ट्रपति ने शपथ दिलाई; देश के पहले बौद्ध चीफ जस्टिस, 6 महीने का कार्यकाल

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई ने बुधवार को भारत के 52वें चीफ जस्टिस के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जस्टिस गवई को सीजेआई पद की शपथ दिलाई। मौजूदा सीजेआई संजीव खन्ना का कार्यकाल 13 मई को खत्म हो चुका है। सीजेआई खन्ना के बाद वरिष्ठता सूची में जस्टिस गवई का नाम था। इसलिए जस्टिस खन्ना ने उनका नाम आगे बढ़ाया। हालांकि, उनका कार्यकाल सिर्फ 6 महीने का है। सीजेआई गवई देश के दूसरे दलित और पहले बौद्ध चीफ जस्टिस हैं। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर दिए प्रोफाइल के मुताबिक, जस्टिस गवई 24 मई 2019 को सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में प्रमोट हुए थे। उनके रिटायरमेंट की तारीख 23 नवंबर 2025 है। राष्ट्रपति भवन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह समेत कई केंद्रीय मंत्री भी मौजूद रहे। सीजेआई गवई की मां कमलताई ने कहा, मैंने हमेशा चाहा था कि मेरे बच्चे अपने पिता के रास्ते पर चलें और समाज की सेवा करें। भूषण ने बचपन से ही कठिन परिस्थितियों का सामना किया और मेहनत से आज इस ऊंचे पद तक पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि सीजेआई ने एक साधारण स्कूल में पढ़ाई की और हमेशा जरूरतमंदों की मदद करते रहे हैं, चाहे वह आर्थिक सहायता हो या इलाज का खर्च।

### जस्टिस गवई ने 1985 में कानूनी करियर शुरू किया

जस्टिस गवई का 24 नवंबर 1960 को महाराष्ट्र के अमरावती में जन्म हुआ था। उन्होंने 1985 में कानूनी करियर शुरू किया। 1987 में बॉम्बे हाईकोर्ट में स्वतंत्र प्रैक्टिस शुरू की। इससे पहले उन्होंने पूर्व एडवोकेट जनरल और हाईकोर्ट जज स्वर्गीय राजा एस भोंसले के साथ काम किया।

1987 से 1990 तक बॉम्बे हाईकोर्ट में वकालत की। अगस्त 1992 से जुलाई 1993 तक बॉम्बे हाईकोर्ट की नागपुर बेंच में सहायक सरकारी वकील और एडिशनल पब्लिक प्रॉसीक्यूटर के रूप में नियुक्त हुए। 14 नवंबर 2003 को बॉम्बे हाईकोर्ट के एडिशनल जज के रूप में प्रमोट हुए। 12 नवंबर 2005 को बॉम्बे हाईकोर्ट के परमानेंट जज बने।

### दूसरे दलित सीजेआई होंगे जस्टिस गवई, डिमॉनेटाइजेशन को सही बताया था

जस्टिस गवई देश के दूसरे दलित सीजेआई होंगे। उनसे पहले जस्टिस केजी बालाकृष्णन भारत के मुख्य न्यायाधीश बने थे। जस्टिस बालाकृष्णन साल 2007 में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बने थे। सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में जस्टिस गवई कई ऐतिहासिक फैसलों में शामिल रहे हैं। उनमें मोदी सरकार के 2016 के डिमॉनेटाइजेशन के फैसले को बरकरार रखना और चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक घोषित करना शामिल है।

## जम्मू-कश्मीर के शोपियां में सेना को मिला हथियारों का जखीरा
### एके-47, हैंड ग्रेनेड, हजारों गोलियां बरामद; ऑपरेशन केलर में ढेर हुए थे 3 आतंकी



बढ़ता राजस्थान

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद भी सुरक्षाबलों का ऑपरेशन लगातार जारी है। जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले के केलर में बुधवार को भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा बरामद हुआ है। इसमें एके-47 गन समेत कई तरह की बंदूकें, हैंड ग्रेनेड, हजारों की संख्या में गोलियां शामिल है। केलर में ही 13 मई को सुरक्षाबलों के साथ एनकाउंटर में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गए थे। शोपियां जिले के केलर स्थित शुकरू फॉरेस्ट एरिया में मंगलवार को शाम 4.30 बजे मुठभेड़ खत्म हुई थी। इसे ऑपरेशन को केलर नाम दिया गया था। मारे गए आतंकियों में लश्कर-ए-तैयबा का टॉप कमांडर शाहिद अहमद कुट्टी भी शामिल था। 13 मई की दोपहर 12 बजकर 53 मिनट पर भारतीय सेना के असिस्टेंट डायरेक्टर जनरल ऑफ पब्लिक इन्फॉर्मेशन यानी आईडीजीपीआई ने सोशल मीडिया ट्वीटर पर ऑपरेशन केलर की जानकारी दी। पोस्ट में लिखा- 'भारतीय सेना की राष्ट्रीय राइफल्स विंग को खुफिया सोर्सेज से शोपियां के शोकल केलर इलाके में आतंकियों के होने की जानकारी मिली । इसके बाद भारतीय सेना ने 'सर्च एंड डिस्ट्रॉय' यानी आतंकियों को ढूंढकर मारने का ऑपरेशन लॉन्च किया।'



### बिहार-छत्तीसगढ़ समेत 14 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट, बाड़मेर-जैसलमेर में पारा 41 डिग्री पार

## बंगाल की खाड़ी पहुंचा मानसून, 27 मई को केरल पहुंचेगा

बढ़ता राजस्थान

पहलगाम/नई दिल्ली (एजेंसी)। मौसम विभाग ने बताया कि दक्षिण-पश्चिम मानसून बुधवार को बंगाल की खाड़ी पहुंच गया। यह 27 मई को केरल में दस्तक देगा।

मौसम विभाग ने बिहार-छत्तीसगढ़ समेत 14 राज्यों में आंधी-बारिश की चेतावनी जारी की है। गुजरात, असम समेत 9 राज्यों में तेज बारिश का अलर्ट है। वहीं, झारखंड और उत्तर प्रदेश में एक बार फिर गर्मी बढ़ सकती है और यहां उमस की संभावना है।

राजस्थान के 11 जिलों में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। मंगलवार को दोपहर बाद अलवर, भरतपुर, जयपुर समेत कई शहरों में बारिश हुई। वहीं, बाड़मेर, जैसलमेर में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज हुआ।

मानसून ने मंगलवार को निकोबार द्वीप समूह पर दस्तक दी थी। हर साल 22 मई के आसपास अंडमान में प्रवेश करने वाला मानसून इस साल नौ दिन पहले आया है।

मौसम विभाग ने कहा कि अंडमान सागर के ऊपर चक्रवात जैसी स्थिति बन रही है। इससे 16 से 22 मई के बीच कम दबाव का क्षेत्र बन सकता है, जो 23 से 28 मई के बीच साइक्लोन 'शक्ति' का रूप ले सकता है।

अगर यह साइक्लोन बनता है, तो 24 से 26 मई के बीच ओडिशा, पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के तटीय इलाकों पर असर डाल सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान में सोने-चांदी के फिर कम हुए दाम
**स्टैंडर्ड सोने की कीमत घटकर पहुंची 96,400, चांदी 500 रुपए हुई सस्ती**

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में आई स्थिरता और डॉलर की मजबूती का असर कीमती धातुओं पर नजर आने लगा है। भारतीय बाजार में बुधवार को स्टैंडर्ड सोने की कीमत 200 रुपए टूटकर 96 हजार 400 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। जबकि चांदी प्रति किलो की कीमत 500 रुपए टूटकर 98 हजार 800 रुपए पर आ गई है। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार अगले एक सप्ताह में सोने और चांदी की कीमत में बढ़ोतरी की प्रबल संभावना है। जयपुर सर्राफा कमेटी की ओर से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 96 हजार 400 रुपए पर आ गई है। 22 कैरेट प्रति 10 ग्राम सोने की कीमत 89 हजार 600 रुपए पहुंच गई है। सोना 18 कैरेट 77 हजार 200 रुपए प्रति दस ग्राम और 14 कैरट 60 हजार 700 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी रिफाइन की कीमत 98 हजार 800 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गई है।

### कांग्रेस का सवाल- सीजफायर में अमेरिका का क्या रोल
**पीएम मोदी-जयशंकर जवाब दें, कश्मीर पर चर्चा सिर्फ भारतीय संसद में ही हो सकती है**

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, पिछले कुछ दिनों से कांग्रेस पार्टी पूछ रही है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा क्यों की ऐसा पहली बार हो रहा है। पीएम मोदी इस पर कुछ नहीं बोलते हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो कहते हैं कि अमेरिका की भूमिका इतनी महत्वपूर्ण थी कि उनकी वजह से ही यह युद्ध रुका। विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर इसका जवाब भी नहीं देते हैं। हम लगातार पूछ रहे हैं कि पीएम मोदी और विदेश मंत्री इस बात का जवाब क्यों नहीं दे रहे हैं कि अमेरिका की भूमिका क्या है?

उन्होंने कहा, कश्मीर पर चर्चा सिर्फ भारतीय संसद में ही हो सकती है। इस पर मध्यस्थता करने का अधिकार किसी को नहीं। हम अपनी सेना के साथ चट्टान की तरह खड़े हैं। हम आतंकवाद के खिलाफ और पाकिस्तान के खिलाफ जो कार्रवाई की जा रही है उसका पूरा समर्थन कर रहे हैं।

### कैबिनेट बैठक देश की छठी सेमीकंडक्टर यूनिट को मंजूरी

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री आवास में हुई कैबिनेट बैठक में देश की छठी सेमीकंडक्टर यूनिट को मंजूरी दे दी गई है। यह यूनिट 3706 करोड़ रुपए में उत्तर प्रदेश के जेवर में लगाई जाएगी। एचसीएल और फॉक्सकॉन मिलकर इस यूनिट को बनाएंगे। प्लांट में मोबाइल फोन, लैपटॉप, ऑटोमाबाइल्स, पर्सनल कम्प्यूटर, और दूसरे डिस्प्ले डिवाइसेज के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स बनेंगे। हर महीने 3.6 करोड़ चिप बनेंगी। इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2022 में लॉन्च किया गया था। इसके तहत अब तक 6 प्रोजेक्ट्स अप्रूव किए गए हैं। निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। 270 शैक्षणिक संस्थानों और 70 स्टार्टअप्स के छात्र लेटेस्ट टूल्स के जरिए सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी सीख रहे हैं।

### पंचतत्व में विलीन हुए पाक हमले में शहीद जवान रामबाबू
**पार्थिव शरीर से लिपटकर रो पड़े मां और चाचा, भारत माता के नारे लगे**

बढ़ता राजस्थान

**सीवान।** पाक हमले में शहीद सीवान के जवान रामबाबू प्रसाद (28) बुधवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। उनके पैतृक गांव सिलपुर के ही श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। इससे पहले उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। घाट पर लोगों की भारी भीड़ थी। लोगों की आंखें नम थीं, लेकिन जोश दिखाई दे रहा था। भारत माता और जवान के नाम के नारे लगते रहे। दोपहर ढाई बजे शहीद की पार्थिव देह पटना से सीवान लाई गई। पार्थिव शरीर जिस गाड़ी से लाया गया।

श्री त्र्यबकेश्वरायनमः
श्रीक्षेत्र त्र्यंबकेश्वर के पुरोहित
श्री. उमेश यशवंत शिखरे
चि. श्रीहरी उमेश शिखरे
मातृ पितृ छाया, गाडगे महाराज धर्मशाला के सामने
पाटील गल्ली, त्र्यंबकेश्वरर, जि. नासिक
हमारे यहां कालसर्प शांति, नारायण-नागबली, त्रिपिंडी श्राद्ध अभिषेक, लघुरुद्र, जप अनुष्ठान ई. सभी और त्र्यंबकेश्वर में होने वाले सभी धार्मिक किये जाते है।
बारा ज्योतिर्लिंगोमेसे सबसे बड़ा त्र्यंबकेश्वर है। यहीपे कुंभ का मेला लगता है। गोदावरी नदी का उगमस्थान, ब्रह्मगिरी, गंगाद्वार, निलपर्वत, निवृत्तीनाथ महाराज समाधी, कुशावर्त तीर्थ आदि धार्मिक स्थल दर्शनिय है।

सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# दलित युवकों पर किया जानलेवा हमला,थाने में हुआ मामला दर्ज

## दो युवकों को पीटने व अपमानित करने का लगाया आरोप

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** शहर के बस स्टैंड परिसर में सोमवार रात दो युवकों के साथ मारपीट करने का मामला पुलिस थाने में दर्ज हुआ है। इसे लेकर पीड़ित जतीन बैरवा और तुषार खटीक ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इसमें बताया कि बस स्टैंड परिसर में अनिल ग्वाला और धर्मा साहू ने उनके साथ मारपीट की और जातिसूचक शब्दों से अपमानित भी किया। शिकायत के अनुसार, दोनों युवक बस स्टैंड पर चाय पीने गए थे, जहां अनिल, ग्वाला और धर्मा साहू ने उन्हें बस स्टैंड स्थित धर्मशाला में ले जाकर मारपीट की। जतीन बैरवा ने पुलिस को बताया कि आरोपी दोनों युवकों ने उनके साथ लोहे के पाइप से मारपीट की जिससे वह बुरी तरह घायल हो गए। इस मारपीट में उनके पूरे शरीर पर गंभीर चोटें आईं हैं। तुषार खटीक को लोहे की चेन से मारा गया जिससे उनके घुटने और पैरों में गहरे घाव हो गए। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि दोनों युवकों को जातिसूचक शब्दों से भी अपमानित किया गया है। और उन्हें जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस दोनों युवकों के साथ हुई मारपीट को लेकर जानकारी ली इससे पहले मारपीट दौरान बस स्टैंड में लोगों की भीड़ जमा हो गई थी। घटनास्थल पर मौजूद लोगों में से कुछ लोगों ने दोनों युवकों को धर्मशाला का गेट खोल कर छुड़वाया इसके बाद युवक घायल अवस्था में पुलिस थाने पहुंचे जहां युवकों ने खुद पर आप बीती की घटना बताते हुए पुलिस को रिपोर्ट दी इस पर पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इसके बाद पुलिस ने पीड़ित जतीन बैरवा पुत्र भंवर लाल बैरवा एवं तुषार खटीक पुत्र छीतर लाल खटीक निवासी बंगाली कॉलोनी से घटनास्थल की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है । और अनुसंधान के लिए देवली पुलिस उपाधीक्षक को इस मामले की सूचना पहुंचा दी ।

# देवली शहर के कई वार्डों के नलों में गंदे पानी की आपूर्ति पर भड़के पार्षद भीमराज जैन

## कई वर्षों से शहर में पीने के पानी की बनी समस्या का समाधान नहीं हुआ तो पार्षद भीमराज जैन करेंगे आंदोलन

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** प्रत्येक वर्ष बढ़ती गर्मी के हालातो के बीच शहर के विभिन्न क्षेत्रो जल समस्या उत्पन्न होती चली आ रही है तो वहीं नलों में गंदे पानी की जलापूर्ति आदि समस्या भी गंभीर बनी हुई है। इसको लेकर मंगलवार की शाम को देवली नगर पालिका सभागार में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में जलदाय विभाग के अधिशासी अभियंता कालूराम मीणा ने अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा पालिका अध्यक्ष नेमीचंद जैन पालिका उपाध्यक्ष सौरभ जिंदल सहित पालिका मंडल के सदस्य गण उपस्थित रहे । बैठक में मुद्दा छाया रहा की शहरी जल योजना की विभिन्न प्रस्तावित स्कीम का शहर वासियों को कोई लाभ नहीं मिल रहा है ।

बैठक में मौजूद पार्षद भीमराज जैन ने जानकारी में बताया कि शहर के साकेत कॉलोनी में पिछले 4 वर्षों से जलापूर्ति आवश्यकता अनुसार नियमित रूप से नहीं हो पा रही है इस समस्या को इसी क्रम में उपखंड अधिकारी को संबंधित मंत्री के नाम ज्ञापन दिए जा चुके हैं । इस दौरान पार्षद भीमराज जैन ने पूर्व





में दिए ज्ञापन का हवाला दे देते हुए पानी की समस्या के मामले में जलदाय विभाग के अधिकारियों को आड़े हाथ लिया और बताया कि शहर के कई वार्डों में बदबूदार गंदा पानी नलों में आपूर्ति के दौरान आ रहा है इस गंभीर समस्या से जलदाय विभाग के अधिकारियों को कई बार सूचना देकर अवगत करवा चुके हैं लेकिन शहर वासियों की उक्त समस्या का कोई निस्तारण नहीं हो पा रहा है। इस दौरान पार्षद भीमराज जैन ने यह भी कहा कि राज्य सरकार की ओर से पीने के पानी की उक्त योजना के लिए लगभग 33 करोड़ रुपए स्वीकृत हो चुके है। इस योजना में देवपुरा बनास नदी के किनारे 6 मीटर व्यास के दो ओपन वाल बनाने, देवपुरा रोड पर शमशान घाट के पास 2 एमएलडी के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाने, पंप सेट लगाने, पावर कनेक्शन, पुराने नल कनेक्शन बदलने, पीएलसी स्काडा सिस्टम का कार्य, राइजिंग पाइपलाइन का कार्य एवं पांच विभिन्न उच्च जलाशय का निर्माण कार्य शामिल है। जैन बताया कि इसी प्रकार जल योजना देवली के अमृत 2.0 के अंतर्गत प्रस्तावित योजना में कुल राशि 497.94 करोड़ है। इसके तहत देवपुरा ओपन वेल से पटेल नगर फिल्टर प्लांट तक मुख्य संचरण पाइपलाइन बिछाने का कार्य, देवपुरा में जैक्केल की सफाई, पटेल नगर में फिल्टर प्लांट के सुदृढ़ीकरण का कार्य, कीर मोहल्ला और गाड़िया लुहार बस्ती में पाइप लगाने का कार्य, पुराने कनेक्शन बदलने एवं 5 वर्ष का संचालन संधारण का कार्य शामिल है। लेकिन विभागीय अधिकारियों की स्वस्थ कार्यशैली के कारण राज्य सरकार के द्वारा पारित की गई उक्त योजना का लाभ नियमित समय रहते नहीं मिल पा रहा है।

इस बैठक में शहर में बनी पानी की समस्या को लेकर शहर के कई पार्षद भी इस बात को लेकर भड़क उठे कि विभाग के अधिकारी जनता की समस्या पर ध्यान देने में लापरवाही बरत रहे हैं । बैठक में मौजूद मंडल सदस्यों ने जब शहर की जल समस्या पर संबंधित अधिकारियों से बात करते हुए उन्हें रूबरू जानकारी दी इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने शहर की उक्त समस्या को गंभीरता से नहीं लिया ।

इस पर पार्षद भीमराज जैन ने कहा कि जल्द ही इस समस्या का समाधान अगर नहीं हुआ तो उन्हें मजबूरन आंदोलन पर बैठना पड़ेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन जनदायक विभाग की होगी।

# राजकीय अस्पताल में पर्ची की लाइन मे लगे अधेड़ की जेब से जेबकतरो ने 2170 रुपये किए पार

बढ़ता राजस्थान



**हिंडौन सिटी( अंशु गुप्ता )।** राजकीय जिला अस्पताल मे पुलिस चौकी होने के बाद भी जेबकतरी की घटनाओं बढ़ने लगी, कांऊटर से पर्ची लेते समय एक अधेड की 2170रुपये की जेब साफ कर दी।किशन नगर के.पीडित भरत लाल जांगिड़ ने बताया कि वुधवार को मरीज का उपचार कराने के लिये कांऊटर से लाइन में लगकर उपचार पर्ची ले रहा था।अज्ञात जेबकतरे ने उसकी जेब काटकर 2170 रूपये पार कर लिये।ज्ञात रहे अस्पताल में आये दिन मरीजों के परिजनों से जेबकतरी की घटनाएं बढ़ रही हैं।

# आवारा गौवंश की समस्या से स्थानीय लोग परेशान, किया प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी( अंशु गुप्ता )।** मोहन नगर रूप कॉलोनी व श्री श्याम मंदिर धाम के मार्ग पर आवारा गौवंश की समस्या से स्थानीय लोग परेशान हैं। बुधवार को रूप कॉलोनी के निवासियों ने इस समस्या को लेकर प्रदर्शन किया।स्थानीय निवासी भरत गुप्ता और शुभम मंगल ने बताया कि इस क्षेत्र में बड़ी संख्या में आवारा गौवंश जमा रहते हैं। इससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। मंदिर और स्कूल जाने वाले लोगों को गौवंश के आपसी झगड़े के समय विशेष खतरा रहताहै प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि इन बेसहारा गौवंश को पकड़कर गौशाला में भेजा जाए। प्रदर्शन में लोकेश गर्ग, शुभम मंगल, भगवान गुप्ता, दीपक गर्ग, कुक्कू, भरतलाल सहित कई वार्डवासी शामिल हुए।

## मुमुक्ष दीपिका बहन अब होंगी पूज्य साध्वी चिदानंदनिधि श्री जी महाराज

# जैन श्वेतांबर पल्लीवाल संघ हिण्डौन सिटी की मुमुक्ष दीपिका बहन ने चैन्नई में की दीक्षा ग्रहण

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी( अंशु गुप्ता )।** शहर की दीपिका जैन ने चैन्नई में विराजमान पूज्य पंन्यास प्रवर श्री धैर्यसुंदर विजय जी, निर्मोह सुंदर विजय जी और पूज्य साध्वी धैर्यनिधि श्री जी महाराज साहब की निश्री में दीक्षा ग्रहण की ।चैन्नई में 12 मई से 14 मई तक तीन दिवसीय संयम महोत्सव के दौरान विभिन्न आयोजन हुए। जिसमें वस्त्र रंगोत्सव, शक्रस्तव अभिषेक पूजा, वरघोड़ा, अंतिम बायणा और विदाई के भव्य आयोजन हुए।

14 मई को शुभ मुहूर्त सुबह 6.30 बजे दीक्षा ग्रहण करने की विधिवत प्रक्रिया प्रारंभ हुई।

सर्वप्रथम दीक्षार्थी वीर परिवार मनीष जैन और भूमि जैन द्वारा रजोहरण प्रदान किया जिसे पूज्य आचार्य भगवंत के हाथों से मुमुक्षु दीपिका बहन ग्रहण किया और चौमुखी समवसरण के समक्ष भाव विभोर होकर नृत्य किया। इसके बाद मुमुक्षु दीपिका जैन का केश लोचन हुआ और फिर अंतिम स्नान करके साधु वेश धारण किया।

संपूर्ण दीक्षा विधि सम्पन्न होने के बाद नूतन दीक्षित साध्वी का नवीन नामकरण का उच्चारण उनके सांसारिक भाई मनीष जैन द्वारा पूज्य साध्वी चिदानंदनिधि श्री जी महाराज साहब का विधिवत उच्चारण किया गया।



# पक्षियों के लिए परिंडे लगाकर गर्मी से बचाने का प्रयास



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** उपजिला अस्पताल परिसर में बुधवार को माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति पावटा द्वारा चलाए जा रहे अभियान परिंडा लगाओ, परिंदा बचाओ के तहत एक अनोखा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए, ताकि भीषण गर्मी में उन्हें पानी मिल सके और उनकी जान बचाई जा सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीएमओं डॉ. देवेन्द्र शर्मा ने कहा कि इस तरह के अभियान समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें प्रकृति और जीव-जन्तुओं की रक्षा करने का प्रयास करना चाहिए। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. संतोष कुमार वर्मा ने भी इस अभियान की सराहना की और कहा कि यह हमारे समाज के लिए एक अच्छा संदेश है। एनजीओ अध्यक्ष मोहन लाल सैनी ने बताया कि उनका उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस अभियान से जुड़ें और पक्षियों की मदद करें।

उन्होंने सभी से अपील की कि वे अपने आसपास परिंडे लगाकर पक्षियों की मदद करें। एनजीओं सदस्यों ने बताया कि यह अभियान क्षेत्र के भामाशाओं एवं दानदाताओं के जनसहयोग से निरन्तर संचालित है। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और उन्होंने भी परिंडे लगाने में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम में डॉ. अशोक जाट, डॉ. अनिता शर्मा, पण्डित द्वारकेश मिश्र, सेवानिवृत्त कम्पाउडर कैलाश चंद, फौजी जगदीश सैन, बनवारी लाल स्वामी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य हरिद्वारी स्वामी, सुनील वाल्मिकी, रघुवीर वर्मा, राकेश मीणा, अनीता यादव, सुनीता, सुभाष छिपी समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# भामाशाह जगदीश मीणा ने बागावास 84 स्टैंड पर लगवाया वाटर कूलर

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** क्षेत्र के प्रसिद्ध भामाशाह जगदीश मीणा ने एक बार फिर से अपने और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। जगदीश मीणा ने त्रिवेणी धर्मशाला के बाद बागावास 84 स्टैंड पर एक और वाटर कूलर लगवाकर क्षेत्रवासियों को गर्मी से राहत प्रदान की है। सेठ जी के नाम से जाने जाने वाले भामाशाह जगदीश मीणा हमेशा से ही सर्व समाज के लिए योगदान देते आ रहे हैं। इससे पहले उन्होंने प्रजापति, मीणा और धानका समाज की बेटियों के विवाह में लाखों रुपए खर्च किए थे। साथ ही थानागाजी सामूहिक विवाह में भी उन्होंने 100 नवविवाहिताओं को जरी के वेश देकर सम्मानित किया था। भामाशाह जगदीश मीणा समय-समय पर छात्रावास और स्कूलों के लिए भी दान देते रहते हैं। उनका मुख्य उद्देश्य सर्व समाज को साथ लेकर चलना और समाज को मजबूती प्रदान करना है। इस मौके पर उपस्थित लोगों में राकेश मीणा, रोहतास कड़वा, गोकुल महाराज, विनोद मीणा, महेंद्र कुमार, मनोज मीणा,



विष्णु गुरू जी आदि ने भामाशाह जगदीश मीणा की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# उदयपुर में आयोजित आईएसकेयू नेशनल कराटे कप 2025 में राजस्थान बनी चौंपियन टीम




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** उदयपुर के अटल बिहारी वाजपेयी इंडोर स्टेडियम में आयोजित आईएसकेयू नेशनल कराते कप 2025 में देशभर के कराते खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता का आयोजन इंटरनेशनल शोतोकान कराते यूनाइटेड राजस्थान द्वारा किया गया, जिसमें देशभर से 350 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आईएसकेयू नेशनल चीफ शिहान मोहम्मद तारीख, उदयपुर जिला अध्यक्ष बीजेपी गजराज सिंह राठौड़,मो.सु.वि.वि. के स्पोर्ट्स बोर्ड के सचिव भीमराज पटेल, गुरुनानक स्कूल सेक्टर-4 की प्रिंसिपल श्रीमती विभा व्यास, तथा पाइन वर्ल्ड स्कूल के डायरेक्टर अमृतरंजन पांडे मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने कराते के बढ़ते महत्व और युवाओं में खेल भावना को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।

आईएसकेयू राजस्थान के चीफ सेंसई प्रफुल सांवरिया ने बताया कि राजस्थान की टीम के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चौंपियन का खिताब अपने नाम किया, जबकि आसाम और गुजरात की टीमों ने क्रमशः पहला और दूसरा रनर-अप स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उदयपुर की टीम को बेस्ट टीम के खिताब से नवाजा गया। इस आयोजन ने ना सिर्फ खिलाड़ियों को मंच प्रदान किया बल्कि कराते को राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी साबित हुआ।

# नीरजा मोदी में होनहार विद्यार्थियों का हुआ सम्मान’

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सोजतिया द्वारा संचालित नीरजा मोदी स्कूल में सीबीएसई द्वारा आयोजित 10वीं व 12वीं परीक्षा के प्रथम बैच के परिणाम में बाजी मारने वाले होनहार विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में संस्था के चेयरमेन डॉ. महेंद्र सोजतिया ने सभी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट परिणाम के लिए साफा, शाल, माला, उपरना ,मेमेंटो व नकद राशि से सम्मानित किया। कार्यक्रम में चेयरमेन डॉ. महेंद्र सोजतिया व निर्देशिका साक्षी सोजतिया ने उत्कृष्ट परिणाम देने वाले सभी शिक्षकों व अभिभावकों का भी बहुमान किया। समारोह में सम्मानित होने पर सभी विद्यार्थी बहुत ही प्रफुल्लित हुए तथा अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने स्कूल, सभी शिक्षक व माता-पिता को दिया तथा अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि नीरजा मोदी स्कूल का शैक्षणिक वातावरण बहुत ही उन्नत है तथा विद्यार्थियों के उद्देश्य प्राप्ति हेतु यहां का प्रबंधन सदैव तत्पर रहता है। समारोह में कक्षा 12वीं में 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले स्कूल टॉपर नव्य शर्मा, साथ ही लक्षिता ईनाणी जिन्होंने 91 प्रतिशत अंक व दिया रांका को 90 प्रतिशत अंक, प्रज्ञा वाघेला को अंग्रेजी में 97 व मेहुल माली को साइकोलॉजी में 99 अंक प्राप्त करने पर सम्मानित किया। इसी प्रकार कक्षा दसवीं में तनिष्का ताहपुरिया ने 92.4 प्रतिशत व शैली मौर्य ने 92 प्रतिशत प्राप्त करने पर सम्मानित किया । कार्यक्रम में विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्था के चेयरपर्सन डॉ. महेंद्र सोजतिया ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा कहा कि कठोर परिश्रम ही सफलता की कुंजी है।

निर्देशिका साक्षी सोजतिया ने मीडिया से मुखातिब होते हुए बताया कि इस परिणाम मे कक्षा 12वीं के नव्य शर्मा ने अंग्रेजी में 99, हिस्ट्री में 96, पॉलिटिकल साइंस में 98, साइकोलॉजी में 98, फिजिकल एजुकेशन में 95 अंक प्राप्त किये। इसी प्रकार प्रज्ञा वाघेला ने अंग्रेजी में 97 व मेहुल माली ने साइकोलॉजी में 99 अंक प्राप्त किये ।


कक्षा दसवीं की तनिष्का ताहपुरिया ने साइंस में 96 सोशल साइंस में 99 अंक व शैली मौर्य ने आईटी में 95 अंक प्राप्त कर विषयों पर अपनी दक्षता प्रमाणित की है।

# डी. पी. एस., उदयपुर की ज़ाहरा अटारी 99.4ः से पूरे उदयपुर संभाग में प्रथम

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** हर वर्ष की तरह इस बार भी डी.पी.एस. उदयपुर ने सी.बी.एस.ई. परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ परिणाम दिया। कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में राज्य स्तर पर 99.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर ज़ारा अटारी ने पुरे उदयपुर संभाग में प्रथम स्थान तथा सम्पूर्ण राजस्थान में द्वितीय स्थान प्राप्त किया एवं कक्षा बारहवीं की अवनी दुग्गड़ ने 99ः प्राप्त कर उदयपुर संभाग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया व पुनः एक बार विद्यालय का गौरव राज्य स्तर पर स्थापित किया।

इसी क्रम में कक्षा बारहवीं में कला संकाय में नतान्या प्रभाकर (97ः), अदिति कुमार (96.8ः),रिया यादव (96.2ः), तथा विज्ञान संकाय में अथर्व व्यास (96.8ः), झेलम मुखर्जी (96.2ः),कुंज हरयानी (95.6ः), वाणिज्य संकाय में कृषि चौधरी (98.2ः), रुद्र सुराणा (97.4ः), अदिति माहेश्वरी (96.8ः) अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठ परिणाम दिया। कक्षा दसवीं में 97.8= प्रतिशत अंकों से आरव शर्मा, 97.6= अंकों से दिविशा गुप्ता हृदय दक तथा प्रतिष्ठा खण्डेलवाल (97.4ः) तथा मान्यता कुमावत ने 97ः अंक हासिल किए।




विद्यालय की दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड परीक्षा में सभी छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए दसवी बोर्ड परीक्षा में 66 विद्यार्थियों ने तथा कक्षा बारहवीं के 37 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कक्षा बारहवीं में 43 छात्रों ने एवं कक्षा दसवीं में 23 छात्रों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर एक विशिष्ट उपलब्धि हासिल की है। प्रो वाइस चेयरमैन गोविन्द अग्रवाल ने कहा कि योग्य शिक्षकों व विद्यार्थियों के अथक परिश्रम व श्रेष्ठ अध्यापन शैली के परिणाम-स्वरूप शुरू से ही पूरे राजस्थान में प्रतिवर्ष सर्वश्रेष्ठ परिणाम हासिल करता रहा है।

# डॉ.रामकुमार को मिली पीएचडी मानद उपाधि

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** तुलसीपुरा ( पावटा) निवासी सहायकआचार्य डॉ.राम कुमार चौधरी को माननीय राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे की गरिमामयी अध्यक्षता में संपन्न राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर के पांचवें दीक्षांत समारोह में पीएच.डी की उपाधि प्रदान की गई।

इन्होंने राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय,अलवर के इतिहास विभाग से राजस्थान के प्रजामण्डल आंदोलन में महिलाओं की भूमिका विषय पर आचार्य डॉ. बाबूलाल खटीक के निर्देशन में शोध कार्य पूर्ण किया।

# जयपुर पुलिस कमिश्नर ने हैंडहेल्ड स्पीड लेजर गन युक्त चार मोटरसाइकिल को दिखाई हरी झंडी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बुधवार को यातायात पुलिसकर्मियों को धूप से आंखों के बचाव के लिए सन-ग्लासेज वितरित किये गये एवं साथ ही निर्धारित गति से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध ऑनलाईन कार्यवाही के लिए हैंडहेल्ड स्पीड लेजर गन युक्त चार मोटरसाइकिल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि किसी भी शहर में जाते हैं तो पुलिस का चेहरा सर्वप्रथम ट्रैफिक पुलिस कर्मी के रूप में नजर आता है और आज आपका चेहरा और स्मार्ट बनाया गया है। जयपुर यातायात पुलिस को स्मार्ट बनाया गया है। जिससे आपको धूप में ट्रैफिक रेगुलेट करने में और सुविधाजनक होगा। उन्होने कहा कि यातायात पुलिस का ध्येय केवल यातायात को सुगम एवं सरल बनाना होना चाहिए। पिछले कुछ समय में जयपुर शहर में अमेरिका के उपराष्ट्रपति सहित कई वीआईपी विजिट के दौरान ट्रैफिक पुलिस के बंदोबस्त की सराहना की गई एवं हाल ही में विद्याधर नगर में आयोजित बड़ी कथा की सफलता ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की मेहनत एवं लगन रही है। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने यातायात पुलिसकर्मियों को धूप से आंखों के बचाव के लिए सन-ग्लासेज वितरित किये गये एवं निर्धारित गति से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध ऑनलाईन कार्यवाही के लिए हैंडहेल्ड स्पीड लेजर गन युक्त चार मोटरसाइकिल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात पुलिस को पेट्रोलिंग के लिए पांच हॉवरबोर्ड स्कूटर उपलब्ध कराये गये इनके द्वारा शहर के मॉल्स, मुख्य मार्गो पर यातायात संचालन में सुविधा होगी। आमजन को सुगम एवं सुरक्षित यातायात उपलब्ध कराने के लिए शहर के चौराहों,तिराहो पर तैनात यातायात कर्मियों को कड़ी धूप एवं हीटवेव के दौरान आँखों की सुरक्षा के लिए सन-ग्लासेज एवं होमगार्ड हेतु रात्रि में यातायात संचालन के दौरान सुरक्षा हेतु रिफ्लेक्टिव जॉकिट वितरित किये गये। पंजाब नेशनल बैंक के प्रतिनिधियों द्वारा स्वप्रेरणा से सीएसआर एक्टिविटी के तहत यातायात पुलिस जयपुर को सन-ग्लासेज, आईरन बैरीकेड्स उपलब्ध कराये गये है। शहर के चौराहों,तिराहो मुख्य मार्गो पर अस्थायी आईरन बेरिकेड्स लगाये जाकर यातायात व्यवस्थित किया जाता है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था डा. रामेश्वर सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त यातायात एवं प्रशासन योगेश दाधीच, पुलिस उपायुक्त यातायात शहीन सी,अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेन्द्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रानू शर्मा सहित पंजाब नेशनल बैंक के जीजेडएम प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, एजीएम भूपेश ओला, डिफेन्स एडवाईजर सुधांशु शर्मा एवं डॉ मुकेश कुमार वर्मा उपस्थित थे।

## गुरुवार को आयोजित होगा जिलास्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम

### कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगा कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए 15 मई, 2025 (गुरुवार) को जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित होगा। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि एवं समस्त संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे। जिलास्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य सचिव या प्रभारी सचिव भी जुड़ेंगे। जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से हिस्सा लेंगे। इस दौरान जिले के सभी विभागों के अधिकारी जनसुनवाई में भाग लेकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करेंगे।

## एक परिंडा माँ के नाम सेवा सप्ताह अभियान में लगाए बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस के उपलक्ष्य में सेवा सप्ताह स्वरूप सेल्फी विद परिंडा और एक परिंडा माँ के नाम अभियान का जनाना अस्पताल में किया गया। इस कार्यक्रम के तहत एसएमएस मेडिकल कॉलेज सलंग्न सभी अस्पतालों में सेवा सप्ताह जारी रहा। जनाना,गणगौरी, जयपुरिया,महिला,जे के लोन अस्पताल सहित सभी अस्पतालों में नर्सेज द्वारा बेजुबान पक्षियों के लिए परिंडे लगाए गए। नर्सेज और मातृत्व दिवस पर विशेष रूप से महिला मरीजों और उनके परिजनों से परिंडे लगाए गए। आरएनए कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष रमेश सैनी ने बताया की प्रदेशभर में नर्सेज अपने कार्यस्थल अस्पतालों में परिंडे लगाकर बेजुबानों का सहारा बनकर प्रतिवर्ष की भांति मातृत्व और नर्सेज दिवस मनाती आ रही है। कार्यक्रम संयोजक अभिषेक शर्मा ने कहा की डब्ल्यूएचओ ने इस वर्ष नर्सेज डे की थीम हमारी नर्से, हमारा भविष्य; नर्सो की देखभाल से अर्थव्यवस्था मजबूत होती है रखी है। इस मौके पर उप अधीक्षक डॉ. शिव सिंह बराला,कार्यवाहक नर्सिंग अधीक्षक गोपाल कृष्ण टेलर, महावीर प्रसाद शर्मा,देवेंद्र पंत,कमलेश शर्मा,अनीता सोनी,उपेंद्र शर्मा,सीमा टेलर,अंजू शर्मा,संगीता चौधरी,ललित दीक्षित सहित कई नर्सिंग ऑफिसर्स उपस्थित रहें।

## जनसम्पर्क अधिकारी परीक्षा-2024 के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना - राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 17 मई, 2025 को किया जाएगा परीक्षा का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा दिनांक 17 मई, 2025 (शनिवार) को जनसम्पर्क अधिकारी परीक्षा-2024 (सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग) का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन प्रातः 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक किया जाएगा। जयपुर में परीक्षा के लिए 75 केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें 19 हजार 318 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर (जयपुर शहर-पूर्व) गोपाल सिंह शेखावत ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलक्ट्रेट के कमरा नम्बर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जिसका संचालन 15 मई, 2025 से 17 मई 2025 तक किया जाएगा। नियंत्रण कक्ष 15 मई एवं 16 मई 2025 तक प्रातः 9:30 बजे से सांय 6 बजे तक कार्य करेगा। वहीं, 17 मई को प्रातः 9 बजे से परीक्षा समाप्ति उपरान्त नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा।

# छात्रा दीपशिखा प्रसाद ने किए सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा में 99.6 प्रतिशत अंक प्राप्त

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर की छात्रा दीपशिखा प्रसाद ने सीबीएसई कक्षा 12वीं परीक्षा 2025 में 99.6 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। नीरजा मोदी स्कूल की पीसीबी स्ट्रीम की छात्रा दीपशिखा अपनी इस अकादमिक सफलता का श्रेय आत्म-अनुशासन, मजबूत सपोर्ट सिस्टम और रणनीतिक तैयारी को देती हैं। अपनी तैयारी के बारे में बात करते हुए दीपशिखा ने कहा कि 卐उसने कभी फिक्स टाइम टेबल नहीं बनाया क्योंकि वह उसे फॉलो नहीं कर पाती थी। इसके बजाय वह हर दिन टु-डू लिस्ट बनाती थी जिसमें लक्ष्य और समय सीमा स्पष्ट होते थे। उसका लक्ष्य होता था कि उस लिस्ट को हर दिन पूरा करे।卐 उन्होंने बताया कि उनकी रणनीति अधिक से अधिक प्रश्नों का अभ्यास करने और खासकर बायोलॉजी जैसे विषयों में कॉन्सेप्ट को समझने पर केंद्रित थी। 卐बचपन से ही वह यह जानने को लेकर उत्सुक रहती थी कि जीवित चीजें कैसे काम करती हैं, हम कैसे बोलते हैं, चलते हैं और शरीर कैसे कार्य करता है। बायोलॉजी ने इन सवालों के जवाब दिए, इसलिए मुझे यह विषय बहुत पसंद है।

अपनी यात्रा में आए भावनात्मक उतार-चढ़ाव के बावजूद दीपशिखा अपनी हिम्मत का श्रेय अपने माता-पिता,पीडब्ल्यू और नीरजा मोदी स्कूल के शिक्षकों तथा करीबी दोस्तों से मिले निरंतर सहयोग को देती हैं। 卐जब भी उसे हार मानने का मन होता था, तब उसके पास ऐसे लोग थे जो उसे याद दिलाते थे कि वह यह कर सकती है। उनकी मां उसे गले लगाकर कहती थीं,'तुम फेल नहीं हुई हो और तुम फेल नहीं होओगी।' यही बात मुझे आगे बढ़ने की ताकत देती थी।卐 दीपशिखा ने नीट की परीक्षा दे दी है और अब उनका सपना है कि वह किसी सरकारी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस में प्रवेश लें।

# सक्षम जयपुर अभियान के तहत जागरुकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

- जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर आयोजित हो रहे कार्यक्रम
- श्री भवानी निकेतन शिक्षण संस्थान में नागरिक सुरक्षा विभाग ने किया आयोजन
- सैकड़ों एनसीसी कैडेट्स को दिया गया आपात स्थिति से निपटने का प्रशिक्षण



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** नियंत्रक आपदा प्रबंधन एवं जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर सक्षम जयपुर अभियान के तहत जिले में नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को सीकर रोड स्थिति श्री भवानी निकेतन शिक्षण संस्थान में आपदा प्रबंधन जन जागरुकता कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा विभाग के अनुदेशकों ने सैकड़ों एनसीसी कैडेट्स को आपातकालीन परिस्थितियों के दौरान बचाव एवं उपायों की जानकारी एवं प्रशिक्षण प्रदान किया।

उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा श्री अमित शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण एवं युद्ध काल के दौरान बचाव के तरीकों से रूबरू करवाया गया। साथ ही ब्लैकआउट के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारियां दी गई। इस दौरान आपातकालीन बचाव पद्धतियों, सीपीआर,बेसिक फायर एवं फायर एक्सटिंग्विशर संचालन अभ्यास भी करवाया गया। उन्होंने बताया कि जयपुर सक्षम अभियान के तहत नागरिक सुरक्षा विभाग के तत्वावधान में जिले के अलग-अलग स्थानों पर प्रतिदिन नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आमजन को हर आपात परिस्थिति में स्वयं एवं अन्य लोगों के बचाव के लिए बुनियादी प्रशिक्षण दिया जा रहा है साथ ही आपात स्थिति में क्या करें क्या ना करें गाइडलाइन की भी जानकारी प्रदान की जा रही है।

## श्रेया ने अर्जित किये 95.8 प्रतिशत अंक



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सीए देवेंद्र सोमानी की पुत्री श्रेया माहेश्वरी ने आज जारी हुए परीक्षा परिणाम में 95.8 प्रतिशत प्राप्त किए। सेंट मेरी कान्वेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल, तितरडी उदयपुर की कक्षा 10 की छात्रा श्रेया ने इसका श्रेय अपनी माता रेखा सोमानी को दिया है। वह भी अपनी मम्मी की तरह सीए बनना चाहती है।

# नीट परीक्षार्थियों के लिए लॉन्च किया एआई आधारित टूल कॉन्सेप्ट कुंडली

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर ( का.स. )।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने कॉन्सेप्ट कुंडली नामक एआई-संचालित टूल लॉन्च किया है। यह नवाचार आकाश एआई- लैब की पहल है। जिसे विशेष रूप से नीट अभ्यर्थियों की तैयारी को अधिक प्रभावी, स्मार्ट और तीव्र बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के एमडी व सीईओ दीपक मेहरोत्रा ने बताया कि कॉन्सेप्ट कुंडली को परीक्षा की तैयारी से जुड़ी अनिश्चितताओं और अटकलों को दूर करने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। यह टूल छात्रों के प्रदर्शन का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करता है तथा प्राप्त आंकड़ों के आधार पर एक व्यावहारिक और लक्षित अध्ययन योजना तैयार करता है, जिससे अभ्यर्थी अपनी कमजोरियों पर प्रभावी ढंग से काम कर सके। यह टूल अध्याय-वार और विभिन्न प्रकार के प्रश्नों के आधार पर छात्रों के प्रदर्शन का सूक्ष्म विश्लेषण करता है। साथ ही, यह प्रत्येक विद्यार्थी की विशिष्ट ताकतों और कमजोरियों को उजागर कर उन्हें केंद्रित प्रयास की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करता है। यह टूल उच्च-वेटेज वाले अध्यायों और प्रमुख विषयों को प्राथमिकता देता है, जिससे छात्रों को न केवल स्पष्ट अध्ययन लक्ष्य निर्धारित करने में मदद मिलती है, बल्कि वे कम समय में अधिक प्रभावी प्रगति भी कर पाते हैं। यह टूल अधिकतम स्कोर प्रभाव के लिए दैनिक कार्यों की सिफारिश करता है और छात्रों को प्रभावी अभ्यास के लिए मार्गदर्शन प्रदान करता है।

एमडी व सीईओ दीपक मेहरोत्रा ने कहा, नीट की तैयारी अब केवल सिलेबस को कवर करने का विषय नहीं रह गई है, बल्कि यह अपने समय का सही तरीके से उपयोग करने की कला बन गई है।

कॉन्सेप्ट कुंडली छात्रों को यह स्पष्ट दृष्टिकोण प्रदान करती है कि वे अपनी वर्तमान स्थिति में कहाँ खड़े हैं,उन्हें किन क्षेत्रों पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है, और बिना किसी प्रयास के बादी के, कैसे वह लक्ष्य तक पहुँच सकते हैं।

यह सिर्फ अधिक काम करने के बारे में नहीं है; यह उन कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने के बारे में है जो सबसे अधिक मायने रखते हैं। यह एक ऐसा उपकरण है, जो उस समय में फोकस, संरचना और स्पष्टता लाता है, जब इसकी सबसे अधिक आवश्यकता होती है।

## मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रतिभावान बेटियों से किया स्नेहपूर्ण संवाद

### बेटियों का उत्साहवर्धन कर उज्ज्वल भविष्य के लिए दी शुभकामनाएं



**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में उदयपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत प्रतिभावान बालिकाओं ने मुलाकात की। श्री शर्मा ने कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करने वाली बेटियों से स्नेहपूर्ण संवाद कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। शर्मा ने कहा कि बेटियां हमारा गर्व और अभिमान है। हमारी सरकार प्रदेश की प्रत्येक बालिका के शैक्षिक विकास, सामाजिक सशक्तीकरण, आर्थिक स्वावलंबन एवं सर्वांगीण उन्नति के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार बेटियों की प्रतिभा को तलाशने और तराशने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। बेटियों को आगे बढ़ने के पूरे अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उदयपुर ग्रामीण विधायक श्री फूल सिंह मीणा उपस्थित रहे। श्री मीणा ने मुख्यमंत्री से अपने ग्रामीण अंचल की प्रतिभावान बेटियों का परिचय कराते हुए उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने बताया कि अपनी विषम परिस्थितियों में भी अंचल की बेटियों ने दृढ़ इच्छाशक्ति से परीक्षाओं में सफलता हासिल की है।


**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT KUSHALPURA P. S. PIPRALI (SIKAR)**

No:Epro./39 Date: 13.05.2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for Rate Contract for Supply of Construction Material for MGNREGA and other schemes in Gram Panchayat KUSHALPURA for the year 2025-26 are invited from interested bidders upto 26.05.2025 time 06.00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in or https://eproc.rajasthan.gov.in) of the state.

NIB PIV2526A0033
UBN: PIV2526GLRC00034

Sarpanch Gram Panchayat Kushalpura P. S.Piprali (Sikar) | Village Development Officer, Gram Panchayat Kushalpura P. S.Piprali (Sikar)

**GRAM PANCHAYAT SINGHASAN PANCHAYAT SAMITI PIPRALI (SIKAR)**

No:Epro./48 Date: 12.05.2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for Rate Contract for Supply of Construction Material for MGNREGA and other schemes in Gram Panchayat Singhasan for the year 2025-26 are invited from interested bidders upto 22.05.2025 time 6 PM. Other particulars of the bid the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in may be visited on https://eproc.rajasthan.gov.in) of the state.

NIB : PIV2526A0030
UBN: PIV2526GLRC00031

Sarpanch Gram Panchayat SINGHASAN P. S.Piprali (Sikar) | Village Development Officer, Gram Panchayat SINGHASAN P. S.Piprali (Sikar)

**GRAM PANCHAYAT RAGHUNATHGARH PANCHAYAT SAMITI PIPRALI (SIKAR)**

No:Epro./117 Date: 12.05.2025

**Notice Inviting Bid**

Bids for Rate Contract for Supply of Construction Material for MGNREGA and other schemes in Gram Panchayat Raghunathgarh for the year 2025-26 are invited from interested bidders upto 22.05.2025 time 6 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in or https://eproc.rajasthan.gov.in) of the state.

NIB: PIV2526A0029
UBN: PIV2526GLRC00030

Sarpanch Gram Panchayat Raghunathgarh P. S.Piprali (Sikar) | Village Development Officer, Gram Panchayat Raghunathgarh Pan. S.Piprali (Sikar)

## सम्पादकीय

# ‘आपरेशन सिंदूर’ से साफ संदेश, आतंकवाद पर वार नहीं रुका है, सिर्फ बदली है रणनीति

**प्रधानमंत्री ने प्रकारांतर से पाकिस्तान और भारत के बीच के मसलों को सुलझाने के लिए मध्यस्थता के प्रस्ताव पर स्पष्ट कह दिया कि जब भी बात होगी तो पाक अधिकृत कश्मीर और आतंकवाद पर ही होगी। मगर पाकिस्तान ने उसके जवाब में भारतीय सीमा के नागरिक ठिकानों पर गोलाबारी शुरू कर दी थी, जिसका जवाब देना जरूरी हो गया था।**

भारत-पाक संघर्ष विराम के बाद प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति में कोई बदलाव नहीं आया है। आतंकवाद और बातचीत या व्यापार साथ-साथ नहीं चल सकते। सैन्य संघर्ष फिलहाल स्थगित किया गया है, वह समाप्त नहीं हुआ है। आपरेशन सिंदूर अब भारत की नई नीति है। इससे पहले तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने संयुक्त रूप से बयान जारी किया था कि संघर्ष विराम अस्थायी है, सेना नए अभियान के लिए तैयार है। फिर राष्ट्र के नाम संबोधन के अगले दिन प्रधानमंत्री आदमपुर वायुसेना अड्डे पर सैनिकों से मिलने गए और वहां भी यही संकेत दिया कि आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति यथावत है। इस तरह अचानक किए गए संघर्ष विराम के फैसले को लेकर पिछले दो-तीन दिनों से जो अटकलें लगाई और सवाल उठाए जा रहे थे, उन पर विराम लग जाना चाहिए। सेना बार-बार कहती रही है कि उसका सैन्य अभियान आतंकवाद के खिलाफ था। अब भी प्रधानमंत्री ने वही बात दोहराई है कि आतंकवाद को नेस्तनाबूद करना ही हमारा असल मकसद है। ऐसे में स्थिति लगातार संघर्ष के बढ़ते जाने की बन गई थी। संघर्ष किस हद तक पहुंच जाता, कहना मुश्किल है। इसलिए सैन्य संघर्ष पर विराम और आतंकवाद के खिलाफ नई रणनीति बनाना जरूरी था। भारत शुरू से कहता रहा है कि युद्ध किसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। फिर, उसका जोर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और दुनिया की शीर्ष शक्तिशाली अर्थव्यवस्थाओं में शुमार होने पर है। ऐसे में पाकिस्तान के साथ लंबे समय तक सैन्य संघर्ष में उलझे रहना कोई समझदारी की बात नहीं होती। फिर, जिस तरह के वैश्विक समीकरण बने हैं, उसमें यह संघर्ष केवल दो देशों तक सीमित रह पाता, यह कहना भी मुश्किल था। इसके अलावा, दुश्मन देश के साथ तनाव के वातावरण में अगर कोई राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश कर रहा हो तो उसे ठीक नहीं कहा जा सकता।

संघर्ष विराम के बाद भी सीमा पर पाकिस्तानी सेना की तरफ से गोलीबारी थमी नहीं है। सेना ने आशंका जाहिर की है कि ऐसा वह आतंकवादियों की घुसपैठ कराने और हमारी चौकियों पर कब्जा करने की मंशा से कर रही होगी। शोपियां में तीन आतंकवादियों के मार गिराने की घटना भी संघर्ष विराम के बाद की है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान पर किसी भी तरह विश्वास नहीं किया जा सकता। इस सैन्य संघर्ष के समय यह एक बार फिर उजागर हो गया कि पाकिस्तानी सेना का आतंकी संगठनों के साथ गहरे रिश्ते हैं। ऐसे में, अगर भारतीय सेना ने नई रणनीति के लिए कुछ समय का विराम लिया है, तो इसे अनुचित नहीं कहा जा सकता।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 15 मई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1995 – एलीसन गारग्रीब्स बिना आक्सीजन सिलीडंर के एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचने वाली पहली महिला बनीं।
- 1999 – कुवैती सरकार द्वारा महिलाओं को संसदीय चुनावों में मताधिकार का हक प्रदत्त।
- 2001 – इटली में दक्षिणपंथी गठबंधन को बहुमत।
- 2002 – संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इराक पर प्रतिबंधों का अनुमोदन किया।
- 2003 – इराक युद्ध में अमेरिकी सेनाओं के कमांडर टामी फ्रैंक्स के खिलाफ़ ब्रुसेल्स की अदालत में युद्ध सम्बन्धी मुकदमा दायर।
- 2005 – 20 साल के बाद कनाडा में भारत का विमान उतरा।
- 2008 – श्रीलंका सरकार ने आतंकवादी संगठन लिट्टे पर प्रतिबन्ध दो साल के लिए बढ़ाया। भारतीय मूल की मंजूला सूद ब्रिटेन में मेयर बनने वाली पहली एशियाई महिला बनीं।

### 15 मई को जन्मे व्यक्ति

- 1817 – देवेन्द्रनाथ ठाकुर, प्रख्यात विद्वान् और धार्मिक नेता
- 1897 – अल्लूरी सीताराम राजू – प्रसिद्ध दक्षिण भारतीय स्वतंत्रता सेनानी
- 1907 – क्रान्तिकारी सुखदेव – महान् क्रांतिकारी शहीद।
- 1923 – जॉनी वॉकर, भारतीय हास्य अभिनेता।
- 1933 – टी. एन. शेषन – भारत के भूतपूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त।
- 1965 – माधुरी दीक्षित नेने – बालीवुड अभिनेत्री।
- 1957 – सुशील चन्द्रा – भारत के 24वें मुख्य चुनाव आयुक्त हैं।
- 1991 – श्रीमती एडिथ क्रेसन फ्रांस की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं।
- 1926 – महेन्द्रनाथ मुल्ला – भारतीय नौसेना के जांबाज अफसरों में एक।
- 1892 – हरि विनायक पाटस्कर – भारतीय राजनीतिज्ञ तथा मध्य प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल।

### 15 मई को हुए निधन

- 1958 – यदुनाथ सरकार – प्रसिद्ध इतिहासकार।
- 1991 – कालिंदी चरण पाणिग्रही – प्रसिद्ध उड़िया कवि, उपन्यासकार, कहानीकार, नाटककार और निबंधकार थे।
- 1993 – के.एम. करिअप्पा – भारत के %प्रथम आर्मी कमाण्डर इन चीफ़।
- 1998 – राधिका रंजन गुप्ता – भारतीय राजनीतिक दल जनता पार्टी के राजनेता थे।
- 2010 – भैरोंसिंह शेखावत – राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री व भारत के उपराष्ट्रपति
- 2017 – सुब्रमण्यम रामास्वामी – भारतीय राज्य पुदुचेरी के भूतपूर्व चौथे मुख्यमंत्री थे।

### 15 मई के महत्त्वपूर्ण अवसर एवं उत्सव

- विश्व परिवार दिवस

## विशेष आलेख

# क्या पाकिस्तान में न्यूक्लियर लीक ही अमेरिका की चिंताजनक खुफिया जानकारी थी!



रामस्वरूप रावतसरे

**सरगोधा के मुशाफएयरबेस पर हमला जहाँ काफी बड़ी बात है, वहीं इससे अहम एक और घटना संभवतः इसी बीच घटी। विश्लेषकों के अनुसार भारतीय वायु सेना और सेना का हमला सिर्फनूर खान और बाकी 10 एयरबेस पर ही नहीं हुआ, बल्कि इसी के साथ पाकिस्तान की परमाणु हथियारों की स्टोरेज फैसिलिटी किराना हिल्स पर भी हमला किया गया था। किराना हिल्स सरगोधा जिले में ही स्थित है और मुशाफएयरबेस के पास मौजूद है। किराना हिल्स पहाड़ का नाम है। यह इलाका पूरी तरह से पाकिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने अपने कब्जे में ले रखा है। यहाँ पाकिस्तान ने पहाड़ के नीचे अपनी स्टोरेज फैसिलिटी बनाई हुई बताई जा रही है, इसमें हथियार रखे जाते हैं। यह भी सामने आया है कि यहाँ पाकिस्तान ने अपने परमाणु हथियार छुपाए हुए हैं। विश्लेषकों ने कई फुटेज और लोकेशन का विश्लेषण करके दावा किया है।**

7 मई, 2025 को भारत ने ‘ऑपरेशन सिंदूर’ चला कर पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर के 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया। इसके जवाब में पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की। जिसे भारत ने फेल कर दिया। शनिवार (10 मई, 2025) की सुबह पाकिस्तान ने एक मिसाइल भारत पर दागी। इसे सिरसा में मार गिराया गया। आशंका जताई गई कि यह पाकिस्तान की फतह-।। बैलिस्टिक मिसाइल थी। इसके जवाब में भारत ने पाकिस्तान के 11 एयरबेस उड़ा दिए। इनमें एयरबेस नूर खान और मुशाफ भी थे।

नूर खान एयरबेस पाकिस्तान के रावलपिंडी में है और राजधानी इस्लामाबाद से मात्र 10 किलोमीटर दूर स्थित है। यह एयरबेस पाकिस्तान के सबसे महत्वपूर्ण एयरबेस में से एक है। यहाँ पाकिस्तान के सी-130 कार्गो, आईएल-76 रिफ्युलर समेत कई महत्वपूर्ण विमान तैनात रहते हैं। जबकि मुशाफएयरबेस पाकिस्तान के सरगोधा में है। मुशाफएयरबेस से भारत सीमा से मात्र 150 किलोमीटर की दूरी पर है। इस एयरबेस पर पाकिस्तान के एफ-16, जेएफ-17 और मिराज समेत कई महत्वपूर्ण विमान तैनात रहते हैं।

यह भी बताया जा रहा हैं कि यहां स्थित कई विमानों को भारत के हमले ने नुकसान पहुँचाया है। इसकी तस्वीरें भी सामने आई है। सैटेलाईट से ली गई तस्वीरों में भी भारतीय हमले का असर साफ दिखा है। मुशाफ और नूर खान जैसे सैन्य ठिकानों पर हमला दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव में एक महत्वपूर्ण मोड़ था। क्योंकि नूर खान पाकिस्तान के परमाणु हथियारों का कमांड एंड कण्ट्रोल सिस्टम है। दूसरा किराना हिल्स था, जो कि सरगोधा के निकट ही मौजूद है, उसकी परमाणु स्टोरेज फैसिलिटी।

विश्लेषकों का दावा है कि यह इस फैसिलिटी पर भारत ने कोई ब्रह्मोस जैसी मिसाइल दागी है, जिसने बड़ा नुकसान यहाँ पहुँचाया है। यह भी दावा है कि यहाँ पर भारत ने एक से अधिक हमले एक साथ किए हैं, जिसके चलते इस फैसिलिटी को नुकसान पहुँचा है। विश्लेषकों के अनुसार, यह हमला भारत ने 10 मई को सिरसा पर मिसाइल छोड़े जाने के बाद भारत ने किया था। उनका दावा है कि लगातार हुए हमलों के चलते इस इन्फ्रा को नुकसान पहुँचा और इसके चलते अंदर रखे परमाणु हथियार भी डैमेज हुए बताए जा रहे है।

जानकारों की माने तो पाकिस्तान की इस किराना हिल्स फैसिलिटी पर भारत के हमले की थ्योरी को और भी बल कुछ और घटनाओं से मिला। 10 मई, 2025 को पाकिस्तान में दोपहर में ही रिक्टर स्केल पर 4.0 की तीव्रता का एक भूकंप आया। दरअसल, परमाणु हमलों के समय भी ऐसे ही भूकंप महसूस किए जाते हैं। विश्लेषकों ने दावा किया कि कहीं यह भूकंप परमाणु हथियारों के फटने के चलते तो नहीं आए। भारतीय हमले के अलावा यह भी एक आशंका जताई गई कि पाकिस्तान ने स्वयं ही यह धमाका किया हो ताकि इसका सन्देश जाए।

इसके बाद 11 मई, 2025 को एक और घटना घटी। इस दिन पाकिस्तान में एक अमेरिकी विमान का आना हुआ। यह बीचक्राफ्ट कम्पनी का एक विमान था। विश्लेषकों ने दावा किया कि यह विमान अमेरिका के एनर्जी विभाग का है। एनर्जी विभाग ही अमेरिका और उससे जुड़े देशों में परमाणु हथियारों की देखरेख करता है। विश्लेषकों का दावा है कि यह एयरक्राफ्ट पाकिस्तान में परमाणु हथियार फटने हुए रेडियो विकिरण को जाँचने आया था।

यह एयरक्राफ्ट इस्लामाबाद और आसपास के इलाकों में उड़ान भरता देखा गया। विश्लेषकों का कहना है कि किराना हिल्स से हुए विकिरण को जाँचने यह विमान हवा में चक्कर काट रहा था। हालाँकि, इसके उलट भी कुछ दावे हुए। बताया गया कि यह एयरक्राफ्ट 2010 में ही अमेरिकी एनर्जी विभाग से डीरजिस्टर हो चुका था और अब यह पाकिस्तान के लिए काम करता है। किसी भी पक्ष की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हो सकी।

भारत के पाकिस्तान के परमाणु हथियारों पर हमला करने और उसके बाद सीजफायर होने की थ्योरी को एक और घटना ने बल दिया है। फ्लाईट की आवाजाही पर नजर रखने वाले लोगों ने बताया कि मिश्र से 11 मई, 2025 को एक विमान पाकिस्तान पहुँचा। इसके एक दिन बाद एक और विमान मिश्र से पाकिस्तान आया था।

यह विमान मिश्र की एयरफोर्स के थे। इसके बाद लोगों के मन में प्रश्न उठे कि क्या पाकिस्तान के परमाणु हथियारों पर हमला हो गया है। इन विमानों के द्वारा बोरान लाए जाना बताया जा रहा है। विश्लेषकों के अनुसार बोरान का इस्तेमाल परमाणु हथियार फटने से हुए रेडियो विकिरण को कम करने में किया जाता है। ऐसे में संभवत पाकिस्तान मिश्र से बोरान ही मँगा रहा था। इस दावे को इस बात से बल मिला कि मिश्र बोरान का एक बड़ा उत्पादक है और यह मिश्र के नील नदी के डेल्टा में बड़ी मात्रा में उत्खनन होता है।

भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के बीच 10 मई, 2025 को ही शाम 5 बजे सीजफायर का ऐलान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने किया। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भी इसमें भूमिका बताई गई। यह बात जितनी महत्वपूर्ण थी, उससे महत्वपूर्ण थी कि यह क्यों हुआ। अमेरिकी मीडिया संस्थान सीएनएन ने एक रिपोर्ट में बताया कि जेडी वेंस ने दोनों देशों से बातचीत और शांति समझौते के लिए प्रयास का यह कदम एक चिंताजनक खुफिया जानकारी के बाद उठाया।

# काबिलियत और अंक- दोनों में फर्क समझें



प्रियंका सौरभ

**बच्चों की शिक्षा का विषय हमेशा से ही समाज का एक महत्वपूर्ण पहलू रहा है। माता-पिता और शिक्षक, दोनों ही बच्चों की सफलता के लिए चिंतित रहते हैं, लेकिन कई बार यह चिंता एक दबाव का रूप ले लेती है। विशेष रूप से अंक या ग्रेड के मामले में, यह दबाव बच्चों की मानसिक सेहत पर गहरा असर डाल सकता है। इस लेख में हम इस मुद्दे की जड़ तक जाने की कोशिश करेंगे कि कैसे अंक और काबिलियत की वास्तविक परिभाषा के बीच के अंतर को समझना और स्वीकारना आवश्यक है।**

अंक बनाम काबिलियत-एक बुनियादी भेद अक्सर माता-पिता अपने बच्चों से अपेक्षा करते हैं कि वे हर विषय में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करें। वे यह मानते हैं कि अच्छे अंक अच्छे भविष्य की गारंटी हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि अंक केवल एक व्यक्ति की किताबी जानकारी का प्रमाण होते हैं, न कि उसकी असल क्षमता का। उदाहरण के लिए, एक बच्चा जिसे कला, संगीत, खेल या तकनीकी कौशल में रुचि है, वह संभवतः गणित या विज्ञान में उतने अच्छे अंक न ला पाए, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह कम लायक है। काबिलियत का अर्थ केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि जीवन में समस्याओं को हल करने की क्षमता, नई चीजें सीखने का जज़्बा और परिस्थितियों के अनुरूप खुद को ढालने की क्षमता है। अंक प्रणाली का वास्तविक प्रभाव हमारे शिक्षा प्रणाली का ढांचा अभी भी पारंपरिक मानदंडों पर आधारित है, जहां अंकों को सफलता का एकमात्र पैमाना माना जाता है। इससे बच्चों में असुरक्षा और आत्म-संकोच की भावना विकसित होती है। कई बच्चे अपने माता-पिता की उम्मीदों पर खरे न उतर पाने के डर से मानसिक तनाव का सामना करते हैं। यह मानसिक दबाव उनकी आत्म-छवि और आत्मविश्वास को नुकसान पहुंचा सकता है। साथ ही, यह न केवल बच्चों की पढ़ाई पर बल्कि उनके सामाजिक संबंधों और मानसिक सेहत पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। बच्चों में आत्मनिर्भरता और आत्म-विश्वास की भावना तभी विकसित होती है जब उन्हें बिना भय और दबाव के सीखने का अवसर मिले। कैसे अंक प्रणाली बच्चों की रचनात्मकता को दबाती है अंक प्रणाली न केवल मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि बच्चों की रचनात्मकता और खोज की क्षमता को भी सीमित करती है। वे अपनी मौलिक सोच और रचनात्मकता को छोड़कर केवल अंकों की दौड़ में शामिल हो जाते हैं। यह समस्या केवल भारत में ही नहीं, बल्कि विश्वभर में देखी जा रही है, जहां छात्रों को एक निर्धारित पाठ्यक्रम में ढालने का प्रयास किया जाता है, बिना उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा को पहचानने की कोशिश किए। इसके परिणामस्वरूप, कई बच्चे अपनी वास्तविक क्षमता और रुचियों को पहचानने में विफल रहते हैं, जो कि उनके जीवन में दीर्घकालिक असंतोष का कारण बन सकता है। समाज का नज़रिया और दबाव -समाज का नज़रिया भी इस समस्या का एक बड़ा कारण है। अक्सर माता-पिता अपने बच्चों की तुलना अन्य बच्चों से करने लगते हैं। यह तुलना बच्चों में हीन भावना और जलन पैदा कर सकती है। साथ ही, यह उनके आत्मविश्वास को कमजोर कर देती है। बच्चों को यह महसूस होने लगता है कि उनकी पहचान केवल उनके अंकों से ही मापी जाती है, न कि उनके चरित्र, कौशल और मानवीय मूल्यों से। बच्चों का मानसिक विकास तभी संभव है जब उन्हें बिना किसी भय और दबाव के सीखने का अवसर मिले। परिवर्तन की आवश्यकता - हमें शिक्षा के प्रति अपने दृष्टिकोण को बदलने की आवश्यकता है। शिक्षा का मुख्य उद्देश्य केवल नौकरी पाना नहीं, बल्कि एक समझदार, सशक्त और नैतिक नागरिक का निर्माण करना होना चाहिए।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं विशाल गुप्ता जो की साइन सिटी अलवर में के नाम से अपनी फर्म चलाते हैं । एडवर्टाइजमेंट लाइन में ग्लास प्रिंटिंग और मोमेंट का काम करते हैं। 8 नवंबर सन 1987 को अलवर में जन्मे विशाल गुप्ता की एजुकेशन भी अलवर से ही पूर्ण हुई ।

आफ्टर एजुकेशन उन्होंने अलवर में लोगो डिजाइन एफ्लेक्स एडवरटाइजमेंट से अपने बिजनेस का स्टार्टअप किया और यूवी प्रिंटर 2019 में ग्लास एटाइल्स व प्लाई सभी पर प्रिंटिंग करना शुरू किया जो कि पूरे अलवर जिले में सिर्फ यही की जाती है । ये अलवर के लिए नई सौगात लेकर आए थे। सीएनसी राउटर के जरिये लकड़ी पर डिजाइनिंग करके काम को बढ़ाया, और 2025 में सीएनसी लेजर एलइडी लेटर कस्टमाइज्ड का काम स्टार्टअप किया। अलवर में अपनी एक विशेष पहचान बनाए हुए जो मकान की नेम प्लेट बनाने का काम भी इन्होंने ही शुरू किया। बहुत व्यवहार शील युवा है और हर इंसान से अच्छे से मिलते हैं। अपने व्यावसायिक दृष्टिकोण के जरिए लोगों में कम उम्र में ही अच्छी पहचान बनाने वाले व्यक्तित्व के रूप में विशाल गुप्ता को जाना जाता है।आज पूरे जिले में इनके पास ही यूवी प्रिंटर मशीन है जोकि अपने आप में एक अलग पहचान रखते हैं। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

-रूपक शर्मा



विशाल गुप्ता
(ऑनर साईन सिटी)

## Suduko 2025_013
बढ़ता राजस्थान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 3 | | 7 | | 5 |
| 1 | 2 | 5 | | | 4 | 3 | | |
| | 8 | | | 1 | | 9 | | 4 |
| 7 | 3 | | 1 | 9 | 5 | | 8 | 6 |
| 5 | 9 | 4 | 8 | | 7 | 2 | | 1 |
| 6 | 1 | | | | 3 | 5 | 7 | |
| | | 1 | | 8 | | | | |
| 2 | 5 | 6 | 3 | 4 | | 8 | 9 | |
| | | | | 5 | 9 | | | |

Ans_2025_012

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 4 | 1 | 8 |
| 7 | 9 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 6 | 5 |
| 8 | 3 | 1 | 4 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 |
| 2 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 9 | 7 | 1 |
| 9 | 1 | 5 | 7 | 3 | 6 | 8 | 4 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 4 | 7 | 9 | 5 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 6 | 8 | 2 | 3 | 9 | 7 | 1 | 5 | 4 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
काम का बोझ ज्यादा रहेगा। नए काम की शुरुआत न करें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा। मन बेचैन एवं चिंतित रहेगा। वाणी पर संयम रखें। आज आपका दिन शुभ है। व्यापार बढ़ाने को लेकर आपके प्रयास रंग लाएंगे।

**वृष**
जमीन-जायदाद के दस्तावेजी काम कर सकेंगे। आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से भरा होगा। लेखन-साहित्य से जुड़े काम कर सकेंगे। हांलाकि, व्यवसायिक स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी।

**मिथुन**
आज आपको काफी संवेदनशीलता का अनुभव होगा। इस कारण किसी के द्वारा आपकी भावना को ठेस पहुंच सकती है। आज आपको मां की बीमारी की चिंता होगी। मकान या जमीन के दस्तावेजी काम आज न करें।

**कर्क**
महिलाओं के बारे में विशेष ध्यान रखें। वाणी एवं व्यवहार में सावधानी बरतें। विदेश से कोई समाचार मिल सकता है। कानूनी बातों का निर्णय सोच-समझकर करें। आज घर, परिवार एवं व्यापार जैसे तमाम क्षेत्रों में आको लाभ होगा।

**सिंह**
मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा, तो दांपत्यजीवन में भी आप ज्यादा निकटता बना सकेंगे। धनप्राप्ति के लिए भी शुभ समय है। अविवाहितों को जीवनसाथी की तलाश में सफलता मिलेगी।

**कन्या**
दूसरों की ओर से चिंता कम होगी। इस कारण आप का मन खुश रहेगा। परिजनों या दोस्तों के साथ अच्छे भोजन का अवसर मिलेगा। कोई आकस्मिक यात्रा हो सकती है। आर्थिक मामलों से संबंधित व्यवस्था कर सकेंगे।

**तुला**
मानसिक व्यग्रता को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता, योग का सहारा लें। महिला और पानी से बचकर रहें। अभ्यास के लिए समय मध्यम है। आज आप को ज्यादा संवेदनशील एवं भावुकता भरे विचार आएंगे।

**वृश्चिक**
अधिकारियों का रवैया नकारात्मक रहेगा। विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करें। संतान से मतभेद हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। धनखर्च होगा। कार्य सफलता में विलंब होने के कारण निराशा का अनुभव होगा।

**धनु**
अनुकूल वातावरण रहेगा और साथियों का सहयोग मिलेगा। आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे।

**मकर**
आज आप के लिए नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। परिवार में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहेगा। मन में भावनात्मकता बढ़ेगी। मां की ओर से फायदा होगा।

**कुंभ**
आज रिश्तेदार एवं मित्रों के साथ मुलाकात से आप आनंद का अनुभव करेंगे। आपको पहले थोड़ी मुसीबत हो सकती है, आपके जरूरी काम भी शुरुआती विलंब के बाद आसानी से पूरे होने पर शांति का अहसास करेंगे।

**मीन**
प्रवास, सुंदर भोजन एवं प्रियजन के साथ से आप रोमांचित रहेंगे। पत्नी के संग से मन प्रसन्न रहेगा। आज आपको कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों के लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज मन भावनाओं से व्यथित रहेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# 'भागो -भागो टाइगर आ गया..' रणथंभौर से निकल कर होटल में घुसा बाघ

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** रणथंभौर नेशनल पार्क से सटे कुतलपुरा गांव में बुधवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब एक टाइगर खेतों के रास्ते गांव में घुस आया। टाइगर ने खेत पार कर नज़दीक के एक होटल परिसर में प्रवेश कर लिया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। टाइगर की मूवमेंट लगातार खेतों में बनी हुई है, जिसके चलते सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जान बचाने के लिए अपने घरों की छतों पर चढ़ गए स्थिति को गंभीर देखते हुए वन विभाग की ट्रेंकुलाइज टीम और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची ।

हालांकि, गांव में टाइगर आने की खबर फैलते ही सैकड़ों लोग जमा हो गए। वहां लोगों ने जोश और कौतूहल के साथ टाइगर का वीडियो बनाया। ऐसे ही एक वीडियो में कुछ लोगों की आवाज़ें आ रही हैं, जिसमें लोग टाइगर को देख कर खुश हो रहे हैं। इनमें एक आवाज़ सुनी जा सकती है, जिसमें एक शख़्स कह रहा है कि आज तो सुहाना मौसम है।

वन विभाग की टीम होटल में घुसकर टाइगर को ट्रेंकुलाइज करने की कोशिश की। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी जमा हो गए हैं और पूरे इलाके में भय का माहौल है। वन विभाग द्वारा टाइगर को सुरक्षित तरीके से पकड़ने की कोशिश की जा रही है ताकि ग्रामीणों की जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### लगातार जंगल से बाहर आ रहे बाघ

प्रदेश के सबसे बड़े रणथंभौर टाइगर रिजर्व में महज एक महीने में बाघ के हमले में दो लोगों की मौत हो गई। यह बात सामने आई है कि ये दोनों मौतें एक ही बाघिन के कारण हुई हैं। इन दोनों घटनाओं के बाद रणथंभौर वन प्रशासन ने एहतियात के तौर पर जोन नंबर दो और तीन को पर्यटकों के लिए बंद कर दिया है। इसके साथ ही जो त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग खोला गया था, उसे भी श्रद्धालुओं के लिए फिर से बंद कर दिया गया।

### कुछ दिन पहले बच्चे का शिकार कर चुका है टाइगर

गौरतलब है कि 16 अप्रैल को इसी मार्ग पर दर्शन कर लौट रहे एक बच्चे को टाइगर ने अपना शिकार बना लिया था, जिसके बाद वन विभाग ने नौ दिनों तक मंदिर मार्ग बंद रखा था। उस समय दावा किया गया था कि अब यह मार्ग पूरी तरह सुरक्षित है, लेकिन वर्तमान स्थिति इस दावे को झुठला रही है।

# कृषि में छात्राओं का रूझान बढ़ाने के लिए राज्य सरकार का महत्वपूर्ण निर्णय

# 11वीं कक्षा से लेकर पीएचडी करने तक मिलेगी प्रोत्साहन राशि

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा लगातार प्रदेश में विभिन्न वर्गों के कल्याण के लिए कई निर्णय लिए गए हैं। इसी कड़ी में राज्य सरकार ने कृषि विषय लेकर अध्ययन करने वाली छात्राओं को 11वीं से लेकर पीएचडी करने तक प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय किया है। ग्रामीण एवं शहरी अंचल की आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की ऐसी छात्राएं जो दसवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद 11वीं में कृषि विषय लेना चाहती हैं और कृषि विषय में ही उच्च अध्ययन करना चाहती हैं उन्हें यह प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 तक होगी।



### कितनी होगी प्रोत्साहन राशि

कृषि विषय लेकर सीनियर सैकण्डरी में अध्ययनरत छात्राओं को 15 हजार रुपये प्रतिवर्ष 11 वीं एवं 12 वीं कक्षा के लिए। उद्यानिकी, डेयरी, कृषि अभियांत्रिकी, खाद्य प्रसंस्करण में कृषि स्नातक में अध्ययनरत छात्राओं को 25 हजार रूपये प्रतिवर्ष 4 वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए। श्री कर्ण नरेंद्र व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय, जोबनेर में बी.एस.सी कृषि एवं एग्री बिजनेस में अध्ययनरत छात्राओं को 25 हजार रूपये प्रतिवर्ष या 5 वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए। एम.एस.सी. कृषि में अध्ययनरत छात्राओं को 25 हजार रूपये प्रतिवर्ष 2 साल के लिए। कृषि विषय में पी.एच.डी. में अध्ययनरत छात्राओं को 40 हजार रूपये प्रतिवर्ष अधिकतम 3 वर्ष के लिए।

### क्या होगी पात्रता

राजस्थान की मूल निवासी ऐसी छात्राएं जो राजकीय एवं राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत हैं। आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेजों में मूल निवास प्रमाण पत्र, गत वर्ष की अंकतालिका प्रस्तुत करनी होगी।

### कैसे करें आवेदन

योजनान्तर्गत प्रोत्साहन राशि के लिए पात्र छात्राओं को ई-मित्र के माध्यम से या स्वयं की एसएसओ आईडी से राज किसान साथी पोर्टल पर ऑनलाइन स्वयं या नजदीकी ई-मित्र केन्द्र पर जाकर आवेदन करना होगा। संबंधित कृषि अधिकारी द्वारा ऑनलाइन प्राप्त आवेदनों की जांच कर ई-साइन सर्टिफिकेट जारी करने के लिए संबंधित स्कूल, कॉलेज अथवा यूनिवर्सिटी के संस्था प्रधान को अग्रेषित किया जाएगा।

### संस्था प्रधान जारी करेंगे ई-साइन सर्टिफिकेट

राज किसान साथी पोर्टल पर पंजीकरण के बाद संबंधित संस्था प्रधान द्वारा आवेदनों की जांच कर ई-साइन सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा जिसमें बताया जाएगा कि छात्रा किस कक्षा में अध्ययनरत है। साथ ही, संस्था प्रधान द्वारा यह भी सर्टिफाई किया जाएगा कि छात्रा ने पुनः उसी कक्षा में प्रवेश नहीं लिया है और वह अनुत्तीर्ण नहीं हुई है। छात्राओं के गलत आवेदनों पर ई-साइन सर्टिफिकेट जारी होने पर जिम्मेदारी संस्था प्रधान की होगी। संस्था प्रधान द्वारा जारी ई-साइन सर्टिफिकेट की जांच के बाद वित्तीय स्वीकृति संयुक्त निदेशक (कृषि विस्तार) जिला परिषद द्वारा दी जाएगी। छात्राओं द्वारा जिस वित्तीय वर्ष प्रोत्साहन राशि के लिए आवेदन किया गया है संस्था प्रधान द्वारा उसी वित्तीय वर्ष में ई-साइन सर्टिफिकेट जारी नहीं होने पर प्रोत्साहन राशि देय नहीं होगी।

### इन्हें नहीं मिलेगा लाभ

गत वर्ष में अनुत्तीर्ण छात्राएं जिन्होंने पुनः उसी कक्षा में प्रवेश लिया हो, श्रेणी सुधार के लिए उसी कक्षा में पुनः प्रवेश लेने वाली छात्राएं, सत्र के मध्य विद्यालय, महाविद्यालय या विश्वविद्यालय छोड़कर जाने वाली छात्राएं प्रोत्साहन राशि का लाभ नहीं उठा सकेंगी।

# मिसाल बना मायरा- मुस्लिम भाइयों ने निभाया हिंदू बहन का फर्ज

## मायरे में दिए 51 हजार और 45 जोड़ी कपड़े

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिले के भगवतगढ़ गांव की एक ढाणी में धार्मिक सौहार्द और इंसानियत की ऐसी मिसाल सामने आई है, जो दिल को छू लेने वाली है। यहां के मुस्लिम समुदाय ने एक हिंदू महिला का मायरा भरकर ऐसा भाईचारा दिखाया, जो पूरे प्रदेश ही नहीं, देश भर के लिए प्रेरणा बन गया है।

यह कहानी है भगवतगढ़ निवासी विमला देवी की, जिसके बेटे की शादी 12 मई को तय थी। रीति-रिवाज के अनुसार, शादी से पहले मायरा भरने की परंपरा होती है, जिसमें मायके पक्ष से बहन को आर्थिक व वस्त्र सहयोग दिया जाता है। विमला अपने मायके गोगोर गांव पहुंची और भाइयों को निमंत्रण दिया, लेकिन उन्होंने मायरा भरने से इंकार कर दिया। यह सुनकर सीता टूट गई।

मन में गहरा दुख लिए, विमला देवी की गोगोर गांव की मस्जिद पहुंची और वहां एक छाबड़ी (टोकरी) रखकर निमंत्रण दे आई। मुस्लिम समाज ने इसे भाईचारे का प्रतीक समझते हुए तुरंत बैठक बुलाई और फैसला किया कि वे विमला देवी का मायरा भरेंगे।



सोमवार देर रात गांव के गद्दी समाज के पंच-पटेलों और मुस्लिम समाज के लोगों ने आपसी सहयोग से सीता के घर पहुंचकर मायरा भरा।

इस मायरे में 51 हजार रुपये नगद और 45 जोड़ी नए कपड़े शामिल थे। गांव के प्रमुख नागरिकों में साबिर सेठ और साजिद ने 31 हजार रुपये का सहयोग दिया। वहीं, हाजी इलियास, नूरुद्दीन, साबू, अमीर, आमीन, शकील, इमरान और आबिद समेत कई लोगों ने मिलकर भाईचारे की इस मिसाल को जीवंत कर दिया। विमला देवी ने भावुक होकर मुस्लिम भाइयों का तहेदिल से स्वागत किया। पूरे गांव में यह घटना चर्चा का विषय बन गई और सभी ने इस आपसी सौहार्द की सराहना की। जहां एक ओर खून के रिश्तों ने साथ छोड़ दिया, वहीं इंसानियत ने रिश्ते से बढ़कर निभाया भाई का धर्म।

# सख्त निर्देश: अधिकारी को अब हर माह करना होगा 4 दिन ग्राम पंचायतों में रात्रि विश्राम

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने गत दिवस संस्कृत शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कई अहम निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को हर माह कम से कम चार दिन ग्राम पंचायतों में रात्रि विश्राम करने और प्रत्येक 15 दिन में फील्ड विजिट कर फीडबैक लेने के निर्देश दिए। यह निर्देश गत वर्ष अक्टूबर में हुई बैठक के पालन की समीक्षा के दौरान दिए गए।

मंत्री दिलावर ने 'राइजिंग राजस्थान' के दौरान हुए एमओयू की प्रगति की समीक्षा कर उनकी शीघ्र क्रियान्विति के आदेश भी दिए। उन्होंने संस्कृत शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, प्राचीन ग्रंथों के संरक्षण और प्रचार-प्रसार, तथा विद्यार्थियों में संस्कृत के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाने की बात कही।

### नामांकन और आधारभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान

शिक्षामंत्री ने राजकीय संस्कृत संस्थानों में नामांकन वृद्धि के लिए रूट मैप तैयार करने का सुझाव देते हुए, मान्यता संबंधी नियमों में शिथिलता लाने और खेल मैदान, प्रयोगशालाएं, स्वच्छता और पृथक शौचालयों की व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। बैठक में विभाग के लंबित मामलों पर भी चर्चा की गई। मंत्री ने सभी शिकायतों का 10 दिन में निस्तारण सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए।

### पर्यावरण सुरक्षा - 4 करोड़ पौधे लगाएगा विभाग

पर्यावरण सरंक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए शिक्षा विभाग को 4 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य सौंपा गया है। इसके तहत प्रत्येक विद्यार्थी को हर महीने 300 पौधे लगाना होगा।

# असामाजिक तत्वों ने विद्यालय में शौचालय का गेट तोड़ किया क्षतिग्रस्त

बढ़ता राजस्थान




**नटवाड़ा ( नि.स. )।** गांव हतोना में संचालित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के परिसर में बने नव निर्मित शौचालय के दरवाजे व शौचालय में लगे अन्य सामान को असामाजिक तत्त्वों द्वारा क्षतिग्रस्त कर दिया गया। शौचालय का गेट टूटने से छात्राएं और शिक्षिकाएं परेशान हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं बरोनी पुलिसथाना में शिकायत की है। प्रधानाचार्य गणेश नारायण शर्मा ने बताया छुट्टी के बाद असामाजिक तत्वो ने विद्यालय परिसर में गंदगी और तोड़फोड़ करते हैं। हाल ही में उन्होंने मंगलवार को विद्यालय में बने शौचालय का गेट तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। शौचालय का गेट टूटने से छात्राएं विद्यालय आने से कतरा रही हैं। उन्होंने बताया कि तोड़फोड़ की शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी एवं पुलिस थाना बरोनी में कर दी गई है।

# नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा ( नि.स. )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हतोना में प्रथम चरण के प्रवेशोत्सव में विद्यालय परिवार ने नव प्रवेशित विद्यार्थियों को माला पहनाकर प्रवेश दिया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गणेश नारायण शर्मा ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक, माल्यार्पण कर मुंह मीठा करवाकर स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि योग्य एवं अनुभवी शिक्षकों द्वारा गुणवक्तापूर्ण शिक्षण करवाया जा रहा है। उन्होंने अभिभावकों को जानकारी देते हुए बताया कि प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्यपुस्तकों के साथ ही नियमानुसार विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। उन्होंने अधिकाधिक प्रवेश दिलाकर योजनाओं एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ उठाने का आह्वान किया।

# नई ग्राम पंचायतों का गठन: सरकार पर प्रति माह 75 करोड़ रुपए का होगा अतिरिक्त भार

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** पंचायतीराज राज में ग्राम पंचायतों के पुर्नगठन, तथा सीमाकंन के साथ ग्रामीणों के कामकाज को सुगम बनाने के लिए ग्राम पंचायतों की संख्या बढ़ाई जा रही है। इसके लिए पुनर्गठन और नवसृजन की प्रक्रिया चल रही है। मोटे अनुमान के अनुसार नई ग्राम पंचायतों के गठन के बाद सरकार पर हर माह 75 करोड़ रुपए, का अतिरिक्त भार बढ़ेगा। राज्यभर में करीब 3 हजार ग्राम पंचायतों के प्रस्ताव तैयार किए गए है। एक ग्राम पंचायत कार्यालय के संचालन में हर माह औसत ढाई लाख रुपए का खर्चा आता है। इसमें कर्मचारियों के वेतन, जनप्रतिनिधियों का मानदेय, बिजली बिल, साफ सफाई और अन्य खर्चे शामिल हैं। ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन की प्रक्रिया जून माह में पूरी होगी। उसके बाद नई ग्राम पंचायतों की संख्या के आधार पर पंचायतीराज विभाग नए पद सृजित करने और वित्तीय आवश्यकता का प्रस्ताव तैयार करेगा। नवीन ग्राम पंचायत मै ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ सहायक, एएनएम , कृषि पर्यवेक्षक, हैण्डपम्प मिस्त्री, सहित अन्य विभागों कै पंचायत स्तरीय अधिकारी कै पद सर्जित किए जायेगे।

# बच्चों और माताओं के पोषण की दिशा में ठोस पहल

# आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति सुधारें- शुभम चौधरी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) की राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना के अंतर्गत जिला पोषण अभिसरण समिति की बैठक बुधवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

बैठक में जिला कलक्टर ने पोषाहार प्रबंधन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय पोषण मिशन का उद्देश्य बच्चों और माताओं के पोषण स्तर को बेहतर बनाना है, जिसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी केंद्रों की कार्यक्षमता में सुधार लाया जाए और वहां आ रही समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान सुनिश्चित किया जाए।

जिला कलक्टर ने निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्रों का कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा 3 से 6 वर्ष आयु के सभी बच्चों को आईसीडीएस योजना के तहत लाभान्वित करने के निर्देश दिए। साथ ही पोषण ट्रैकर पोर्टल पर आधार और मोबाइल वेरिफिकेशन की शत-प्रतिशत पूर्णता सुनिश्चित करने, और मातृत्व संबंधी योजनाओं से कोई पात्र महिला वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उपनिदेशक आईसीडीएस प्रियंका शर्मा ने बताया कि वर्तमान में जिले में कुल 83 हजार 533 लाभार्थी योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं, जिनमें 8 हजार 224 गर्भवती एवं 5 हजार 981 धात्री महिलाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि पोषण अभियान का मुख्य उद्देश्य नाटापन, दुबलापन व कुपोषण की दर को कम करना, गर्भवती व धात्री महिलाओं, 0 से 6 आयु वर्ग के बच्चों में सुधार लाना है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्रों पर मोबाइल वितरण पूर्ण हो चुका है और पोषण ट्रैकर के माध्यम से नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

जिला कलक्टर ने सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण वाटिका का निर्माण मनरेगा से करवाने, शौचालय, पेयजल और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन केंद्रों के भवनों की



मरम्मत आवश्यक है, उन्हें प्राथमिकता से चयन कर मरम्मत कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग से निरंतर समन्वय बनाते हुए शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर बल दिया, ताकि बच्चों को समुचित सुविधाएं प्राप्त हो सकें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, जिला रसद अधिकारी रामभजन मीना, समस्त एसडीएम, विकास अधिकारी एवं सीडीपीओ, आईसीडीएस टीम एवं संबंधित प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ग्रामीण विकास योजनाओं में तेजी लाएं, श्रमिकों का नियोजन बढ़ाएं: शुभम

## ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला परिषद द्वारा संचालित विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक बुधवार को जिला कलक्टर शुभम चौधरी की अध्यक्षता एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने समस्त विकास अधिकारियों को उनके क्षेत्रों में मनरेगा के माध्यम से अधिक से अधिक श्रमिकों का नियोजन करने, पंचायतवार पौधाशाला तैयार करवाने, श्रमिकों के लेबर कार्ड समय पर बनवाने, कृषि एवं एनआरएम कार्यो में प्रगति लाने के साथ-साथ प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना प्रगति लाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने श्री अन्नपूर्णा रसोई योजना ग्रामीण की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। वहीं स्वामित्व योजना के अन्तर्गत मैपिंग में सहयोग नहीं करने वाले पटवारी को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने मानसून से पूर्व वृक्षारोपण की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों के आपसी समन्वय स्थापित कर लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश प्रदान किए। साथ ही उन्होंने जियोटैगिंग कार्यों में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के वार्षिक भौतिक सत्यापन से शेष रहे लाभार्थियों का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन सुनिश्चित करवाने के निर्देश सभी एसडीएम एवं विकास अधिकारियों को दिए।

उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि फील्ड विजिट के दौरान विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करवाने हेतु प्रस्ताव तैयार करवाए। उन्होंने बाबा साहेब अम्बेडकर आदर्श ग्राम योजना के तहत चयनित ग्राम पंचायतों के विकास के लिए कार्ययोजना तैयार करवाने, 29 नवसृजित ग्राम पंचायत भवनों के निर्माण कार्यो को पूर्ण करने के



निर्देश भी संबंधित विकास अधिकारी को दिए। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री कार्यालय, राजस्थान सम्पर्क पोर्टल एवं सम्भागीय आयुक्त भरतपुर के प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, उप निदेशक मीना आर्य, समस्त एसडीएम एवं विकास अधिकारी उपस्थित रहे।



# स्कूल मैनेंजमेंट प्रतिभाओं के उज्जवल भविष्य की कामना करता है: बोहरा

## सीबिएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम में एसएमएस टॉपर!

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** सीबीएसई के परीक्षा परिणाम कक्षा 10 व 12 रिजल्ट 2024/2025 में सरस्वती मॉडर्न पब्लिक स्कूल, बानसूर के बच्चों ने लहराया परचम।

मंगलवार को घोषित किए गए 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम में सरस्वती मॉडर्न पब्लिक स्कूल बानसूर के विद्यार्थियों ने पुनः एक बार फिर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के निदेशक प्रवेश बोहरा ने बताया कि पूर्व की भांति इस बार के परिणाम में एसएमएस विद्यालय की पलक शर्मा ने कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग में पुत्री हरी किशन शर्मा ने 97प्रतिशत लाकर पूरे जिले में अपना स्थान सुनिश्चत कर लिया है।

वहीं कक्षा 10 वीं व कक्षा 12में सौ फीसदी परीक्षा परिणाम के साथ 23 बच्चों ने 90 प्रतिशत से ज़्यादा अंक लाकर अपने माता-पिता तथा विद्यालय का नाम रोशन किया है।जिसमें कौशल सोनी 96.6 प्रतिशत, अर्पित शर्मा 96.2 प्रतिशत, दीपांशु वर्मा 95.8 प्रतिशत, देवांशी यादव 95.8 प्रतिशत, अंकिता 95.2 प्रतिशत, नरेंद्र 94.6 प्रतिशत, रिधिमा 94.6 प्रतिशत, भूमिका 94.4 प्रतिशत, सौरभ 94.2 प्रतिशत, जतिन दसोदिया 94 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

विद्यालय की मैरिट में आए विद्यार्थियों का ही नाम रोशन नहीं किया बल्कि क्षेत्र का नाम भी रोशन किया है। विद्यार्थियों के परिजनों को चेयरमैन डॉ.शशिकांत बोहरा, डायरेक्टर प्रवेश बोहरा, प्रिन्सिपल दीपक कुमार निगम ने साफा, माला पहना कर तथा मोमेंटो देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम के अन्तिम छणों में बच्चों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अभिभावकों, एसएमएस स्टाफ सहित निदेशक प्रवेश बोहरा को दिया। अभिभावकों ने बताया कि एसएमएस विद्यालय का अनुशासन और स्टॉफ का समर्पण सहित विद्यार्थियों की मेहनत और लगन का ही परिणाम ही है कि आज एसएमएस विद्यालय के विद्यार्थी रहे विद्यार्थी हर जगह समाज और देश का नाम रोशन करते हुए बानसूर का डंका बजवा रहे हैं।

# उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मण्डल प्रबंधक ने किया निरीक्षण

## रेलवे स्टेशन पर 13 करोड़ रुपए की लागत से हुए सौंदर्यीकरण और पुर्नविकास का लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़,( राजकुमार गुप्ता )।** बुधवार को राजगढ़ रेलवे स्टेशन में हुए सौंदर्यीकरण और पुर्नविकास का डीआरएम विकास कुमार पुरवार ने निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि राजगढ़ रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण और पुर्नविकास के लिए 13 करोड रुपए किये गये है।

उन्होंने कहा कि राजगढ़ स्टेशन पर यात्रियों कि भविष्य की जरूरत को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाएं दी गई है उन्होंने एयरकंडीशन वेटिंग रूम, सर्कुलेटिंग एरिया, कार और दोपहिया पार्किंग स्टैंड, बुकिंग काउंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि आगामी माह में राजगढ़ रेलवे स्टेशन का लोकार्पण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर उन्होंने अधिकारियों के साथ सौंदर्यीकरण कार्यो एवं सुविधाओं के बारे में समीक्षा की। उन्होंने रेलवे स्टेशन पर बने फुट ओवरब्रिज और प्लेटफार्म की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। इससे पूर्व राजगढ़ विकास मंच के अध्यक्ष अनिल गुप्ता के नेतृत्व उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर मण्डल रेल प्रबंधक विकास कुमार पुरवार व दुपट्टा व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। निरीक्षण के दौरान गति शक्ति के सीपीएम पीयूष जोशी, डिप्टी चीफ इंजीनियर पवन यादव, अधिशासी अभियंता मुकेश कुमार, सीएमआई मोहनलाल मीना, स्टेशन अधीक्षक शिवदयाल मीना सहित आरपीएफ के अधिकारी मौजूद रहे।



### विभिन्न मांगों के लिए डीआरएम को सौंपा ज्ञापन

राजगढ़ विकास मंच के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता व पार्षद पवन नरूका ने विभिन्न मांगों के लिए डीआरएम को ज्ञापन सौंपा। राजगढ़ विकास मंच के अध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर यूटीएस एवं पीआरएस के पृथक-पृथक कांउटर चालू करवाने, प्लेटफार्म नंबर 1 एवं 2 पर शेड की लम्बाई बढ़ाने, दिल्ली-बांदिकुई डीएमयू का पुनः संचालन करवाने, बीकानेर-प्रयागराज व मण्डोर सुपर फास्ट एक्सप्रेस का राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर ठहराव करवाने के लिए ज्ञापन सौंपा। डीआरएम ने समस्याओं के शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया।

# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के चर्चित और विख्यात आरसीआई विद्यालय के केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10 व 12 में अच्छा प्रदर्शन करने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रतिभावान विद्यार्थियों सहित उनके अभिभावकों का भी माला साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया गया! वहीं उन्हें स्मृति चिन्ह देकर व मुँह मीठा करा तिलक लगाया गया। इस मौके पर आरसीआई एजूकेशन हब के निदेशक डॉ विजय कुमार यादव ने कहा कि अभिभावकों को चाहिए कि वे शिक्षा के साथ-साथ तकनिकी शिक्षा व फाउंडेशन की शिक्षा भी विद्यार्थियों को दीवाएं। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय के विद्यार्थियों ने फाउंडेशन कोर्स के साथ शिक्षा प्राप्ति की है उस पर मुझे गर्व है क्योंकि फाउंडेशन के करीब 19 विद्यार्थियों ने जेईई में प्रथम वर्ष में मेंस में स्थान पाया है वह गौरव की बात है।

यादव ने बताया कि उसी तरह हमारे संस्थान के विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा की तैयारी कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। मैं सभी विद्यार्थियों को सफलता के लिए साधुवाद देता हूँ कि प्रथम प्रयास में ही अपने घर रहकर माता -पिता सहित विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वहीं रवीना यादव ने बताया कि फाउंडेशन के मैंने कक्षा 12 उत्तीर्ण की है उसके लिए विद्यालय स्टॉफ सहित परिजनों का आभार व्यक्त करती हूँ।

## निगम के टीम ने की कार्रवाई

# जप्त किया एक क्विंटल प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक

### आयुक्त नरूका के निर्देश पर राजस्व और अतिक्रमण शाखा की संयुक्त कार्रवाई

बढ़ता राजस्थान

**अलवर,( का.स. )।** नगर निगम की राजस्व और अतिक्रमण निरोधक शाखा ने बुधवार को संयुक्त कार्रवाई करते हुए शहर के चार स्थानों से करीब एक क्विंटल प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक जप्त की। नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि शहर के आटे वाली गली तथा एन ई बी क्षेत्र के 160 फीट रोड, 60 फीट रोड और दाउदपुर क्षेत्र में दुकानों पर प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने पर कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि नगर निगम की ओर से आगे इस तरह की कार्रवाई नियमित रूप से की जाती रहेगी। कार्रवाई के दौरान राजस्व शाखा की प्रभारी निशा लखानी और अतिक्रमण शाखा के सह प्रभारी रितिक सिंह चौधरी सहित निगम की टीम मौजूद रही।



# परशुराम भवन में पानी की मोटर हेतु दस हजार रूपये किये भेंट



बढ़ता राजस्थान

**अलवर,( का.स. )।** सामाजिक सेवाओं के लिए हमेशा अग्रणी श्रेणी में खड़े रहने वाले श्री गोपीचंद जी रिटायर्ड एक्स ई एन झंझारपुर वालों ने समाज की आवश्यकता को देखते हुए स्वेच्छा से श्री परशुराम भवन में पानी की मोटर हेतु दस हज़ार रुपये समाज के वित्त मंत्री झम्मन लाल को भेंट किये। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष विश्वंभर वशिष्ठ, उपाध्यक्ष जगराम पहलवान, ओसवाल स्कूल के निदेशक विनोद शर्मा, व्यवस्थापक सतीश शर्मा, कार्यालय प्रभारी शम्भू दयाल शर्मा ने गोपीचंद जी का दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया। समाजसेवी श्री गोपीचंद जी ने पूर्व में भी समाज को आर्थिक योगदान देकर विकास में सहयोग प्रदान किया है। समाज इनका आभारी रहेगा।

# पुरुषार्थी समाज सेवा और सिमरन में हमेशा आगे- संजय शर्मा

### स्वामी गंगाधर गुरुद्वारे में किया वाटर कूलर का लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान

**अलवर,( का.स. )।** राज्य के वन व पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि पुरुषार्थी समाज सेवा और प्रभु के सिमरन में हमेशा आगे रहा है जिससे सभी को प्रेरणा मिलती है।

शर्मा ने मोहल्ला नवाबपुरा में स्वामी गंगाधर गुरुद्वारे में खानचंद चिमनी बाई हजरती ट्रस्ट की ओर से लगाए गए वाटर कूलर के लोकार्पण अवसर पर यह बात कही। इस अवसर पर शर्मा ने कीर्तन में भाग लिया और लंगर किया। ट्रस्ट की ओर से दौलत राम हजरती और कृष्ण कुमार हजरती ने संस्था के कार्यों की जानकारी दी।

कार्यक्रम में कई संस्थाओं के पदाधिकारियों ने वन मंत्री का स्वागत किया जिसमें गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष महेन्द्र तनेजा, नेक कमाई फाउंडेशन से मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा और सौरभ कालरा, जिला पुरुषार्थी समिति तथा अपना घर आश्रम की ओर से अशोक आहूजा, पंजाबी खत्री एकता मंच की ओर से राजू धवन, तांगा स्टैंड रामलीला से हरिकिशन खत्री, कॉमर्स कॉलेज के प्रिंसीपल डा. सत्यभान यादव,मनोहर झाम, तिलक झाम, अशोक राजा जोशी, धर्मेन्द्र अदलकखा, जगदीश गिज्जा और आशीष तनेजा आदि थे।



# लोगों की सेवा के लिए कटिबद्ध है सानिया हॉस्पिटल- डॉ. तैयब

## सानिया हॉस्पिटल अलवर के डाक्टर्स की शानदार टीम दे रही लोगों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं





बढ़ता राजस्थान

**अलवर,( का.स. )।** जिले की सर्वश्रेष्ठ चिकित्सकों की टीम एवम अत्याधुनिक तकनीकी मशीनों द्वारा संचालित सानिया हॉस्पिटल अलवर के निदेशक डॉ.तैयब खान ने बताया कि बढ़ते मरीजों की संख्या को देखते हुए अब दो और नए चिकित्सकों को नियुक्त किया गया है जिसे मरीजों को उपचार कराने में काफी समय की बचत एवं उपचार को भी प्राथमिकता मिलेगी। मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ डॉक्टर पुरोषुत्तम पोसवाल तथा मधुमेह एवं हार्मोन्स रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विपिन सिंगल प्रतिदिन सुबह दस बजे से दोपहर तीन बजे तक अपनी सेवाए दंगे तथा सरकार द्वारा चलायी गई सभी योजनाएं जैसे आरजीएचएस, एमएए, आयुष्मान कार्ड सभी प्रकार के मेडिकल इंसोरेंस कार्ड आदि सभी के आधार पर निःशुल्क इलाज हो रहा है।

सानिया हॉस्पिटल के निदेशक डाक्टर तैयब खान का कहना है कि अलवर जिले में अब बाहर के जिले के लोग भी उपचार करवाने के लिए हमारे पास आ रहे हैं लोगों के विश्वास पर हम खरा उतरें और हर प्रकार से लोगों की सेवाए कर पाएं उन्हे नई से नई तकनिकी के माध्यम से मेडिकल सुविधाए दें पाए बस इसी उद्देश्य के साथ हॉस्पिटल को विस्तृत रूप दिया जा रहा है। यहां हर प्रकार की बीमारियों का इलाज के विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाए जारी हैं।

# श्री श्री रविशंकर जी के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**अलवर,( का.स. )।** गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी के जन्मदिवस के पावन अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग यूथ ब्लड बॉन्ड टीम द्वारा एक सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर होटल अरावली, अलवर में आयोजित किया गया और अलवर ब्लड बैंक के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें कुल 23 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। इस सेवा कार्य का नेतृत्व कम्युनिटी डायरेक्टर दिक्षांत लालवानी ने किया। उनके मार्गदर्शन में पूरी टीम ने सेवा,समर्पण और उत्साह के साथ आयोजन को सफल बनाया। इस पुण्य कार्य में सक्रिय योगदान देने वाले टीम सदस्य थे शौर्य गोयल, छवि खन्ना, भव्य नारंग, जतिन कोडवानी, दक्ष मिगलानी, निकिता सोमवंशी और शिवांगी।

# नारायणपुर उपखण्ड क्षेत्र में बिजली की निर्बाध आपूर्ति के प्रयास जारी: शेखावत



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा क्षेत्र के उपखण्ड नारायणपुर में तपती दोपहर में कर्मचारियों और अधिकारीयों के साथ धूप में गर्मी सहन करते हुए बानसूर के सिंह विधायक देवीसिंह शेखावत क्षेत्र में मौजूद रहे। उन्होंने क्षेत्र में बिजली कटौती और कम वोल्टेज की समस्या का स्थायी समाधान करने के प्रयास में धूप सही। शेखावत ने बिजली विभाग की टीम, कानूनगो और पटवारी के साथ खरवा और नारायणपुर के पास 33/11 केवी बिजली ग्रिड सब स्टेशन के लिए भूमि का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के लोग लंबे समय से बिजली संबंधित समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

जो विधि के विरुद्ध है! शेखावत ने अधिकारियों के साथ मिलकर सब स्टेशन के लिए उपयुक्त स्थान का चयन किया, तथा उन्होंने अधिकारियों को परियोजना को तेजी से पूरा करने के निर्देश भी दिए।

# विधि सम्मत कार्य कर फूले दम्पति का बनेगा स्टेचू सर्किल: शेखावत

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** नगर पालिका क्षेत्र में फूले दम्पति का स्टेचू सर्किल बनाने की मांग ने जोर पकड़ा। सैनी महासभा समिति बानसूर के पदाधिकारियों ने बानसूर के सिंह विधायक देवीसिंह शेखावत के निजी आवास पहुंचकर विधायक को महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले की मूर्ति अलवर रोड स्थित बाईपास सर्किल पर लगवाने हेतु ज्ञापन सौंपा। शेखावत ने महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले की मूर्ति लगवाने का आश्वासन देते हुए कहा कि विधि संवत फूले दम्पति का सर्किल बनवाया जाएगा।

# परम पूज्य गुरूदेव श्री श्री रविशंकर जी के अवतरण दिवस पर अनेकों कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर,( का.स. )।** परम पूज्य गुरूदेव श्री श्री रविशंकर जी के अवतरण दिवस पर आर्ट ऑफ लिविंग अलवर चैप्टर द्वारा अनेकों कार्यक्रम अलवर शहर में हुए। सर्वप्रथम सुबह 7:30 डॉ. उत्तरा अग्रवाल द्वारा अम्बेडकर नगर आश्रम में होम यज्ञ कराया गया उसमें दिव्य भजनों की प्रस्तुति की गई।

दोपहर अरावली होटल में आर्ट ऑफ लिविंग यूथ टीम द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया, कुल 23 यूनिट रक्त युवाओं द्वारा दान किया गया। इस कार्य में दीक्षांत लालवानी, शौर्य गोयल, छवि खन्ना, भव्य नारंग, जतिन कोडनानी, दक्ष मिगलानी, निकिता सोमवंशी, शिवांगी और अन्य वोलेंटियर्स द्वारा अपनी सेवाएं दी। सांय श्री-श्री ज्ञान मंदिर में दिव्य गुरुपूजा डॉ उत्तरा अग्रवाल ने सम्पन्न कराई। इस अबसर पर भव्य और दिव्य भजन संध्या नरेन भैया के नेतृत्व में आयोजित की गई। जिसमें गुरूदेव, माता जगदंबा,भगवान गणपति, भगवान शिव, भगवान राम और कृष्ण के दिव्य भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी गई। लगभग 2 घंटे चले कार्यक्रम में 200 से अधिक साधक गुरुभक्ति में डूबते हुए नृत्य और सत्संग का आनंद लिया।

इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षकों, मनोहर भाटिया, महेंद्र गोयल, उर्मिला गोयल, डॉ उत्तरा अग्रवाल, दीपेंद्र सिंह चौधरी, एन एस भूटानी, संदीप, मनीषा देशप्रभु, मंजू चौधरी, शिल्पा शेखावत,मनीषा धामनी का सम्मान डीडीसी नवीन धामनी जी, तरुण अरोड़ा, एन के सलूजा, संजय बांगा द्वारा किया गया। इस अवसर पर दीक्षांत लालवानी,गीता साधवानी, के एल भूटानी को भी सेवा के लिए सम्मानित किया गया। इस अबसर पर परसादी का भी आयोजन किया गया। सेवा प्रोजेक्ट के तहत, अपनाघर महिला आश्रम में 172 किलो राशन और 21 किलो फल वहां सेवा हेतु दिए गए। उपरोक्त जानकारी अलवर चैप्टर डी डी सी नवीन धामनी और मीडिया कॉर्डिनेटर एन एस भूटानी द्वारा दी गई।



# राजस्थान सरकार की नई पहल : किसानों को मोबाइल एप से कृषि उपकरण किराए पर

## आत्मनिर्भर और समृद्ध किसान की ओर एक क्रांतिकारी कदम

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में किसानों को तकनीक से जोड़ने की पहल

बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( का.स. )।** राजस्थान सरकार ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में काश्तकारों की बेहतरी और आत्मनिर्भरता को लेकर एक और बड़ी पहल की है। किसानों को महंगे कृषि उपकरण सुलभ कराने के लिए अब एक अत्याधुनिक मोबाइल एप 'राजकिसान कस्टम हायरिंग एप' तैयार किया गया है, जिससे किसान घर बैठे ही अपनी जरूरत के अनुसार कृषि यंत्र किराए पर बुक कर सकेंगे। यह पहल विकसित भारत, समृद्ध किसान के विजन को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### मुख्यमंत्री की किसान के प्रति संवेदनशील सोच

मुख्यमंत्री श्री भजन शर्मा ने अपने कार्यकाल की शुरुआत से ही यह स्पष्ट किया है कि राज्य सरकार किसान हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। उनकी संवेदनशील सोच और दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य सरकार लघु और सीमांत किसानों को सशक्त करने हेतु ठोस कदम उठा रही है। चाहे किसान सम्मान निधि में वृद्धि हो या कृषि उपकरणों की सहज उपलब्धता, सरकार की नीतियां किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की ओर अग्रसर हैं।

### क्या है कस्टम हायरिंग केंद्र और इसका उद्देश्य?

राज्य के कृषि आयुक्त चिन्मयी गोपाल के अनुसार, किसानों, विशेषकर सीमांत और लघु श्रेणी के कृषकों को महंगे कृषि यंत्र जैसे ट्रैक्टर, थ्रेशर, रोटावेटर, रीपर, सीड कम फर्टिलाइज़र ड्रिल और फसल अवशेष प्रबंधन मशीनरी सुलभ कराने के लिए कस्टम हायरिंग केंद्रों की स्थापना की जा रही है। इन केंद्रों के माध्यम से किसान नाममात्र की निर्धारित दरों पर उपकरण किराए पर ले सकते हैं।

### राजकिसान कस्टम हायरिंग एप-तकनीक से पारदर्शिता और सुविधा

इस संपूर्ण प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाने के लिए कृषि विभाग द्वारा फ्राजकिसान कस्टम हायरिंग एपफ्र विकसित किया गया है। यह एप किसानों को न केवल यंत्रों की ऑनलाइन बुकिंग की सुविधा देता है, बल्कि भुगतान, समय निर्धारण, उपलब्धता जांच आदि जैसे पहलुओं को भी पारदर्शिता के साथ शामिल करता है। इस एप के माध्यम से किसान अब किसी भी स्थान से, किसी भी समय आवश्यक कृषि उपकरण की बुकिंग कर सकते हैं वह भी अपने मोबाइल से। यह एप डिजिटल इंडिया के सपनों को ग्रामीण खेतों तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रहा है।

### कोटा जिले में सक्रिय 60 कस्टम हायरिंग केंद्र

संयुक्त निदेशक कृषि, अतीश कुमार शर्मा ने बताया कि कोटा जिले में वर्तमान में 60 कस्टम हायरिंग सेंटर्स संचालित हैं, जिनमें से 15 व्यक्तिगत स्तर पर, 42 सहकारी समितियों में तथा 3 एफपीओ द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों पर स्थानीय आवश्यकताओं के अनुसार ट्रैक्टर, यंत्र एवं मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं।



# गांवों में प्रवेश निषेध बोर्ड हटाने पर बवाल

## देवगढ़ में गिरफ्तारी के विरोध में रास्ता जाम, ढाई घंटे तक फंसे रहे वाहन



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के डग में गत 24 अप्रैल को लसूडिया निवासी शंभू सिंह की गोली मारकर हत्या करने के मामले के बाद कस्बे में आगजनी एवं तनाव हो गया था जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने अपने अपने गांवों में समुदाय विशेष के लोगो को प्रवेश निषेध के बोर्ड लगा दिये थे इसके बाद मंगलवार को पुलिस प्रशासन ने अतिरिक्त पुलिस जाप्ते के साथ गांवों में जाकर बोर्ड को खोलकर थाने ले आए इस दौरान देवगढ़ सहित कई गांव में पुलिस और ग्रामीणों के बीच बोर्ड निकालने को लेकर कहासुनी हुई जिससे नाराज ग्रामीण बड़ी संख्या में देर शाम पुलिसथाने पर पहुँचे जहाँ बिना सूचना एवं समझाइश के गांवों से बोर्ड खोल एवं काटकर लाने की कार्यवाही का विरोध किया जिसके बाद पुलिस एवं ग्रामीणों की समझाइश हुई जिसमें गांवों से लाए बोर्ड को वापस सभी गांवों को लौटने की बात एवं वैधानिक शब्दो को बोर्ड में अंकित किए जाए जिससे क्षेत्र में सौहार्द बना रहे पर समझाइश कर बोर्ड लौटाए गए इस दौरान पुलिस थाना परिसर में सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्रित हो गए थे।

वही बुधवार को पुलिस ने देवगढ़ गांव से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर डग थाने लेकर आई जिससे पुलिस की कार्यवाही से नाराज ग्रामीणों ने जामुनिया के निकट भेरूजी महाराज मंदिर के समीप रास्ता जाम कर दिया तथा दोनों व्यक्तियों को छोड़ने की मांग पर अड़े रहे । इस दौरान ढाई घण्टे तक डग चौमहला मार्ग पर जाम रहा जिससे सड़क के दोनों छोर पर बड़ी संख्या में वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई जिससे जाम खुलने के इंतजार में लोग परेशान नजर आए ।

गौरतलब है कि ढाई घण्टे से डग चौमहला मार्ग पर जाम लगा रहा इस दौरान पुलिस एवं प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर नही पहुँचे जिससे जाम में फंसे लोग रास्ता खुलने का इंतजार करते परेशान नजर आए वही पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को शांति भंग में मामला दर्ज कर पाबन्द करवाया गया जिसके पश्यात शाम 5.30 के करीब लोगो ने जाम खोला जिससे वाहन चालको ने राहत की सांस ली।

# भागवत कथा में श्रीराम व श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का भावमय वर्णन



बढ़ता राजस्थान

**कोटा( विनोद गौड़ )।** नान्ता स्थित पार्श्वनाथ अपार्टमेंट सोसायटी में श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन जारी है, जिसमें आज धर्मप्रेमी श्रोता भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की दिव्य कथा का रसास्वादन करते दिखे। कथा वाचक आचार्य श्री समेंत शर्मा जी ने आज की कथा में श्रीराम और श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का सुंदर वर्णन किया। कथा के अनुसार, जब महाराज दशरथ ने पुत्र प्राप्ति हेतु पुत्रकामेष्ठि यज्ञ किया, तब अग्निदेव के प्रसादस्वरूप उन्हें खीर से भरे दो पात्र प्राप्त हुए। उन पात्रों का सेवन कर श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न का अवतरण हुआ।

आचार्य जी ने बताया कि श्रीराम का जन्म शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि, अभिजित मुहूर्त में हुआ। कथा के साथ भावभीना भजन प्रस्तुत किया गया

**'तीनों लोकों से सुंदर यह, छवि राम की न्यारी है।**
**शिव धनुष भंज कर देते हैं, रघुवर को जानकी प्यारी है।'**
**राम-सीता स्वयंवर प्रसंग को दर्शाते हुए भजन गाया गया**
**तुम उठो सिया श्रृंगार करो, शिव धनुष राम ने तोड़ा है।**
**जिसने श्रद्धालुओं को भक्ति भाव से अभिभूत कर दिया।**

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

कथा के अगले सोपान में योगेश्वर श्रीकृष्ण के जन्म की लीला का वर्णन हुआ। आचार्य जी ने बताया कि कृष्ण का जन्म आधी रात को देवकी के गर्भ से कारावास में हुआ, जब चारों ओर अंधकार छाया था और अत्याचार चरम पर था।

इस प्रसंग पर भजनों ने माहौल को भावमय बना दिया
आधी रात तालो टूट्यो री जेलन में..
जब से जन्मे कन्हैया, रात महारात हो गई...

इन भजनों पर पांडाल में उपस्थित माताएं-बहनें भावविभोर होकर झूम उठीं।

# उप मुख्यमंत्री दिवंगत परिवहन निरीक्षक के परिजनों से मिले

## हरसंभव मदद का दिया आश्वासन

बढ़ता राजस्थान



**कोटा,( का.स. )।** उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने बुधवार को दिवंगत परिवहन निरीक्षक स्व. नरेश कुमार के कोटा स्थित घर पहुंचकर उन्हें श्रृद्धांजलि अर्पित की। उप मुख्यमंत्री ने परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

उन्होंने कहा कि भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो, इसके लिए परिवहन विभाग द्वारा कार्य योजना बनाई जा रही है।

इसके बाद सर्किट हाउस कोटा पहुंचने पर उप मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। उप मुख्यमंत्री का अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

इस अवसर पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, भाजपा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन, सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने उप मुख्यमंत्री का स्वागत किया।

# गोठड़ा ढ़ाबे प्रकरण को लेकर माली समाज में रोष दोषी पुलिस कार्मिको को बर्खास्त किये जाने की मांग



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** बून्दी के गोठड़ा में एनएच 148डी हाईवे पर 10 मई को दबलाना थाने में कार्यरत पुलिस कर्मियो द्वारा विवाद की सच्चाई जाने बिना ही माली समाज के दो भाईयो के साथ जमकर मारपीट की गई। फिर घटना पर पर्दा डालते हुए दोनो घायलो को सड़क दुर्घटना में घायल बता कर बून्दी जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। जिससे माली समाज में पुलिस की कार्यशैली को लेकर भारी रोष है। बुधवार को नैनवां उपखण्ड कार्यालय पर समाज के लोगो ने प्रदर्शन करके सीएम एंव जिला कलक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में प्रकरण की निष्पक्ष जॉच किया जाने उपरान्त पांच दिन में पुलिस कार्मिको को बर्खास्त किया जाने की मांग की है। कार्यवाही नहीं किया जाने पर दबलाना पुलिस थाने का घेराव किया जाने की चेतावनी दी गई है। उन्होने बताया कि 10 मई की रात 11 बजे डाबा संचालक कैलाश सैनी व उसका भाई बद्री लाल सैनी अपने ढ़ाबे में काम कर रहे थे।

उसी दरम्यान मानसिंह मीना व उसके साथी ढ़ाबे में आये ओर शराब पीने लग गये उन्होने ढाबे में शराब पीने से मना किया इस पर विवाद हुआ। इसके बाद उन्होने खाना का ओडर दिया गया। ढ़ाबा संचालक ने खाना खिलाया लेकिन खाना का पैसा देने से मना कर दिया फिर दोनो के बीच विवाद बढ़ गया। उन्होने पुलिस में अपना जानकार होने के बाद कहते हुए चले गये। करीब एक घंटे के बाद पुलिस की गाड़ी ढ़ाबे पर आई। पुलिस कर्मियो ने मानसिंह व उसके साथियो की मदद से दोनो भाईयो पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। दोनो अपनी जान बचाते हुए बाइक लेकर रोनीजा निवासी महावीर सिंह के पास ज रहे थे। रोनीजा कट के पास पुलिस की गाड़ी ने बाइक के पीछे से टक्कर मार कर नीचे गिरा दिया। वहां भी दोनो के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने पूरी घटना को सड़क दुर्घटना में घायल बताया गया। मौके से बाइक को जप्त बताया गया। जबकी पुलिस कार्मियो ने अपने मिलने वाले लोगो के साथ मिलकर मारपीट की है। समाज के लोगो ने प्रकरण की उच्चस्तरीय जॉच उपरान्त दोषी पुलिस कार्मियो को बर्खास्त किया जाने की मांग की है। ज्ञापन के दौरान मांगीलाल सैनी, राजाराम सैनी, राधाकिशन सैनी, सीताराम सैनी,दुर्गालाल सैनी,जगदीश सैनी सहित दो दर्जन से अधिक लोग मौजूद रहे।

### त्रैमासिक बैंकिंग समीक्षा बैठक

## सरकारी योजनाओं की प्रगति व लाभार्थियों तक पहुंच सुनिश्चित करने पर जोर



बढ़ता राजस्थान

**कोटा,( का.स. )।** खैराबाद ब्लॉक में बुधवार को लीड बैंक मैनेजर श्रीमती दिलीप कौर की अध्यक्षता में उपखंड स्तरीय बैंकों की त्रैमासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2025 की अब तक की बैंकिंग प्रगति की समीक्षा करना एवं विभिन्न जनकल्याणकारी सरकारी योजनाओं की प्रभावी क्रियान्विति सुनिश्चित करना रहा। बैठक में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और सीएफएल (सेंटर फॉर फाइनेंशियल लिटरेसी) के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान लीड बैंक मैनेजर ने बैंकों को निर्देश दिए कि वे पात्र लाभार्थियों को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभ समय पर और पारदर्शिता के साथ उपलब्ध करवाएं। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण व दूरस्थ क्षेत्रों में वित्तीय जानकारी व जागरूकता बढ़ाने के लिए शिविरों का आयोजन किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग योजनाओं से जुड़ सकें।

बैठक में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, आत्मनिर्भर भारत योजना, पीएम जनधन योजना, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं आदि की प्रगति की समीक्षा की गई और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए रणनीतियां बनाई गईं।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, राजयोग सेवा केंद्र की ओर से समर कैंप के समापन समारोह



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** दिनांक 14.०५.2025 को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, आत्मा अनुभूति भवन, राजयोग सेवा केंद्र, प्रतापनगर, रावतभाटा में चल रहे आठ दिवसीय समर कैंप का समापन समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि डॉक्टर अनिल जाटव, ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा आयुर्वेद डॉक्टर ओम प्रकाश उपस्थित रहे । समापन समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा सभी बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए । मुख्य अतिथि ने सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया ।

मुख्य अतिथि ने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी राजयोग सेवा केंद्र द्वारा डिस्कवर दी स्पिरिट विदीन थीम पर संचालित किए गए इस समर कैंप के लिए आभार जताते हुए बताया कि वर्तमान समय में जहां सभी बच्चे मोबाइल इत्यादि में अपना समय व्यर्थ में व्यतीत करते हैं, ऐसे समय में इस प्रकार के आयोजन और गतिविधियों से बच्चों में ध्यान, योग, ज्ञान एवं विभिन्न प्रकार के सद्गुणों का विकास होता है जो कि जीवन में बेहद आवश्यक है । यह हमारे दैनिक स्कूल पाठ्यक्रम में सम्मिलित नहीं है । इस प्रकार की आयोजन से बच्चों में छोटी आयु से ही चरित्र निर्माण की शिक्षा मिलती है जो कि जीवन में बहुत ही कारगर सिद्ध होती है । सेवा केंद्र संचालिका बीके अंकिता दीदी ने बताया यह आठ दिवसीय समर कैंप मे बच्चों के उपयोगी विषयों पर क्लासेस कराया गया जैसे की एकाग्रता की शक्ति कैसे बढ़ाएं, डिजिटल डिटॉक्स, ग्रिटीट्यूड द वे ऑफ़ लिविंग एवं विभिन्न प्रकार की ब्रेन एक्सरसाइज तथा वैल्यू गेम्स कराए गए।इस कार्यक्रम में बीके सुमन दीदी, बीके लवीना दीदी, बीके दिव्या दीदी, बीके प्रीति दीदी, बीके निहारिका दीदी, बीके चित्र दीदी उपस्थित रही । सभी बच्चों ने इस समर कैंप का बहुत आनंद लिया और इसमें सिखाए गए सद्गुणों को जीवन में धारण करने का संकल्प लिया तथा कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।

# सैनिकों के पराक्रम के सम्मान में निकाली 'गौरव तिरंगा यात्रा'

## ऊर्जा मंत्री बोले- हमारी सेना ने पाकिस्तान परस्त आतंकवाद को जवाब दिया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** सैनिकों के शौर्य और पराक्रम के सम्मान में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर के नेतृत्व में कोटा में राष्ट्र गौरव तिरंगा यात्रा निकाली गई। जोशीले नारों और चारों ओर लहराते राष्ट्रीय ध्वज के साथ सीएडी कॉलोनी सिमलिया से रैली रवाना हुई।

तिरंगा रैली मंडोला और देवपुरा होते हुए सामुदायिक भवन निमोदा रोड दीगोद पर संपन्न हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और राष्ट्रवादी नागरिक दुपहिया और चौपहिया वाहनों के साथ रैली में शामिल हुए। ऊर्जा मंत्री नागर भी खुली जीप में सवार होकर तिरंगा यात्रा में शामिल हुए।

नवयुवक दिल में देशभक्ति का जज्बा और हाथों में तिरंगा लिए गांवों के मार्गों से गुजरे तो पूरा माहौल राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में आए कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा थाम रखा था। 'वंदेमातरम..' और ''भारत माता की जय'' के नारों से आसमान गूंज रहा था। जगह-जगह तोरण द्वार और पुष्पवर्षा से स्वागत किया जा रहा था। बीच-बीच में ढोल पर युवकों की टोलियां थिरक रही थी। डीजे पर देशभक्ति फिल्मी गीतों से माहौल में देशभक्ति की बयार बह रही थी।



### मंत्री बोले-हमारी सेना ने पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया

मंत्री हीरालाल नागर ने कहा- प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की सेनाएं अपनी वीरता का जबरदस्त प्रदर्शन कर रही हैं। भारत की सेना के शौर्य और पराक्रम को आज पूरा विश्व हतप्रभ होकर देख रहा है। उन्होंने कहा- पाकिस्तान ने पुलवामा और उरी के बाद पहलगाम में कायराना हरकत की है। इसका प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेनाओं ने जबरदस्त जवाब दिया।

पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाया कि वह घुटनों के बल आकर हमारे डीजीएमओ से संघर्ष विराम की गुहार लगाने लगा। आज पाकिस्तान परस्त आतंकवाद के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। देश के सभी राजनीतिक दलों ने मिलकर सेना की इस कार्यवाही का समर्थन किया है।

अब हम देशवासियों के लिए सेना के इस शौर्य और पराक्रम को सम्मान देने का अवसर है। सेना कभी हमारे तिरंगे को झुकने नहीं देगी। यह हमारा पूर्ण विश्वास है। इसी तिरंगे की छांव के नीचे एकजुट होकर भारत के नागरिक पाकिस्तान की सेना की ओर से पाले जा रहे आतंकवाद को जवाब दे रहे हैं।

रैली में जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, जिला अध्यक्ष प्रेम गोचर, प्रधान कृष्णा शर्मा, भारतीय जनता पार्टी सिमलिया मंडल प्रभारी भीमराज मीणा तथा दीगोद मंडल अध्यक्ष इन्द्र खंडेलवाल मौजूद रहे।

# भारतीय सेना के वीर जवानों के सम्मान में भाजपा के राष्ट्रव्यापी आह्वान के तहत विशाल तिरंगा यात्रा निकालने की बनी रूप रेखा, संयोजक किए नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** भारतीय सेना के वीर जवानों के सम्मान में भाजपा के राष्ट्रव्यापी आह्वान के तहत विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। जिसके लिए जिला संयोजक व जिला सह संयोजक नियुक्त किए हैं। जिसकी प्रारम्भिक तैयारियां शरू कर दी गई हैं। भाजपा नेता संजय लाठी ने बताया कि जिला मुख्यालय पर तिरंगा यात्रा के संचालन के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने प्रदेश के निर्देशानुसार व सहमति से वरिष्ठ भाजपा नेता व नगर परिषद के पूर्व सभापति महावीर मोदी को जिला संयोजक व पंचायत समिति, तालेड़ा के उप प्रधान राधेश्याम गुर्जर को जिला सह संयोजक नियुक्त किया हैं। लाठी ने बताया कि यह तिरंगा यात्रा भारत के शौर्य, पराक्रम व उत्साह का प्रतीक ही नही बल्कि भारतीय सेना द्वारा दिखाए गए अदम्य साहस और वीरता को नमन करने का अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि तिरंगा यात्रा भारतीय सेना के बहादुर सैनिकों के गौरव, आत्मसम्मान और वीरता का महाउत्सव होगा।

## ग्राम पंचायत में जिला कलेक्टर को सोपा ज्ञापन आमजन, को पेट्रोल पंपों पर सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर सोपे ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जयपुर प्रान्त के प्रान्तीय सह संगठन मंत्री घनश्याम के निर्देशन एवं जिलाध्यक्ष बाबूलाल कटारा के नेतृत्व में बुधवार को पैट्रोल पम्पों पर आमजन के लिए सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर ग्राहक पंचायत की ओर से जिला कलक्टर भरतपुर को ज्ञापन सौंपा गया। ग्राहक पंचायत की ओर से यह मांग की गई कि पैट्रोलियम और प्राकृतिक नियामक से प्राप्त लाइसेंस के अनुसार आमजन के लिए उपलब्ध होने वाली सुविधाओं को बहाल करवाया जावे । ज्ञापन में बताया गया है कि पेट्रोल पंपों पर हवा भरने, पीने के पानी, शौचालय, फोन कॉल, फर्स्ट एड, फायर सेफ्टी, शिकायत बॉक्स, ओपनिंग क्लोजिंग टाइम, मालिक और पेट्रोलियम कंपनी जानकारी, क्रेडिट कार्ड से भुगतान आदि सुविधाएं आमजन के लिए उपलब्ध नहीं हो पाती हैं । ज्ञापन के माध्यम से जिला कलक्टर से सभी पेट्रोल पंप पर आमजन के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जांच करवाने की मांग भी की गई। इसके उपरांत उक्त सभी समस्याओं को लेकर जिला रसद अधिकारी को भी अवगत कराते हुए पेट्रोल पंप पर आमजन के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जांच करने की मांग की एवं उपरोक्त सुविधाओं को बहाल करवाने का आग्रह किया गया । ज्ञापन देने वालों में ग्राहक पंचायत की सक्रिय कार्यकर्ता राजकुमारी शर्मा, संगठन के शहर अध्यक्ष विपुल, एडवोकेट शुभनेश, विधि आयाम प्रमुख एडवोकेट उत्तम, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ऋषिपाल, फ्यूचर पॉइंट एकेडमी के निदेशक पवन, प्रमुख व्यवसायी सुरेश शर्मा, पर्यावरण आयाम प्रमुख यशु पाराशर, भीम सिंह अध्यापक, यज्ञ सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## चिकित्सा अधिकारियों को दिया गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्ण देखभाल का प्रशिक्षण

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर,( नि.स. )।** जिले की मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए उद्देश्य से जिले के सभी चिकित्सा अधिकारियों को बॉर्न हेल्दी प्रोग्राम के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ सहयोगी संस्था जपाईगो एवं चाइल्ड इन्वेस्टमेंट फंड फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीण गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने संबंधी विषयों पर प्रशिक्षण दिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रतिभागियों को प्रसव पूर्ण सेवाओं को और गुणवत्तापूर्ण बनाने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि मातृ और शिशु मृत्यु दर कम करने हेतु प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दौरान गर्भवती महिला सभी जांच गुणवत्तापूर्ण तरीके से करें। उन्होंने गर्भावस्था देखभाल, पोषण, टीकाकरण, प्रसवपूर्व जटिलताओं की पहचान पर जोर दिया है स इस दौरान जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शिवकुमार शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के दौरान गर्भवती महिला का जॉच करवाया जाता हैं जिससे ज्यादा से ज्यादा उच्च जोखिम गर्भवती महिला का चिन्हीकरण सुनिश्चत करें। जिससे गर्भवती महिलाओं को सही इलाज उपलब्ध हो सके। प्रशिक्षण के दौरान मेडिकल इनचार्ज भरतपुर से जपाईगो प्रतिनिधि डॉ. जयपाल त्रिवेदी, जपाईगो जिला समन्वयक सुमित पुरी सहित सभी चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहे।

## पटवारी से गिरदावर पदोन्नति सहित जिला कार्यकारिणी सदस्यों का सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** भुसावर पटवार शाखा की ओर से पटवारी से पदोन्नति गिरदावर मनजीत सिंह, लोकेश पाण्डेय्, रूनिया शर्मा,महेश मीणा, रामकेश मीणा, सहित कानूनगो संघ, जिला कार्यकारिणी में निर्वाचित विक्रम सिंह सौभाध्यक्ष एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष कांति प्रसाद तिवारी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अमित ,अंजू ,ज्योति, बलराम सहित अनेक पटवारी उपस्थित रहे ।

## नर्सिंग छात्र नमन की हत्या का मामला

# एक महीने बाद भी पुलिस के हाथ खाली

### परिजनों ने लगाया पुलिस पर लापरवाही का आरोप,राज्यपाल को दिया ज्ञापन, परिजनों को आशंका, शहर में बढ़ते स्मैक के कारोबार से जुड़े हो सकते है घटना के तार

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** 18 अप्रैल को शहर के खेरे रोड़ पर जंगल में एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। जिसकी पहचान करीब 12 घण्टे बाद शहर की मास्टर कॉलोनी निवासी नमन जादौन पुत्र राजेश जादौन के रूप में हुई।घटना को लेकर परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया था। लेकिन घटना के करीब एक महीने बाद भी पुलिस पूरे मामले का खुलासा नही कर पाई है। न ही मामले में कोई आरोपी गिरफ्तार किया गया है। ऐसे में पीड़ित परिजनों द्वारा जयपुर पहुच राज्यपाल से गुहार लगाई है। जिसमे स्थानीय पुलिस पर मामले में टालमटोल का आरोप लगाया है ओर घटना की जांच को बदलने की मांग की है।

25 वर्षीय मृतक नमन के दादा 70 वर्षीय पूर्व शारीरिक शिक्षक अशोक जादौन ने बताया कि उनका नाती नमन 17 अप्रैल गुरुवार को ग्वालियर जाने के लिए सुबह 9 बजे घर से निकला था। उसने बीएससी नर्सिंग की थी और जॉब की तैयारी कर रहा था। 18 अप्रैल को शाम 5 बजे व्हाट्सएप के जरिए उन्हें पता लगा कि खेरे रोड पर जो अज्ञात युवक मृत अवस्था में मिला है वह उनका नाती है। इस पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मामले को लेकर जब उन्होंने जानकारी की तो पता लगा कि 17 तारीख को एक युवक नवीन सेन उसे बाइक पर बिठाकर बारहमासी पीपल की तरफ लेकर जाता देखा है। ऐसे में उन्होंने हत्या की आशंका से कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। लेकिन पुलिस आज तक नमन की मौत का सही कारण नहीं बता पाई है। ना ही किसी आरोपी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने पुलिस के उच्च अधिकारियों से भी गुहार लगाई लेकिन जब कहीं सुनवाई नहीं हुई तो अब राज्य के राज्यपाल से मामले के निष्पक्ष जांच और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए ज्ञापन दिया है।

**परिजनों को आशंका,स्मैक के अवैध कारोबार से जुड़े हो सकते हैं तार** -परिजनों का आरोप है की शहर में स्मेक का अवैध कारोबार चल रहा है। जो भोले भाले युवाओं को अपना शिकार बना रहे हैं। नमन को भी उन्होंने अपना शिकार बनाया था। नमन को कई बार स्मेक के पैकेट भी दिए गए। जिनका वह सेवन करने का आदि हो गया। उन्होंने नमन का कई बार उपचार भी कराया लेकिन नमन उनके चंगुल से नहीं छूट सका।इसकी पूरी जानकारी भी परिजनों ने पुलिस को दी लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

## बिना नोटिस के सखी वन स्टाप सेंटर स्टाफ को हटाया, फिर से कार्यभार ग्रहण कराने की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी रोड स्थित सखी वन स्टाप सेंटर पर तैनात स्टाफ को कार्यदायी संस्था ने बिना कोई नोटिस या सूचना दिए हटा दिया। जिसकी शिकायत कार्मिकों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से सौंपी है। साथ ही सेंटर में पुन: बहाली करने की गुहार लगाई है। कार्मिकों ने जिला कलेक्टर श्रीनिधि बी टी को सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि महिला बाल अधिकारिता विभाग ने पुरानी संस्था की सेवा समाप्त कर सखी वन स्टाप सेंटर का कार्य रणथंभोर सेवा संस्थान को सौंपा है। सखी वन स्टाप सेंटर की पूर्व कार्मिक जयश्री ने बताया कि नई संस्था ने बिना किसी नोटिस के सेंटर से 10 कर्मचारियों के सेवाएं मनमाने ढंग से समाप्त कर दी। जबकि नियमानुसार सेवाएं समाप्त करने से पूर्व नोटिस और आने वाले महीनों का वेतन देने का नियम है। लेकिन नई संस्था ने इन नियमों का उल्लंघन किया है और 10 लोगों को बेरोजगार कर दिया है। हमने जिला कलेक्टर को इस सबंध में ज्ञापन सौंपा है।

इस मामले के साथ ही सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें संस्था का एक सदस्य सखी वन स्टाप सेंटर में नौकरी देने के नाम पर विभाग द्वारा तय वेतनमान में से मानदेय मिलने के बाद रुपयों को वापस करने की बात कहता नजर आ रहा है। वीडियो में दिखाई देने वाला व्यक्ति संस्था रणथंभोर के कॉर्डिनेटर विजयराज सिंह चौहान बताए गए हैं।

इस वीडियो को कॉर्डिनेटर विजयराज सिंह चौहान से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि यह वीडियो षड़यंत्र के तहत बनाया गया है। उन्होंने किसी प्रकार से कर्मचारियों के मानदेय से रुपए देने की कोई बात नहीं कही है। उनकी संस्था को महिला अधिकारिता विभाग की ओर से अप्रैल माह में नया टेंडर प्राप्त हुआ है। उनकी संस्था ने धौलपुर सखी वन सेंटर ने नए 11 कर्मचारियों की नियुक्ति की है।

सारे आरोप पूरी तरह बेबुनियाद है। टेंडर के नियमानुसार संस्था पुराने कर्मचारियों की सेवाएं खत्म कर सकती है। यह मामला पहले भी जिला कलेक्टर के समक्ष पेश हुआ था। लेकिन पुराने कर्मचारी नियमों को मानने के लिए तैयार नहीं है। साथ ही वायरल वीडियो के बारे के मुझे कोई जानकारी नहीं है।

## केन्द्र एवं राज्य सरकार की बैक योजनाओं का लाभ ले



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** पंजाब नैशनल बैंक के मंडल प्रमुख प्रमोद कुमार के निर्देशानुसार जिले के किसानों को बेहतर विकास एवं केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं को जन मानस तक पहुंचाने के लिए प्रशांत कुमार,अग्रणी जिला प्रबंधक , भरतपुर के अध्यक्षता में पंजाब नैशनल बैंक, रुदावल के तत्वाधान ग्राम- खेड़ा ठाकुर तहसील - रूपवास में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें शाखा प्रबंधक नरेंद्र सिंह ,आर्सेटी निदेशक उपेन्द्र श्रीवास्तव , एफएलसी सलाहकार मनोज गुप्ता, कृषि अधिकारी धर्मेंद्र कुमार एवं लगभग 50-60 ग्रामीण किसान एवं राजीविक की दीदियां उपस्थित रही। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों कि आय बढ़ाने के लिए समेकित फार्मिंग,कृषि ऋण सम्बन्धित योजनाओ , समाजिक सुरक्षा योजना,अटल पेंशन योजना, सुकन्या समृद्धि योजना , बचत खाता ,मियादी जमा खाता,ओटीस न कर पूरा ऋण चुकाने की प्रवत्ति एवं उसके फायदे, पीएनबी ऑन, यूपीआई का उपयोग एवं साइबर क्राइम से बचाव आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई ।

इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम शाखा प्रबंधक नरेंद्र सिंह के द्वारा सभी अतिथियों , किसान भाईयों एवं राजीविका के दीदियों का हार्दिक स्वागत किया गया।

अग्रणी जिला प्रबंधक प्रशान्त कुमार ने अपने संबोधन में केसीसी , केजीएस एवं गोल्ड ऋण ,पशुपालन ऋण, मत्स्य पालन, ग्रामीण भंडारण योजना, मुर्गी पालन एवं पंजाब नैशनल बैंक के नए बचत योजना जैसे किसान हरित एवं किसान समृद्धि आदि के फायदे के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया साथ ही साथ उन्होंने सभी ग्रामिणो को समय पर लोन भुगतान करने का फायदा भी बताया तथा सभी किसान भाईयों से समय पर लोन भुगतान करने के लिए आग्रह किया पीएनबी आरसेटी निदेशक उपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा संस्थान द्वारा चलाये जा रहे प्रशिक्षणों की विस्तृत जानकारी ग्रामीण युवक-युवतियों को दिया तथा स्वरोजगार से जुडने हेतु ग्रामीणों से आवाहन किया। एफ.एल.सी मनोज कुमार गुप्ता द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया तथा लगभग किसान हरित योजना के लिए 15 आवेदन ग्रामीणों के द्वारा भरा गया ।

## श्री हरिचैतन्य महाप्रभु ने कामवन का सम्पूर्ण विश्व में बढाया गौरव-बेढम

बढ़ता राजस्थान



**कामां / भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** तीर्थराज विमल कुंड स्थित श्री हरि कृपा आश्रम के संस्थापक व श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर विश्व विख्यात संत स्वामी श्री हरि चैतन्यपुरी जी महाराज के दर्शनों के लिए आज दिनभर में हजारों श्रद्धालुओं के साथ-साथ राजस्थान सरकार के गृह राज्य मंत्री व महाराज जी के प्रिय भक्त जवाहर सिंह बेढम पहुंचे । श्री महाराज का भव्य स्वागत किया। श्री रघुनाथ जी व श्री चैतन्येश्वर महादेव का पूजन,आरती की।

श्री हरि कृपा आश्रम द्वारा भी उनका भव्य स्वागत किया गया। श्री महाराज का सम्मान करते हुए बेढम जी ने कहा कि कामवन के इस लाल स्वामी हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने कामवन ही नहीं, राजस्थान व पूरे देश का गौरव पूरे विश्व में बढ़ाया है। श्री महाराज ने कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा किए जा रहे विकास के कार्यों, जन उपयोगी क्रियाओं के क्रियान्वयन व जन जन के लिए उठाए जा रहे प्रभावशाली व ठोस कदम प्रशंसनीय हैं। मुझे आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि प्रदेश सरकार विकास की बुलंदियों को छूएगी व कीर्तिमान स्थापित करेगी तथा जन जन की उपेक्षाओं पर खरी उतरेगी ।

महाराज के दर्शनों के लिए आज हजारों श्रद्धालुओं के साथ-साथ गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, रविंद्र जैन, लखपत गुर्जर, व्यापार मंडल के अध्यक्ष व अन्य, चेयरमैन, पूर्व चेयरमैन, उपजिला कलेक्टर सर्वेश शर्मा , दिलीप अरोड़ा, सर्वेश वकील, गोपाल जाटव, महेन्द्र अरोड़ा व बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।

## अवैध खनन के विरुद्ध नाकाबंदी के दौरान सरकारी गाड़ी को क्षति ग्रस्त करने आरोपियों को किया गिरफ्तार किया

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)। जिले में अवैध खनन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान वन विभाग वैर की टीम द्वारा गद्दी वाले बंद कस्बा वैर में नाके बंदी की की जा रही थी नाकाबंदी के दौरान गांव खैर्रा के पहाड़ से अवैध खनन कर ट्रैक्टर ट्राली में पत्थर भरकर लाते हुए चार ट्रैक्टरों द्वारा वन विभाग की नाकाबंदी को तोड़कर जीप सरकारी में टक्कर मारकर उसे क्षति ग्रस्त कर ट्रैक्टर मय ट्राली को भगाकर ले गए थे जिस पर थाना आज पर मुकदमा नंबर 103/ 2025 धारा 189 (2) 351 (2) (3) 132, 303(2) 352 बीएस धारा 3 पीडीपीपी एक्ट एवं धारा 33, 41, 42 वन अधिनियम दर्ज हुआ इस मुकदमा में थाना प्रभारी द्वारा कार्रवाई की गई जिसमें आरोपी राजवीर गुर्जर पुत्र जग्गी जाति गुर्जर उम्र 23 साल निवासी सरसैना पुलिस थाना हलेना, लव कुश पुत्र मोती जाति गुर्जर उम्र 28 साल निवासी खैर्रा, संजय पुत्र मनोहरी उर्फ मन्नो जाति गुर्जर उम्र 30 साल निवासी खैर्रा, मोहन सिंह उर्फ हब्बो पुत्र अर्जुन जाति गुर्जर उम्र 43 साल निवासी खैर्रा पुलिस थाना वैर जिला भरतपुर को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से चार ट्रैक्टर बरामद किए गये।

प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों से अनुसंधान किया जा रहा है तथा उन्हें 15 मई को न्यायालय में पेश किया जाएगा। कार्यवाही के दौरान थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह राजावत उप निरीक्षक के साथ बत्तू सिंह. एएसआई धर्म वीर सिंह एचसी जसवंत सिंह, सत्यवीर सिंह, प्रेम सिंह, मनीष कुमार, जितेंद्र कुमार, कुशवीर कांस्टेबलों का जाप्ता साथ रहा।

# अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई:दो जेसीबी और करीब 25 सफाई कर्मियों के साथ नप ने चलाया अभियान

### लगातार नगर परिषद ने शहर की दो कॉलोनियों में स्थाई-अस्थाई 50 अतिक्रमण कराए ध्वस्त

बढ़ता राजस्थान




**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** शहर में बारिश से पहले जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए शहर में नगर परिषद की ओर से अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी है। जहां शहर के बाद अब कॉलोनियों में परिषद की ओर से घरों के आगे पक्के चबूतरों एवं सीढियां बना रखी है, जिसके कारण कॉलोनियों में वाहनों को आवागमन नहीं होने से लोगों को होने वाली परेशानी से निजात दिलाने के लिए रास्तों में होने वाले स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमणों को चिन्हित कर जेएसबी से हटाया जा रहा है।

मंगलवार को नगर परिषद का अतिक्रमण विरोधी दस्ता शहर की गोशाला एवं महाराणा प्रताप कॉलोनी में पहुंचा जहां उन्होंने करीब 40 से 50 स्थाई एवं अस्थाई अतिक्रमणों को जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया गया। नगर परिषद के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि कॉलोनियां में पड़ी सीवरेज की लाइनें ब्लॉक होने पर परिषद का गाडियां तक नही पहुंचने से सीवरेज की सफाई नहीं हो पाने को लेकर लोगों को होने वाली परेशानी को देखते हुए रास्तों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। नगर परिषद के एक्सईएन गुमान सिंह सैनी ने बताया कि शहर में अधिकांश कॉलोनियों में रास्तों में हो रहे अतिक्रमण के कारण सीवरेज साफ करने वाली मशीन अंदर तक नहीं पहुंच पाने से सीवरेज की समस्या बनी हुई है।

जिसे लेकर परिषद की ओर से दो जेसीबी एवं टेक्टर ट्रॉलियों एवं करीब 25 सफाई कर्मियों के साथ कार्रवाई की गई। इस अवसर पर एक्सईएन गुमान सिंह के साथ जेईएन हमेराज, सफाई निरीक्षक नीरज चाहर, मनोज मीणा सहित आदि मौजूद रहे। इस दौरान कुछ लोगों ने एतराज भी जताया। मौके पर मौजूद अधिकारियों की ओर से समझाइश की गई। परिषद अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# उप मुख्यमंत्री ने दुर्घटना पीड़ितों के परिजनों को बंधाया ढांढस



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा बुधवार को बूंदी जिले के प्रवास पर रहें। इस दौरान वे झालीजी का बराना गाँव पहुँचे, यहाँ उन्होंने विगत दिनों एक सड़क दुर्घटना में मृतक चौंतरा का खेड़ा एवं झालीजी का बराना निवासियों के लिए आयोजित श्रद्धांजलि सभा में शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया ।

उप मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में घायल हुए लोगों के परिजनों से उनकी कुशलक्षेम भी पूछी और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। श्री बैरवा ने प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। इस दौरान जिलाध्?यक्ष रामेश्?वर मीणा, केशवरायपाटन की पूर्व विधायक चन्?द्रकांता मेघवाल, पूर्व जिला प्रमुख राकेश बोयत एवं भारत वर्मा, हजारीलाल, उपखंड अधिकारी लाखेरी भावना सिंह मौजूद रहें।

# जीवन की सफलता हेतु धर्म का मार्ग आवश्यक- महासाध्वी प्राची म.सा.




बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर में स्थित अंबेश भवन में बुधवार को श्रमण संघीय महासाध्वी प्राची म.सा. ने धर्मसभा को संबोधित करते हुवे कहाकि मनुष्य जीवन को सफल बनाने के लिए धर्म का मार्ग अपनाना आवश्यक है। प्रसिद्धि की दौड़ में जीवन उलझ जाता है।सिद्धि पाने के लिए प्रसिद्धि से दूर रहना आवश्यक है। इस दौरान साध्वी चिंतन श्री ने जीवन में सकारात्मक बदलाव के चार प्रमुख उपाय बताये।जिसमे दृष्टिकोण में बदलाव,सद्गुणों की प्राप्ति,परिस्थितियों का समाधान एवं सकारात्मक सोच शामिल हैं। इधर धर्मसभा संचालक एवं श्रमण संघ अध्यक्ष कपासन आसूर्यप्रकाश सिरोया ने बताया कि साध्वी प्राची के साथ साध्वी देवांशी,साध्वी ब्रह्मी एवं साध्वी सुन्दरी सहित चार ठाणा द्वारा बुधवार सुबह चित्तौड़ की ओर प्रस्थान किया गया।इस कार्यक्रम में शंकरलाल लोढ़ा,रूपलाल डांगी,सुगन बाघमार,प्रकाश आंचलिया,अनिल बाघमार,मोतीलाल चंडालिया, शरद चंडालिया समेत कई श्रावक श्राविकाएं उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय डेंगू दिवस 16 मई को
## डेंगू से बचाव के लिए जिलेभर में चलेगा जागरूकता अभियान

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, ( नि.स. )।** राष्ट्रीय डेंगू दिवस आगामी 16 मई को जिलेभर में व्यापक जागरूकता गतिविधियों के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष का थीम देखें, साफ करें, ढकें: डेंगू को हराने के उपाय करें रखा गया है। जिलेभर में इस अवसर पर एंटीलार्वा गतिविधियां, सर्वे, सैम्पलिंग, एंटी-अडल्ट मच्छर नियंत्रण और ओपीडी में लार्वा प्रदर्शन के साथ-साथ जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ. सीपी गोस्वामी ने बताया कि डेंगू रोग के बचाव के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए हर वर्ष 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है। जिलेभर में डेंगू दिवस के दौरान डेंगू सहित अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव व रोकथाम के लिए चिकित्सा सेवा के कार्मिकों द्वारा विभिन्न एन्टीलार्वल गतिविधियों का आयोजन कर आमजन को जागरूक किया जायेगा। उन्होंने बताया कि डेंगू को हराने के लिए सतर्कता, सफाई और बचाव ही सबसे महत्वपूर्ण उपाय हैं। डेंगू जैसी घातक बीमारी से बचाव के लिए मच्छरों के प्रजनन को रोकना अत्यंत आवश्यक है। डेंगू का मच्छर साफ पानी में पनपता है, इसलिए पानी से भरे बर्तनों को ढक कर रखना, किचन और बाथरूम को सूखा रखना और सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करना जरूरी है। बुखार होने पर तुरंत अपने नजदीकी चिकित्सालय में जाकर चिकित्सक से परामर्श लेना भी आवश्यक है।

# भाजपा मंत्री द्वारा भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी को पाकिस्तान और आतंकियों की बहन कहना भारतीय सेना और देश की बेटी का घोर अपमान है - आप नेता हेमेन्द्र सिंह मेहता

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** आम आदमी पार्टी भीलवाड़ा के जिला संयुक्त सचिव हेमेन्द्र सिंह मेहता ने मध्यप्रदेश में भाजपा के मंत्री विजय शाह द्वारा भारतीय सेना की बहादुर कर्नल और देश की बेटी सोफिया कुरैशी को पाकिस्तान और आतंकियों की बहन कहने वाले बयान को अत्यंत निंदनीय, शर्मनाक और देशविरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह बयान न केवल भारतीय सेना का, बल्कि पूरे देश का अपमान है। भारत कभी भी सेना और देश के अपमान को बर्दाश्त नहीं करेगा। हेमेन्द्र सिंह मेहता ने माँग की है कि भाजपा को अपने मंत्री विजय शाह को तुरंत मंत्री पद और पार्टी दोनों से हटाना चाहिए। साथ ही उन पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाना चाहिए।

आप नेता ने बताया कि जब जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 निर्दोष नागरिक मारे गए, तब पूरा देश गुस्से में था। इसके जवाब में 7 मई को ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया, जिसमें भारतीय सेना ने एलओसी पार कर आतंकियों के ठिकानों को तबाह कर दिया। इस ऑपरेशन की रणनीतिक कमान कर्नल सोफिया कुरैशी ने संभाली थी। उन्होंने न केवल मोर्चा संभाला, बल्कि पूरे आत्मविश्वास के साथ मीडिया के सामने भारत का पक्ष भी रखा। ऐसी जांबाज़ अफसर को सम्मान देने के बजाय भाजपा के मंत्री विजय शाह ने उन्हें पाकिस्तान और आतंकियों की बहन कहा - जो देश की हर बेटी और सैनिक के लिए गहरा अपमान है। यह बयान उनके नाम और धर्म के आधार पर घृणित मानसिकता को दर्शाता है।

# राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के नेतृत्व में शिक्षक सभा का आयोजन

## प्रदेश सरकार के खिलाफ शिक्षको का फूटा आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** शिक्षकों के स्थानांतरण,पदोन्नति सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ तीव्र आक्रोश व्याप्त है।जिसके तहत राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के बैनर तले चितौड़गढ़ जिले में निंबाहेड़ा ब्लॉक के नेहरू पार्क में शिक्षक सभा का आयोजन किया गया।जिसमें शिक्षको द्वारा बढ़चढकर भाग लिया गया।

उक्त सभा में शिक्षक संघ के चितौड़गढ़ जिलाध्यक्ष जयपाल बुरड़क ने प्रदेश सरकार की शिक्षा व शिक्षक विरोधी नीतियों के खिलाफ कड़ा प्रहार करते हुवे स्थानांतरण व पदोन्नति नही होने तथा सरकार की हठधर्मिता के चलते शिक्षक वर्ग आंदोलन हेतु विवश हो रहा है।जिसके अंतर्गत आंदोलन में 21 मई को शिक्षक संघ शेखावत के नेतृत्व में प्रदेशव्यापी जत्था अभियान उदयपुर से प्रारंभ होगा जो डूंगरपुर, बांसवाड़ा,उदयपुर,राजसमंद,चित्तौड़गढ़,भीलवाड़ा से होगा।साथ ही 27 मई किशनगढ़ क्षेत्र के शिक्षक पैदल कूच के साथ संगठन से जुड़ेंगे।जिला उपाध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि सरकार ने शिक्षकों पर अनेकों प्रकार के गैर-शैक्षणिक कार्य थोपकर शिक्षक को कक्षा-कक्ष से दूर करने का प्रयास किया है।जिसके चलते संगठन का प्रदेशव्यापी जत्था अभियान के बाद 27 मई को किशनगढ़,टोंक,दौसा व सीकर से हजारों की संख्या में शिक्षक जयपुर कूच करेंगे।

ब्लॉक अध्यक्ष सचिन मान ने कहा स्थाई स्थानांतरण नीति के अभाव में विगत डेढ़ दशक से विशेष आवश्यकता वाला शिक्षक सहित समस्त शिक्षक वर्ग उत्पीड़न का शिकार हो रहा है।ब्लॉक मंत्री विजेंद्र अवाना ने कहा एक साल बीत जाने के बाद भी महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में नवचयनितों को नियुक्ति प्रदान नही की है।




इस अवसर पर शिक्षक कपिल चंदेल,राजेंद्र कुमावत, श्रीराम,विनोद बंजारा,विकास कुमार,राजेश मीणा, मनोज,सूर्यकांत चौधरी,अखिलेश सोलंकी,नरेंद्र राव, गोपाल घायल,वेदप्रकाश,राजेश माहीच,विमलेश सिहाग,रामगोपाल भादू,मुशद्दी लाल,गौरव गोदारा, शिवकुमार सोनी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# तेजस उत्सव के तहत परिण्डे लगाकर पक्षी संरक्षण का दिया संदेश

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के जन्म दिवस के उपलक्ष में आयोजित किए जा रहे तेजस उत्सव के तहत छात्र-छात्राओं ने अपने नाम का परिण्डे लगाकर उनमें नियमित रूप से पानी भरने का संकल्प लिया।

हिन्दुस्तान स्काउट गाइड की जिला कोषाध्यक्ष निधि जैन गंगवाल ने बताया कि राउमावि जमीतपुरा, राउमावि रिहाणा तथा नरसिंहपुरा में तेजस उत्सव के तहत गर्मी के मौसम को देखते हुए परिण्डे लगाकर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की गई और छात्र-छात्राओं को उनमें नियमित रूप से पानी भरने की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस दौरान उप प्रधानाचार्य ममता सुवालका ने हमारे जीवन में पक्षियों की आवश्यकता बताते हुए पक्षियों के संरक्षण सहित भीषण गर्मी में पेयजल व दाना पानी की व्यवस्था करने को मानव मात्र का फर्ज बताया। इस दौरान छगन लाल मीणा, हरिमोहन मीणा, सूर्यप्रकाश जांगिड, रिंकू जैन, इरशाद अली, शोएब खान, विशाल राठौर, स्नेहा चौधरी, आशु मेघवाल, जस्सू मेघवाल,



पल्लवी राठौर ने अपने नाम का परिन्डा लगा, नियमित पानी भरने का संकल्प लिया।

वहीं राउमावि रिहाणा में उप प्रधानाचार्य आबिद हुसैन के नेतृत्व में विद्यालय परिसर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में पक्षियों के लिए परिण्डे लगाए गए। उप प्रधानाचार्य आबिद हुसैन ने कहा कि पर्यावरण के साथ ही मानव जाति के लिए भी परिंदों का जिंदा रहना जरूरी है। हरियाली के विकास में सबसे ज्यादा इन्हीं पक्षियों का योगदान होता हैं।

प्रभारी प्रदीप शर्मा ने बताया कि तेजस उत्सव के तहत छात्र-छात्राओं को परिण्डे आवंटित कर उनमें नियमित रूप से पानी की व्यवस्था करते हुए प्रकृति संरक्षण का संकल्प भी दिलवाया। इस दौरान भीम सिंह, दशरथ मीणा, राजेश कुमार, मनोज कुमार, हरिओम शर्मा, चन्द्रेश गौतम, महेन्द्र गढवाल, भीष्म नारायण शर्मा, श्याम बिहारी शर्मा, प्रहलाद मीणा, जितेन्द्र कुमार, विकास शर्मा, मदन लाल सैनी, दिनेश शर्मा मौजूद रहें।

## महेश नवमी महोत्सव
# शोभायात्रा समिति की बैठक संपन्न, व्यवस्था, सुरक्षा और आयोजन से संबंधित विषयों पर की चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** श्री महेश नवमी महापर्व पर निकलने वाली शोभायात्रा हेतु शोभायात्रा समिति की बैठक नगर सभा के मंत्री संजय जागेटिया के सानिध्य में श्री महेश शिक्षा सदन में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से शोभायात्रा की व्यवस्था, सुरक्षा और आयोजन से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान समिति के करीब सभी सदस्य उपस्थित थे। मिडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया की बैठक में शोभायात्रा का मार्ग क्या रहेगा उसकी जानकारी दी गई। जल व्यवस्था झांकियों की व्यवस्था, टेंपो, माइक हाथी, घोड़े, ऊंट ध्वज, पताकाएं, बैनर बैंड एवं ढोल ई-रिक्शा शिव परिवार में से किसी की भी प्रतिमूर्ति बनकर आने वालों की प्रतियोगिता, शोभा यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था, शोभायात्रा के पीछे पीछे स्वच्छता के लिए व्यवस्था आदि विषयों पर विचार कर कार्य विभाजन किया गया। शोभायात्रा में आगे से लेकर पीछे तक की क्या रचना रहेगी उस पर चर्चा की गई। गत वर्षो के अनुभव के आधार पर शोभायात्रा मार्ग में किसी प्रकार की खाद्य एवं पेय पदार्थ नहीं देने का सर्व सहमति से निर्णय किया गया तथा श्रीनगर माहेश्वरी सभा के मंत्री महोदय के माध्यम से श्रीनगर माहेश्वरी सभा से निवेदन किया गया कि मार्ग में किसी भी तरह की पेय पदार्थ एवं खाद्य सामग्री देने की किसी को भी स्वीकृति प्रदान नहीं करें। मीटिंग में शोभायात्रा प्रभारी मुकेश चेचानी, लोकेश आगाल, शोभायात्रा समिति सदस्य कैलाश लढ़ा, अश्विनी तोतला, दिनेश हेड़ा, रामनिवास समदानी, कमलेश सोमानी, गोपाल सोमानी, आशीष झंवर, कैलाश बल्दवा, पिंकेश मंडोवरा, अनिल आगीवाल, शुभम कालिया, राजेंद्र कालिया, घीसूलाल जागेटिया, महेश काबरा, रामचंद्र मून्दड़ा, राजेंद्र गंदोड़िया, राजेंद्र तोषनीवाल उपस्थित रहे। अंत मे शोभायात्रा के मुख्य संयोजक सुभाष बाहेती ने मीटिंग में पधारे सभी सदस्यों एवं श्री महेश सेवा समिति भीलवाड़ा का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

## विधायक ने किया रामनगर पंचायत में विकास कार्यों का लोकार्पण
# रामनगर पंचायत में विधायक कोष हुए लगभग 10 लाख रुपए के विकास कार्य

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** विधान सभा की ग्राम पंचायत रामनगर में विधायक कोष से निर्मित लगभग 10 लाख रुपए की राशि के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे विधायक हरिमोहन शर्मा ने कहा कि रामनगर पंचायत पूरे जिले के लिए एक उदाहरण है आज यह पंचायत एक आदर्श पंचायत के रूप में जानी जाती है। इस पंचायत में जनप्रतिनिधियों के जागरूकता के कारण लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। भविष्य में भी इस पंचायत मैं जो भी आवश्यकता होगी वह मै पूरा करूंगा! कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हैं पीसीसी सत्येश शर्मा ने कहां की आज विधायक कोष से लगभग 10 लाख रुपए की राशि के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया जा रहा है। पूर्व में अशोक गहलोत जी की सरकार के समय में इस पंचायत में लगभग 3 करोड रुपए के विभिन्न विकास कार्य हुए हैं जो आज सभी के सामने हैं और परिणाम स्वरूप पूरे बूंदी जिले में यह पंचायत एक आदर्श पंचायत के नाम से जानी जाती है। इस




पंचायत के सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधिय जागरूक है।

### इन विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण

जोगणिया माता जी से चंदन सिंह के मकान की ओर सीसी सड़क निर्माण, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पास सार्वजनिक चौक में टीन शेड निर्माण कार्य, जाटों के रामनगर में घास भेरुजी के पास हेडपम्प, ग्राम काटी गोल चबूतरे के पास हेडपंप व रामनगर कंजर कॉलोनी में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हेड पंप निर्माण कार्य का लोकार्पण! कार्यक्रम में प्रेम बाई, प्रधान पंचायत समिति, बूंदी, आशा मीणा पंचायत समिति सदस्य, बालकदास समाजसेवी, रामकरण मीणा पूर्व सरपंच, सतोष बाई उपसरपच, दुर्गालाल सैनी सरपंच, छेलूराम, राजवीर, जीतू चौधरी, सत्यनारायण चौधरी, बालक राम, जसराम, राजेश व अजय अन्य ग्राम वासी उपस्थित रहे!!

# तृतीय रक्तदान शिविर की तैयारियों से संबंधित मीटिंग आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, ( नि.स. )।** श्री नगर माहेश्वरी सभा द्वारा महेश नवमी महोत्सव 2025 के रक्तदान शिविर की श्रृंखला में आगामी 18 मई को आयोजित होने वाले तृतीय रक्तदान शिविर की तैयारियों से सबंधित मीटिंग मंगलवार को एमपीएस गर्ल्स स्कूल आजाद नगर में आयोजित की गई। मीटिंग में अधिक से अधिक यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य रखा गया। मीटिंग में नगर सभा से महेश नवमी महोत्सव सह संयोजक सुरेश बिरला, सह सचिव विनय माहेश्वरी, रक्तदान शिविर मुख्य प्रभारी महेश जाजू, राकेश काबरा, अंकित सोमानी ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कार्यक्रम को अंतिम रूप देने हेतु सात क्षेत्रीय सभा जिसमें चंद्रशेखर आजाद, काशीपुरी, बसंत विहार, आजाद नगर, शास्त्री नगर, बापू नगर, पुर सभाओं के अध्यक्ष मंत्री, महिला संगठन एवं युवा संगठन के अध्यक्ष मंत्री एवं रक्तदान शिविर प्रभारी उपस्थित रहे। इस दौरान कई सदस्यों ने तैयारियों के बारे में भी अपने अपने विचार रखे। इस मौके पर रामनिवास समदानी, कुंजबिहारी चांडक, सत्यनारायण समदानी, संजय राठी, कपिल बाहेती, चंदा जागेटिया, शोभा राठी, निराली पटवारी, सुनीता लढा, प्रदीप जागेटिया, हर्ष राठी, पुनीत सोनी, दिनेश हेडा, प्रमोद राठी, ओमप्रकाश काबरा, मितेश सोडाणी, त्रिदेव मूंदड़ा, शंकर ईनानी, अभिषेक बाहेती, भगवती गदिया, अजय कोठारी,आदि उपस्थित रहे।

# राजकीय विद्यालय सिंहपुर के प्रधानाचार्य की सेवानिवृति पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** श्री मुरलीधर रामायण मंडल सिंहपुर द्वारा रामचरितमानस के पंचम सोपान सुंदरकांड के संगीतमय पाठ का राजकीय विद्यालय सिंहपुर के प्रधानाचार्य आनंद कुमार दीक्षित की सेवानिवृत्ति से पूर्व आयोजन किया गया।

जानकारी अनुसार राजकीय विद्यालय सिंहपुर के प्रधानाचार्य आनंद कुमार दीक्षित के सेवानिवृत्ति के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसके अंतर्गत राजकीय विद्यालय सिंहपुर परिसर मे श्री मुरलीधर रामायण मंडल सिंहपुर द्वारा श्री रामचरितमानस के पंचम सोपान श्री सुंदरकांड का संगीतमय पाठ किया गया।उक्त धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ पं. अशोक व्यास एवं पं. कैलाशचंद्र गर्ग सिंहपुर द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार



एवं गणपति पूजन के साथ किया गया।

इस अवसर पर गुलाब सोनी,बंटी सोनी,ढोलक वादक गोपाल वैष्णव ऑर्गन वादक,श्यामलाल सिंहपुर,पूर्व विधायक बद्रीलाल जाट,अशोक पलोड़ चित्तौड़गढ़, प्राचार्य कैलाश धाकड़ सुखवाड़ा,सूरजभान सारस्वत, हस्तीमल तलेशरा,राधेश्याम मुंदड़ा,पंचायत समिति सदस्य दिनेश पाराशर,रामनारायण असावा,कालूलाल जैन आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# चौमहला में ब्रह्मकुमारी केंद्र द्वारा 7 से 15 वर्ष के बच्चों के लिए 5 दिवसीय निःशुल्क समर कैंप

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय केंद्र चौमहला द्वारा बच्चों के लिए पांच दिवसीय समर कैम्प का आयोजन 16 मई से 20 मई तक आयोजित किया जा रहा है। स्थानीय केंद्र प्रभारी गीता दीदी ने बताया की शिविर शाम 4 बजे से 6 बजे तक आयोजित होगा।इस समर कैंप में 7 से 15 साल के बालक बालिका भाग ले सकेंगे यह कैम्प निशुल्क रहेगा, कैम्प में बच्चों के जीवन में नैतिक मूल्यों की शिक्षा, मानसिक व शारीरिक मौलिक उन्नति के लिए योगा मेडिटेशन, व्यक्तित्व विकास, मूल्यों आधारित गतिविधियां, मनोरंजक प्रतियोगिताएं व एवं अपने देश के प्रति प्रेम इत्यादि के कार्यक्रम करवाए जायेंगे।

भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक

# सब्सिडी का भुगतान नहीं होने व फसल ऋय केंद्र पर किसानों की पूरी उपज नहीं खरीदने पर चिंता जताई




बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद में मधुकर भवन में बुधवार को भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रांत से जिला प्रभारी कपिल आमेटा, प्रदेश से जिला प्रभारी राजेंद्र दूबे, मयूर दवे, अतिरिक्त कृषि अधिकारी नाथद्वारा व जिला उपाध्यक्ष बंशी लाल जाट अतिथि रहे।बैठक में जिला कार्यकारिणी ने जिले में किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की। सरकारी सब्सिडी का भुगतान नहीं होने व फसल विक्रय में किसानों की पूरी उपज नहीं लेने पर सरकार को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। जिससे कि किसानों की समस्या का समाधान हो सके।बैठक में डॉ राजेंद्र बाबू दुबे ने जिले में संगठन को मजबूती देने पर जोर दिया, साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी के निर्णय की किसानों को जानकारी दी। बैठक में कपिल आमेटा ने रिक्त तहसील में कार्यकारिणी गठन पर जोर दिया। बैठक में विशेष आमन्त्रित कृषि अधिकारी मयूर दवे ने किसानों को दी जा रही सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी।बैठक में शिवनारायण जाट को सरदारगढ़ तहसील अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया, गजानंद शर्मा को तहसील मंत्री, गिलूंड में अखिलेश चौधरी को मंत्री पद पर नियुक्त किया गया व राजसमंद तहसील में कमलाशंकर पालीवाल को मंत्री पद पर नियुक्त किया। इस अवसर पर मांगीलाल जाट, किशन सिंह चुंडावत, माधवलाल जाट, भेरूलाल कुमावत, मोहन लाल कुमावत, गोपाल आचार्य, प्रताप सिंह राव, गजानंद शर्मा सहित भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## मॉडल स्कूल के पार्थ पोरवाल ने 96.60% अंकों के साथ किया विद्यालय टॉप




बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा /ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** जिले के शाहपुरा के स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल के छात्र पार्थ पोरवाल ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में 96.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। विशेष उल्लेखनीय यह रहा कि पार्थ ने संस्कृत विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। विद्यालय के प्राचार्य ईश्वर लाल मीणा ने बताया कि पार्थ एक मेधावी छात्र है और यह पहली बार है जब विद्यालय में किसी छात्र ने संस्कृत में पूर्णांक प्राप्त किए हैं। पार्थ के पिता व्यवसायी हैं तथा माता गृहिणी हैं। इसी प्रकार विद्यालय की 12वीं कक्षा की छात्रा ऋषिका जैन ने 93.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के दसवीं और बारहवीं दोनों कक्षाओं का समग्र परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा।

अजमेर दरगाह शरीफ के विकास एवं सुरक्षा को लेकर हुई बैठक आयोजित

# सुरक्षा के हो पुख्ता इंतजाम - जिला कलक्टर लोक बन्धु

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** 14 मई को दरगाह क्षेत्र के विकास एवं सुरक्षा को लेकर जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर द्वारा दरगाह नाजिम, संबंधित विभाग एवं सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए।

जिला कलक्टर लोक बन्धु ने दरगाह क्षेत्र में बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि जायरीन की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। दरगाह में प्रवेश और निकास की अलग अलग व्यवस्था की जाए। बैरिकेडिंग कर आवाजाही को सुगम करने के भी निर्देश दिए। दरगाह शरीफ की सुरक्षा के सम्बन्ध में अतिरिक्त मुख्य सचिव (गृह) द्वारा समीक्षा भी की जाएगी। साथ ही इस सम्बन्ध में राज्य सरकार के स्तर पर उच्च स्तरीय बैठक प्रस्तावित है।

इस दौरान जिला कलेक्टर लोकबंधु ने महिला जायरीन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनके प्रवेश पर अलग से जांच व्यवस्था करने को निर्देशित किया। दरगाह क्षेत्र में स्थित ऊंची इमारतों की समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही करने एवं क्षेत्र को उचित मानदंड अनुसार नो कंस्ट्रक्शन जोन बनाने के निर्देश दिए। साथ ही प्रवेश द्वार के समीप स्थित जूता स्टैंड को अन्यत्र स्थानान्तरित करने के निर्देश दिए गए। खादिमों की पहचान एवं लाइसेंस की अनिवार्यता सुनिश्चित करने एवं क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने पर भी जोर दिया।

जिला कलक्टर ने कहा कि शाहजहानी गेट के संकरे होने के कारण उत्पन्न अव्यवस्था को दूर करने के लिए वहां स्थान विस्तार की संभावनाएं तलाशी जानी चाहिए। एंट्री, निकास, स्टेशन रोड़ सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर साइन बोर्ड लगाए जाए तथा नियमित अनाउंसमेंट की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। सुरक्षा को लेकर स्कैनिंग और मेटल डिटेक्टर के जरिए जांच की जाए। अस्थाई अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई की जाए। जांच के बिना किसी भी गतिविधि की अनुमति नहीं देने के निर्देश दिए। संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान कर इंटेलिजेंस एजेंसियों के सहयोग से कार्रवाई करने को निर्देशित किया।

इस अवसर पर दरगाह नाजिम श्री एम बी खान, अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट श्री गजेन्द्र सिंह राठौड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री हिमांशु, श्री राजेश मीणा, सहायक नाजिम डॉ. मोहम्मद आदिल, नगर निगम उपायुक्त श्रीमती कीर्ति कुमावत, अग्निशमन अधिकारी श्री गौरव तंवर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# उपखड अधिकारी की कार्यशैली से नाराज होकर अधिवक्ताओं ने उपखंड न्यायालय में कार्य का किया अनिश्चितकालीन बहिष्कार

## अधिवक्ताओं और उपखंड अधिकारी के बीच गहराया विवाद

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ ग्रामीण( के एम कुरेशी )।** जिले के उपखंड न्यायालय शाहपुरा में उपखंड अधिकारी के तानाशाही रवैया से अधिवक्ता गण आए दि न परेशान हो रहे और न्याय मिलने में विलंब हो रहा। इस बाबत अभिभाषिक संस्था के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा और वरिष्ठ अधिवक्ता त्रिलोकचंद नौलखा ने उपखंड अधिकारी शाहपुरा से पूर्व में मिलकर कार्यशीली एवं समस्याओं के बारे में बताया बावजूद इसके उपखंड अधिकारी की कार्य शैली में कोई परिवर्तन नहीं आया और दिनों दिन उपखंड अधिकारी अधिवक्ताओं को बेवजह परेशान करने लग गए जिस पर न्यायालय परिसर स्थित अभिभाषक कक्ष में अधिवक्ताओं की जनरल हाउस की बैठक अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा की अध्यक्षता में 14 मई को 10.00 बजे आहूत की गई।

बैठक में सभी अधिकताओं ने सर्वसम्मति से उपखंड अधिकारी की कार्यशैली एवं आचरण में सुधार बाबत जिलाधीश महोदय भीलवाड़ा अजमेर रेवेन्यू मंडल में लिखित शिकायत देने का निर्णय लेते हुए एक बार उपखंड अधिकारी से सामूहिक रूप से मिलने का निर्णय लेकर उपखंड अधिकारी से अभिभाषक संस्था अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा की अगवाई में मिलने गए वहां पर उपखंड अधिकारी से समस्याओं के बारे में निवेदन करने के बावजूद उपखंड अधिकारी का रवैया तानाशाह पूर्ण रहा और अधिवक्ताओं की नहीं सुनी इससे अधिवक्ता नाराज हो गए और है-है के नारे लगाते हुए बाहर निकल गए। फिर समस्त अधिवक्ताओं ने निर्णय लिया कि जब तक उपखंड अधिकारी शाहपुरा की कार्यशैली में सुधार नहीं होता तब तक उपखंड न्यायालय शाहपुरा एवं फुलिया कला में न्यायिक कार्यों का बहिष्कार जारी रहेगा।

अभिभाषक संस्था की ओर से उपखंड अधिकारी की कार्यशैली एवं आचरण से परेशान होकर न्यायिक कार्य बहिष्कार करने का पत्र अभिभाषक संस्था सचिव वीरेंद्र पत्रिया व सहसचिव कमलेश मुंडेतिया ने उपखंड अधिकारी को जाकर दिया तथा उच्च अधिकारी जिला कलेक्टर एवं राजस्व मंडल अजमेर को शिकायत पत्र प्रेषित किया। अभिभाषक संस्था सहसचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि 3 महीने से अधिक समय होने के बावजूद नए प्रकरण दावे दर्ज नहीं किया जा रहे हैं तथा पत्थरगड्डी एवं खेतों के रास्तों के प्रार्थना पत्र को जानबूझकर लटकाया जा रहा है और रजिस्टर्ड एडी से तमिल करने का अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है जिससे काश्तकार और अधिवक्ताओं का आर्थिक नुकसान होता है जबकि सीपीसी के अनुसार तमिल पुलिंदा उपखंड न्यायालय के राजकीय कर्मचारियों को तमिल करवाना होता है। इस मौके पर अभिभाषक संस्था के अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा उपाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह राणावत सचिव वीरेंद्र पत्रिका सहसचिव कमलेश मुंडेतिया कोषाध्यक्ष तेज प्रकाश पाठक वरिष्ठ देवता त्रिलोकचंद नौलखा गोविंद सिंह हाडा कन्हैयालाल धाकड़ कल्याणमल धाकड़ अनिल शर्मा रामप्रसाद जाट कैलाश सुवालका पन्नालाल खारोल चावंड सिंह अक्षय राज रेबारी नमन ओझा लालाराम गुर्जर शिवराज कुमावत संजय हाडा अंकित शर्मा किशन खटीक सोहेल खान गणपत बंजारा पूरणमल खटीक अंकित मालू सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# बिजयनगर में दो जैन भगवती दीक्षाएं संपन्न, नानक प्राज्ञ संघ में चतुर्विध संघ का गठन



बढ़ता राजस्थान

अजमेर/बिजयनगर, (घनश्याम दास)। 14 मई को कृषि मंडी प्रांगण में आज एक पावन एवं ऐतिहासिक प्रसंग के अंतर्गत नानक प्राज्ञ संघ की महासाध्वी पूज्यनीया डॉ श्री दर्शनलता जी म.सा. के दिव्य सान्निध्य एवं मुखारविंद से दो भगवती दीक्षाएं विधिपूर्वक संपन्न हुईं। इस दौरान

दीक्षा प्राप्त करने वाले मुमुक्षुओं में श्रीमान दौलतराज जी तातेड को दीक्षा के पश्चात 卐पूज्य श्री धैर्य मुनि जी महाराज साहब卐 तथा श्री ज्ञानचंद जी भंडारी को 卐पूज्य श्री धीरज मुनि जी महाराज साहब卐 के नाम से नवाजा गया।

यह दीक्षा समारोह जनभेदनी से परिपूर्ण रहा, जिसमें ब्यावर, भीलवाड़ा, केकड़ी, सरवाड़, चेन्नई, बंगलौर हैदराबाद मुंबई जयपुर सहित विभिन्न नगरों से पधारे हजारों श्रद्धालु इस आध्यात्मिक क्षण के साक्षी बने।

इस विशिष्ट दीक्षा अवसर की एक विशेष उपलब्धि यह रही कि इसके साथ ही नानक प्राज्ञ संघ में चतुर्विध संघ – साधु, साध्वी, श्रावक एवं श्राविका – का पूर्ण स्वरूप स्थापित हुआ।

इस दिव्य आयोजन दीक्षा, त्याग एवं संयम की प्रेरणा देता हुआ दीक्षित मुनियों के जीवन की नवीन यात्रा का शुभारंभ सिद्ध होगा।

# उपखंड अधिकारी ने टाटोटी के आधा दर्जन विभागों का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर/सरवाड़ ( इक़बाल अहमद )।** उपखण्ड अधिकारी गुरु प्रसाद तंवर द्वारा बुधवार को नगर पालिका क्षेत्र टांटोटी के विभागों का किया निरीक्षण में आंगनवाड़ी केंद्र 1 से 4 , महात्मा गांधी स्कूल, सीनियर सेकेंडरी विद्यालय, में पोषाहार, कर्मचारी उपस्थिति रजिस्टर ,बाल गोपाल योजना द्वारा वितरित मिल्क पाउडर आदि का निरीक्षण किया इसी प्रकार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आऊटडोर, इनडोर, मुख्यमंत्री निशुल्क दवा वितरण, जांच केंद्र आदि का निरीक्षण किया तहसील कार्यालय में संस्थापन लेखा शाखा, रोकड़ अनुभाग, राजस्व लेखा विभाग, धारा 91 प्रकरणों का विवरण एवं ऑफिस कानूनगो शाखा आदि का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान पंजीयन शाखा सहायता शाखा राजस्थान संपर्क फैशन प्रकरण बजट आदि का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान तहसीलदार दुर्गा लाल मेघवंशी प्रधानाचार्य वर्षा राठौर डॉ महेश चौधरी ऑफिस कानूनगो मुकेश कुमार पुरोहित भू अभिलेख निरीक्षक शैलेंद्र कुमार पहाड़िया वरिष्ठ सहायक रामराज रामराज खाती आदि उपस्थित रहे।

# ज्वेलरी के लिए बदमाशों ने काटे थे महिला के पैरः निर्मम हत्या करने पर कोर्ट ने दी आरोपियों को उम्र कैद की सजा, जुर्माना भी लगाया

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद में महिला के साथ लूट एवं हत्या के मामले में आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। जिला एवं सेशन न्यायाधीश राघवेंद्र काछवाल ने फैसले में आरोपियों पर 40 हजार का जुर्माना भी लगाया है। राजसमंद के दोवड़ गांव में हुई वारदात के आरोपी केसर सिंह पुत्र उदय सिंह राजपूत निवासी उपला रेट दोवड़ एंव किशन सिंह पुत्र सोहन सिंह राजपूत निवासी दोवड़ को को धारा 302/ 34 में आजीवन कारावास व 20 हजार का अर्थदंड, धारा 394/34 आईपीसी में दस वर्ष के कठोर कारावास व 10 हजार रुपए का जुर्माना एवं धारा 397/34 आईपीसी में 10 वर्ष के कठोर कारावास व 10 हजार रूपए के जुर्माने से दंडित किया गया।

### लूट की वारदात के दौरान की महिला की हत्या

लोक अभियोजक राम लाल जाट के अनुसार राजनगर थाना सर्कल के दोवड़ गांव में गत 11 जून 2021 में मोहन बाई के साथ अज्ञात बदमाशों ने लूट की वारदात करते हुए महिला की हत्या कर दी। बदमाशों ने महिला के साथ लूट करते हुए कान में पहने हुए टॉप्स, गले का मादलिया, सर का बोर, नाक की नथ, जो सभी सोने के थे लूट लिए। वही बांये पैर को पिंडली के ऊपर से आधा काट दिया, जिससे महिला की मौत हो गई थी।

घटना की जानकारी महिला के पुत्र उदय सिंह निवासी दोवड़ ने राजनगर पुलिस थाने पर रिपोर्ट पेश कर दी। जिसमें उदय सिंह ने बताया कि 11 जून 20221 को वो अपनी भामी मंगू कुंवर के गोल विट्टी के प्रोग्राम में सुबह 7 बजे गया था। घर पर पिता को आंखों से नहीं दिखाई देने के कारण वह अपनी मां मोहन बाई को पिता की देखरेख के लिए घर पर छोड़कर गया था।

### 35 गवाह और 98 दस्तावेज पेश किए

पुत्र की रिपोर्ट पर थाना इंचार्ज प्रवीण टांक ने अनुसंधान में गवाहों के बयान, घटना स्थल से जब्त कूट, मोबाइल, चप्पल, मृतका की मुट्ठी से बाल, गले की माला, केमिकल एग्जामिनेशन लेटर, लेनदेन की डायरी, ब्लड सैंपल, डीएनए जांच अभियुक्त का शर्ट, स्पेसमैन हस्ताक्षर, शर्ट, मोबाइल



फोरेंसिक यूनिट उदयपुर घटना स्थल फोटोग्राफ्स की कार्यवाही कर चार्जशीट न्यायालय में पेश की।अभियोजन पक्ष की और से 35 गवाह पेश किए गए और 98 दस्तावेज एवं 12 आर्टिकल पेश किए गए। न्यायालय द्वारा दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद जिला न्यायालय ने अभियुक्त केसर सिंह एवं किशन राजपूत निवासी दोवड़ थाना राजनगर को आजीवन कारावास और अर्थदंड से दंडित किया। राज्य सरकार की ओर से लोक अभियोजक रामलाल जाट ने पैरवी की।

# हरियालो राजस्थानः हर ग्राम पंचायत में तैयार होंगे आकर्षक वृक्ष कुंज

## हरियालो राजस्थान के तहत वृहद स्तर पर पौधरोपण की तैयारी में जुटा जिला प्रशासन

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा की अध्यक्षता में हरियालो राजस्थान अभियान की समीक्षा बैठक बुधवार सुबह कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई जिसमें उप वन संरक्षक कस्तूरी प्रशांत सुले, एडीएम नरेश बुनकर, सीईओ जिला परिषद बृजमोहन बैरवा, राजसमंद एसडीएम बृजेश गुप्ता, नाथद्वारा एसडीएम रक्षा पारीक, सहायक निदेशक लोक सेवाएं लतिका पालीवाल, नगर परिषद राजसमंद आयुक्त बृजेश राय, नाथद्वारा नगर पालिका आयुक्त सौरभ जिंदल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, एनएचएआई के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे। बैठक में वर्ष 2025 में प्रभावी रूप से पौधारोपण करने और पौधों को संरक्षित ढंग से बड़ा करने पर चर्चा हुई।

जिले में इस बार समग्र रूप से 20 लाख पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है। इसके अंतर्गत प्रमुख विभागों पर गौर करें तो जिला परिषद सीईओ बैरवा ने बैठक में बताया कि विभाग से 3.83 लाख का टारगेट मिला है लेकिन विभाग द्वारा 4.26 लाख पौधों का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है। आत्मा, मोही और कुछ अन्य पंचायतों में अभी से उत्कृष्ट

### कलक्टर बालमुकुंद असावा ने ली हरियालो राजस्थान अभियान की समीक्षा बैठक

तैयारियां की है। सभी ग्राम पंचायतों को संदेश दिया है कि पौधारोपण कोई एक दिन का इवेंट नहीं होकर एक बड़ी जिम्मेदारी है, पौधों को बड़ा करना है। सीईओ ने बताया कि पंचायतों में पौधों की तार फेंसिंग अवश्य करने के निर्देश भी दिए हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारम्भिक) राजेन्द्र गग्गड़ ने बताया कि विभाग द्वारा कक्ष एक से आठ तक प्रति विद्यार्थी एक-एक और कक्षा नौ से बारह तक प्रति विद्यार्थी दो-दो पौधे लगाने का लक्ष्य दिया है। जिले में राजकीय विद्यालयों का 2.35 लाख और निजी विद्यालयों का 1 लाख पौधारोपण का लक्ष्य रखा है, 20 हजार गड्ढे अब तक खोद दिए गए हैं।

डीसीएफ सुले ने वन विभाग द्वारा 4.47 लाख, खान विभाग ने 1.50 लाख, प्रदूषण नियंत्रण मण्डल ने 1.90 लाख पौधारोपण का लक्ष्य रखा है, इसी तरह अन्य विभागों जैसे चिकित्सा, पशुपालन, कृषि आदि



को भी लक्ष्य दिए गए हैं।

पशुपालन संयुक्त निदेशक डॉ शक्ति सिंह से समीक्षा के दौरान कलक्टर असावा ने निर्देश दिए कि समस्त गौशालाओं को भी अधिक से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य दिया जाए। राजीविका डीपीएम डॉ सुमन अजमेरा को कहा कि जिले में 8 हजार एसएचजी है, प्रति एसएचजी 11 पौधे लगवाए जाएं। इसी तरह सीएमएचओ को जिला चिकित्सालय और उप जिला चिकित्सालय के स्तर पर 40 पौधे, सीएचसी और पीएचसी के स्तर पर 30-30 पौधे तथा उप स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर 10-10 पौधे लगाने का लक्ष्य कलक्टर द्वारा सौंपा गया।

# सलारी गांव में बाड़े से दो लाख की भेड़ चोरी

## चोरों ने तार की जाली तोड़कर 11 भेड़ो को बनाया निशाना*

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर /केकड़ी ( इक़बाल अहमद )।** सिटी थाना क्षेत्र में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। सिटी थाना क्षेत्र के सलारी गांव में मंगलवार रात को एक किसान की 11 भेड़ें चोरी हो गईं। इस संबंध में पीड़ित भंवरलाल गुर्जर ने सिटी पुलिस थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दी है। सिटी पुलिस थाने में दी रिपोर्ट में पीड़ित भंवरलाल गुर्जर ने बताया कि उसके खेत के चारों तरफ तारबंदी हो रखी है। तारबंदी में करीब 150 भेड़ें थीं। वारदात की रात भंवरलाल और उसका भाई सावंरा खेत की मेड़ पर सो रहे थे। गहरी नींद में होने का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने तारबंदी तोड़कर भेड़ें चुरा ले गये। सुबह 6-7 बजे जब दोनों भाई उठे, तो उन्होंने देखा कि खेत की जाली टूटी हुई थी। भंवरलाल ने जब भेड़ों की गिनती की तो पता चला कि 11-12 भेड़ें गायब हैं। उन्होंने आसपास के इलाके में भेड़ों की तलाश की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। चोरी की गई भेंड़ो की कीमत करीब दो लाख रुपए से अधिक की है। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ सिटी पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज की है। सिटी थाना क्षेत्र बना अपराध का गढ़- केकड़ी सिटी थाना क्षेत्र में आए दिन चोरी की वारदातें सामने आ रही है। इस महिने में अब तक लूट,बाईक चोरी सहित अन्य वारदातें हो चुकी है। बदमाश लगातार पुलिस को खुली चुनौती दे रहे है। वहीं पुलिस के हाथ अभी तक खाली है। लगातार हो रही वारदातों के चलते लोगों में भय का माहौल है।



# बच्चों को सेहतमंद और फुर्तीला बनाने के लिए रोज 30 मिनट कराएं एरोबिक एक्सरसाइज

इसमें कोई शक नहीं है कि बच्चे सुपरएक्टिव होते हैं। बच्चों में ड्राइंग बनाने, खिलौने से खेलने, डांस और म्यूजिक हर गतिविधियों के लिए भरपूर एनर्जी होती है। बच्चों के शरीर के लचीला बनाने के लिए और उन्हें एक्टिव रखने के लिए उनका खेलना-कूदना बहुत जरूरी है। इसके कई फायदे हैं लेकिन क्या आपको बच्चा कोई हृदय से संबंधित या शारीरिक गतिविधियों से संबंधित एक्सरसाइज करते हैं। दरअसल एरोबिक एक ऐसा ही एक्सरसाइज है, जिसकी मदद से हवा में उपलब्ध ऑक्सीजन बच्चे के शरीर में प्रवेश करता है। एरोबिक व्यायाम कार्डियो व्यायाम है, जो हृदय गति में सुधार करता है और श्वसन क्रियाओं को शरीर में बेहतर ढंग से प्रवाहित करने में मदद करता है। बच्चों में एरोबिक एक्सरसाइज करने के कई फायदे है।

## स्वस्थ हृदय और फेफड़े

एरोबिक एक्सरसाइज से मांसपेशियों में अधिक ऑक्सीजन की आपूर्ति होती है, जिससे बच्चे तेजी से सांस लेते हैं। इसकी मदद से फेफड़ों में ऑक्सीजन की अधिक तेजी से पहुंचता है और शरीर में रक्त का संचार भी आसानी से होता है। इसके नियमित अभ्यास से हृदय की मांसपेशियों और फेफड़ों को मजबूत बनाने में मदद मिलती है। इससे बच्चे को कई प्रकार के लाभ मिलते है। साथ ही हृदय रोगों से भी छुटकारा मिल सकता है।

## वजन कंट्रोल करने में मदद

कई कारणों से छोटी उम्र में ही बच्चों का वजन बहुत ज्यादा बढ़ने लगता है, जिसकी वजह से उनकी शारीरिक गतिविधियां कम हो जाती है लेकिन एरोबिक एक्सरसाइज की मदद से बच्चे के शरीर में फैट कम जमा होता है और कैलोरी की मात्रा का भी भरपूर उपयोग हो जाता है। खेलने की तुलना में एरोबिक्स की मदद से अधिक कैलोरी बर्न की जा सकती है। इससे बच्चे स्वस्थ रहते है और वजन भी संतुलित रहता है।

## मांसपेशियों को मजबूत बनाए



एरोबिक्स एक्सरसाइज की मदद से मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद मिलती है। इसके उपयोग से कैलोरी बर्न के साथ-साथ शरीर में प्रोटीन का भी भरपूर उत्पादन होता है, जिसकी मदद से मांसपेशियों का विकास भी होता है। इससे बच्चे का संपूर्ण शारीरिक विकास होता है।



## इम्यून सिस्टम मजबूत बनाए

एरोबिक व्यायाम बच्चों को मजबूत बनाता है और इसकी मदद से बच्चे का इम्यून सिस्टम मजबूत होता है। इससे शरीर के बैक्टीरिया और अन्य अपशिष्ट पदार्थ बाहर निकाल जाते है। साथ ही सफेद रक्त कोशिकाओं और रोगों से लड़ने की शक्ति का विकास होता है।

## बेहतर अकादमिक प्रदर्शन

एरोबिक्स की मदद से बच्चे का मानसिक विकास भी होता है, जिसकी मदद से वह पढ़ाई-लिखाई में भी अच्छा करते है। एरोबिक्स से बच्चों को अपना ध्यान केंद्रित करने और याददाश्त बढ़ाने में भी मदद मिलती है। साथ ही मस्तिष्क कोशिकाओं के विकास में भी सहायता करता है।



## बच्चे करें ये एरोबिक्स एक्सरसाइज

### रस्सी कूदना

बच्चों को रस्सी कूदने में बहुत मजा आता है। साथ ही यह एक बेहतरीन एरोबिक्स एक्सरसाइज है। इसकी मदद से लंबाई बढ़ाने और शरीर को लचीला बनाने में भी मदद मिल सकती है। इसे बच्चा अकेले भी कर सकता है या फिर इसे और मजेदार बनाने के लिए आप अपने बच्चे के साथ भी ये खेल खेल सकते हैं।

### साइकिलिंग

साइकिलिंग न केवल बच्चों को फिट रखती है बल्कि आपके फेफड़ों की मांसपेशियों को भी मजबूत बनाती है। इससे शरीर में शुद्ध हवा का संचार होता है। अगर आपके पास साइकिलिंग मशीन है, तो आप बच्चे के साथ घर के गार्डन में भी साइकिलिंग कर सकते हैं। इससे पैर की मांसपेशियां भी मजबूत होती है।

### दौड़ना

बच्चों को दौड़ने में खूब मजा आता है। दौड़ना भी एक एरोबिक्स एक्सरसाइज है और इसकी मदद से हृदय और फेफड़े मजबूत होते है। छुट्टी वाले दिन आप बच्चों को पार्क या ट्रैक पर ले जा सकते हैं और उनके साथ आप खुद या दोस्तों को रेस लगाने को कह सकते हैं। इसे बच्चों की आदत में शामिल करने की कोशिश करें।

### एरोबिक डांसिंग

एरोबिक्स का सबसे मजेदार रूप एरोबिक्स डांसिंग है। इसमें बच्चों को खूब मजा आता है और स्टेप्स की मदद से बच्चों के पूरे शरीर की एक्सरसाइज हो जाती है। डांस के दौरान पसीना छुटने से कैलोरी बर्न होती है और मांसपेशियों में भी खिंचाव आता है।

# त्वचा की इन समस्याओं को दूर करता है हींग और शहद का मिश्रण

हींग और शहद दोनों का प्रयोग स्किन के लिए कई तरह से फायदेमंद है। हींग पहले तो आपके लिए एक स्क्रब की तरह काम करता है और डेड सेल्स को निकालता है। ये ऑयली, सेंसिटिव और ड्राई, तीनों प्रकार की स्किन के लिए जरूरी है। इसके बाद हींग और शहद चेहरे पर लगाने से एक्ने को कम करता है, खुजली को कम करता है और चेहरे को स्वस्थ रखता है। इसके अलावा भी हींग और शहद को आप कई प्रकार के फेस पैक और क्लीजिंर बना कर सकता है।



## त्वचा के लिए कैसे इस्तेमाल करें हींग और शहद

**स्क्रब की तरह :** हींग और शहद को मिला कर आप स्क्रब की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए आपको बस हींग में शहद मिलाना है और इसे अपने चेहरे पर लगाना है। फिर गुनगुने पानी को हांथ पर लगाएं और चेहरे की मसाज करें। फिर चेहरे धो लें।

**क्लींजर की तरह :** हींग को थोड़ा सा पीस लें और फिर इसमें शहद व एलोवेरा मिलाएं। फिर इसे अपने चेहरे पर लगाएं। हल्के हांथ से चेहरे को साफ करें। अब पानी से अपना चेहरा साफ कर लें।

**एंटी एक्ने की तरह :** एंटी एक्ने की तरह आप हींग, शहद और हल्दी को एक साथ मिला कर चेहरे पर लगा सकते हैं। फिर इसे थोड़ी देर रहने दें और ठंडे पानी से अपना चेहरा धो लें।

## त्वचा के लिए हींग और शहद लगाने के फायदे

**डेड सेल्स हटाता है :** डेड सेल्स को हटाने में हींग और शहद बहुत ही फायदेमंद है। इसका रूखापन चेहरे के डेड को अंदर से साफ करता है तो, शहद चेहरे को अंदर से नरिश करने का काम करती है।इस तरह ये दोनों मिल कर चेहरे को साफ और हेल्दी रखते हैं।

**एंटी बैक्टीरियल है :** हींग और शहद एक एंटीबैक्टीरियल की तरह काम करता है। ये एक्ने को ठीक करता है और चेहरे में नए मुहांसों को होने से रोकता है। साथ ही इसका एंटी फंगल गुण भी चेहरे को फंगल इंफेक्शन से बचाती है और चेहरे को दूसरी समस्याओं से बचाव में मदद करती है।

**एंटी-एजिंग गुणों से भरपूर :** हींग और शहद, दोनों ही एंटी एजिंग गुणों से भरपूर है और ये चेहरे से झुर्रियों, महीन रेखाओं और उम्र के धब्बों को कम करने में मदद करते हैं। इसे इस्तेमाल करने के लिए आप हींग को गुलाब जल और मुल्तानी मिट्टी के साथ मिलाकर एक प्रभावी एंटी-रिंकल फेस मास्क बना सकते हैं और इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके लिए एक कटोरी में मुल्तानी मिट्टी और शहद मिलाकर उसमें गुलाब जल की कुछ बूंदें मिलाएं। मिश्रण में हींग छिड़कें और अच्छी तरह से फेंटकर पतला पेस्ट बना लें। चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट तक मसाज करें। यह फेस मास्क झुर्रियों और उम्र के धब्बों को कम करने में आपकी मदद करेगा।

**स्किन व्हाइटनिंग में मददगार :** हींग को आप एक स्किन व्हाइटनिंग एजेंट के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। ये चेहरे में गोरापन को बढ़ावा देता है और काले धब्बे, मुंहासे के निशान और तेलीयता को कम करता है। यह स्वाभाविक रूप से त्वचा में टायरोसिन के उत्पादन को बाधित करता है। टायरोसिन मानव त्वचा में मेलेनिन के उत्पादन को बढ़ावा देता है जिससे त्वचा का काला पड़ना, समय से पहले बूढ़ा होना और सुस्ती हो जाती है। हींग टाइरोसिन के उत्पादन पर नियंत्रण रखता है। इस प्रकार, आप बड़े पैमाने पर हींग और शहद से फेस मास्क उपयोग करके स्किन की खूबसूरती बढ़ा सकते हैं।

**ड्राईनेस को कम करता है :** प्रदूषण और तनाव से त्वचा रूखे और क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। हींग एक ड्राईनेस रिपेयरिंग एजेंट की तरह काम करता है जो चिकनी और नम त्वचा प्रदान करता है। यह त्वचा के रूखेपन के सभी दिखाई देने वाले लक्षणों जैसे डलनेस, पीलिंग, क्रैकिंग, झाईयां, झुर्रियां और पिग्मेंटेशन को मिटा सकता है। इसके लिए बस एक कटोरी में दूध लें और इसमें गुलाब जल मिलाकर, शहद मिलाएं। मिश्रण में हींग डालें और अच्छी तरह फेंटें।

इसे रेफ्रिजरेटर में स्टोर करें और फेस मास्क की तरह इस्तेमाल करें।

# पेट में गैस बनने पर खाएं ये फल, जल्द मिल सकता है आराम

खराब लाइफस्टाइल और अनहेल्दी डाइट पेट से जुड़ी कई बीमारियों का कारण बन सकते हैं। इसमें गैस और एसिडिटी की समस्या सबसे आम है। आजकल अधिकतर लोग गैस्ट्रिक समस्या का सामना कर रहे हैं। इससे छुटकारा पाने के लिए अक्सर लोग खाली पेट गैस की दवा लेते हैं, लेकिन इससे शरीर के अन्य अंगों को नुकसान पहुंच सकता है। ऐसे में आप चाहें तो प्राकृतिक तरीकों से भी पेट की गैस से राहत पा सकते हैं। जी हां, कई ऐसे फल हैं जिनके सेवन से गैस आसानी से निकल जाती है। साथ ही कब्ज और एसिडिटी से भी बचाव होता है। गैस्ट्रिक की समस्या से परेशान लोगों को केला, स्ट्रॉबेरी, अंजीर और खीरा जैसे फलों को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। फलों के मधुर रस की वजह से गैस में तुरंत आराम मिलता है। गैस की समस्या होने पर आप पल्पी फलों का सेवन कर सकते हैं। इन फलों को खाने से गैस के साथ ही एसिडिटी और कब्ज में भी आराम मिलता है।

**केला :** केला एक कंप्लीट फूड है। केला कैल्शियम, फाइबर का अच्छा सोर्स है। गैस से राहत पाने के लिए केला काफी फायदेमंद होता है। केला खाने से गैस और एसिडिटी दोनों में आराम मिलता है। केले में मौजूद फाइबर गैस को कंट्रोल करने में सहायक होता है। केला खाने से पेट में गैस जल्दी नहीं बनती है।



**तरबूज :** तरबूज में पानी बहुत अधिक मात्रा में होता है। तरबूज खाने से पेट भरा-भरा महसूस होता है, साथ ही तरबूज खाने से गैस भी जल्दी नहीं बनती है। तरबूज में मौजूद फाइबर खाने को पचाने में उपयोग होता है। जब खाना सही से पचता है, तो गैस की समस्या नहीं होती है। अगर आप गैस या एसिडिटी की समस्या से परेशान हैं, तो तरबूज का सेवन कर सकते हैं।

**कीवी :** कीवी विटामिन सी का एक बेहतरीन सोर्स है। कीवी में डाइटरी फाइबर, पोटैशियम, कार्बोहाइड्रेट भी अच्छी मात्रा में होता है। कीवी सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। कीवी गैस की समस्या से राहत दिलाता है। अगर आप गैस या एसिडिटी से परेशान रहते हैं, तो कीवी का सेवन कर सकते हैं। कीवी खाने से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता भी मजबूत बनती है।

**स्ट्रॉबेरी :** स्ट्रॉबेरी में फाइबर, पोटैशियम, विटामिन सी, आयरन और मैग्नीशियम होता है। स्ट्रॉबेरी खाने से पेट में गैस बनने की समस्या नहीं होती है। स्ट्रॉबेरी में मधुर रस होता है, साथ ही इसमें फाइबर भी होता है। जो भोजन को पचाने में सहायक होता है। गैस की समस्या होने पर आप अपनी डाइट में स्ट्रॉबेरी शामिल कर सकते हैं। स्ट्रॉबेरी खाने से पेट से जुड़े रोग भी दूर होते हैं।

**खीरा :** तरबूज की तरह ही खीरे में भी पानी बहुत अधिक मात्रा में होता है। सलाद के तौर पर खीरा खाने से पेट को ठंडक मिलती है, पेट की जलन शांत होती है। साथ ही खीरा पेट की गैस से भी छुटकारा दिलाता है। अगर आप गैस या एसिडिटी से परेशान हैं, तो अपनी डाइट में खीरा शामिल कर सकते हैं। खीरा खाने से शरीर में पानी की कमी दूर होती है, पेट को भी फायदा मिलता है।

**अंजीर :** अंजीर में प्रोटीन, फाइबर, हेल्दी फैट, विटामिन बी और विटामिन सी भरपूर होता है। अंजीर में मधुर रस होता है, जो गैस से छुटकारा दिलाता है। अगर आपको गैस बनती है, तो आप अंजीर फल को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

# गर्मियों में रोजाना करें प्याज का सेवन, दूर होंगी ये स्वास्थ्य समस्याएं और होंगे लाभ

प्याज एक ऐसी सब्जी है जो आपको अमूमन हर घर में मिल जाएगी। प्याज का इस्तेमाल खाने में तड़के के तौर पर होता है। कुछ लोग सलाद में भी कच्चे प्याज का सेवन करते हैं। प्याज ना केवल खाने का स्वाद बढ़ाता है बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। इसमें काफी मात्रा में विटामिन, मिनरल और एंटीऑक्सीडेंट होते हैं जो शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। खासतौर पर गर्मियों में प्याज का सेवन करना बहुत फायदेमंद माना जाता है। इस मौसम में प्याज खाने से आपको कई स्वास्थ्य लाभ हो सकते हैं।

**लू से बचाव :** गर्मियों में प्याज का सेवन करने से लू लगने से बचाव होता है। इसके साथ ही प्याज खाने से गर्मी के कारण होने वाली अन्य समस्याओं से भी छुटकारा मिलता है। आप गर्मियों में प्याज को फोड़कर इससे दरदरा पीसकर इसे पानी में डालें। फिर इस पानी में अपने पैर डालकर बैठ जाएं। इससे गर्मी और लू उत्तर जाएगी। आप चाहें तो प्याज को पीसकर इसे हाथों पर भी मल सकते हैं।



**शरीर को ठंडक पहुंचाए :** गर्मियों में प्याज का सेवन करने से शरीर को ठंडक मिलती है। दरअसल, प्याज की तासीर ठंडी होती है, जिसकी वजह से गर्मियों में बॉडी टेंपरेचर को नार्मल रखने में मदद करता है।

**दिल के लिए फायदेमंद :** प्याज का सेवन हमारे दिल की सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है। इसमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट मौजूद होते हैं जिससे शरीर में सूजन कम करने में मदद मिलती है। इसके अलावा प्याज के सेवन से शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने में मदद मिलती है। प्याज के सेवन से हाई बीपी की समस्या दूर होती है और दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है।

**ब्लड शुगर लेवल रहता है कंट्रोल :** डायबिटीज के मरीजों के लिए भी प्याज का सेवन फायदेमंद माना जाता है। प्याज खाने से शरीर में ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। प्याज का सेवन करने से ब्लड में ग्लूकोज का लेवल कम हो जाता है। शुगर के मरीजों को गर्मियों में प्याज का सेवन करना चाहिए।

## अपच की समस्या दूर करे

प्याज का सेवन करने से पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है। जिन लोगों को अपच की समस्या होती है, उन्हें प्याज का सेवन करने से लाभ होता है। इसके साथ ही प्याज का सेवन करने से शरीर की इम्यूनिटी को बूस्ट करने में भी मदद मिलती है।

## पीरियड्स पेन से राहत

जिन महिलाओं को पीरियड्स के दौरान दर्द या हैवी ब्लीडिंग की समस्या होती है, उनके लिए प्याज का सेवन फायदेमंद होता है। शहद में प्याज मिलाकर खाने से पीरियड्स पेन को कम करने में मदद मिलती है।

"लोग चाहते हैं कि मैं बेहतर करूं, लेकिन वो कभी नहीं चाहते कि मैं उनसे बेहतर करूं।"
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान





# पाकिस्तान बॉर्डर के पास धूल का गुबार छाया

## उदयपुर-कोटा समेत 4 जिलों में हुई बरसात

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण बुधवार को कई जिलों में आंधी चली। पाकिस्तान बॉर्डर के पास बीकानेर, गंगानगर के एरिया में तेज अंधड़ आने से आसमान में धूल का गुबार छा गया। हनुमानगढ़ एरिया में भी तेज हवा चली और बादल छाए। कोटा, झालावाड़, उदयपुर और डूंगरपुर में दोपहर बाद बादल छाए और बरसात हुई। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के अनुसार अगले 3 दिन (15,16 और 17 मई) को श्रीगंगानगर और बीकानेर में हीटवेव (लू) चलेगी। जबकि 17 मई को एक बार फिर से जयपुर, भरतपुर और उदयपुर संभाग के जिलों में आंधी-बारिश होने की संभावना है। आज राज्य में मौसम की स्थिति देखें तो सुबह से सभी शहरों में आसमान साफ रहा। जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर और श्रीगंगानगर में दिन में तेज गर्मी रही। इन शहरों का अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर दर्ज हुआ। सबसे ज्यादा 45.1 डिग्री तापमान श्रीगंगानगर में दर्ज हुआ। जैसलमेर में अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस, बीकानेर में 43.9, जोधपुर में 41.6, अजमेर में 40.8 और राजधानी जयपुर 41.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

### बीकानेर में आया बवंडर, धूल से ढका आसमान

**तेज गर्मी के बाद दोपहर में बीकानेर, उदयपुर, कोटा संभाग के जिलों में मौसम बदल गया और आसमान में बादल छा गए। बीकानेर में पाकिस्तान के रास्ते रेत का बवंडर उठा, जो आगे बीकानेर के सीमावर्ती एरिया में आ गया। इससे वहां पूरा आसमान धूल-मिट्टी से ढक गया। श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ के एरिया में भी बादल छाए और तेज हवा चली। उदयपुर, कोटा संभाग के कुछ इलाकों में दोपहर बाद बादल छाए और बारिश हुई।**

# 31 नक्सलियों को जवानों ने किया ढेर

## सीआरपीएफ के डीजी बोले- 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद का हो जाएगा सफाया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक महत्वपूर्ण घोषणा में, सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने घोषणा की कि भारत में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या नाटकीय रूप से घट गई है - 126 से घटकर सिर्फ 18 रह गई है। यह विकास संघर्ष क्षेत्र के केंद्र में वामपंथी उग्रवाद को खत्म करने के भारत के चल रहे प्रयासों में एक प्रमुख मील का पत्थर है। उन्होंने कहा कि हम 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा लिए गए संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमने 31 शव (नक्सलियों के) बरामद किए हैं और यह 1200 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र है और हमें जानकारी है कि बड़ी संख्या में नक्सलियों को निष्प्रभावी कर दिया गया है।

ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि निष्प्रभावी किए गए 31 नक्सलियों में से 28 की पहचान कर ली गई है। ऑपरेशन को ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट नाम दिया गया था और कोबरा, सीआरपीएफ, छत्तीसगढ़ पुलिस की टीमें इस ऑपरेशन में शामिल थीं। इससे पहले किसी भी ऑपरेशन में इतनी बड़ी बरामदगी कभी नहीं हुई। यह हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

# पाकिस्तान की हिरासत से बीएसएफ जवान की रिहाई पर ममता बनर्जी की पहली प्रतिक्रिया, कह दी बड़ी बात

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 23 अप्रैल 2025 से पाकिस्तान रेंजर्स की हिरासत में रहे बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ को आज भारत वापस लाया गया। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि हम बीएसएफ जवान पूर्णम शॉ की पत्नी रजनी शॉ के संपर्क में थे और उनसे 4-5 बार बात की। हमारी तरफ से लगातार प्रयास किए गए। हमारे डीजीपी अपने बीएसएफ समकक्ष के साथ लगातार संपर्क में थे। मैंने परसों रजनी शॉ को बताया कि उनके पति स्वस्थ हैं और उनकी हालत में सुधार है। हालांकि, उनकी रिहाई के ऑपरेशन में कुछ समय लगेगा...उन्हें आज सुबह रिहा कर दिया गया। मैं खुश हूं। उनका परिवार खुश है। पूरा देश खुश है।शॉ को पाकिस्तानी प्राधिकारियों द्वारा रिहा करने की सूचना मिलने के बाद पश्चिम बंगाल के हुगली जिले के रिशड़ा के लोगों में खुशी का माहौल है। पाकिस्तान के अधिकारियों द्वारा सुबह करीब 10.30 बजे अटारी-वाघा सीमा पर बीएसएफ कांस्टेबल को भारतीय अधिकारियों को सौंपने की घोषणा के बाद शॉ के घर और पड़ोस में जश्न का माहौल बन गया। शॉ के घर पर प्रार्थनाओं और मिठाइयों के वितरण के बीच जवान के परिवार के सदस्य अपनी खुशी के आंसू नहीं रोक पाए।

# हाईकोर्ट का आदेश- एमपी के मंत्री शाह पर एफआईआर करें

## डीजीपी को कहा- आज ही केस करें; कर्नल सोफिया पर आपत्तिजनक बयान दिया था

बढ़ता राजस्थान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने बुधवार को कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए विवादास्पद बयान मामले में जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। जबलपुर हाईकोर्ट के जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस अनुराधा शुक्ला की बेंच ने इस मामले में खुद नोटिस लिया। कोर्ट ने डीजीपी को आज ही एफआईआर दर्ज करने और कार्रवाई करने को कहा। मंत्री के बयान के मामले में ग्रामीण डीआईजी निमेष अग्रवाल का कहना है कि फिलहाल हमारे पास आदेश नहीं आए हैं। आदेश आते ही मुकदमा दर्ज कर लिया जाएगा। हाईकोर्ट ने कहा- भारत की एकता अखंडता को खतरे में डालने का अपराध दर्ज करें। अगर एफआईआर दर्ज नहीं की गई तो डीजीपी पर कोर्ट की अवमानना की कार्रवाई होगी। हाईकोर्ट ने कहा कि मंत्री विजय शाह का बयान सांप्रदायिकता को बढ़ाने वाला हैं।

# विकास कार्यों को सर्वोच्च वरीयता देते हुए समय से करें पूरा आधारभूत ढांचे से संबंधित प्रोजेक्ट्स में लाएं तेजी : सीएम शर्मा

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार आमजन के समग्र कल्याण के लिए प्राथमिकता से कार्य कर रही है। प्रदेश के सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य और आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराते हुए हम समृद्ध और उत्कृष्ट राजस्थान की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनकल्याण से जुड़े कार्यों को सर्वोच्च वरीयता देते हुए इनका समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित सांगानेर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। समीक्षा बैठक के दौरान ऊर्जा विभाग, पीडब्ल्यूडी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, राजस्व, पीएचईडी, स्वायत्त शासन, जल संसाधन एवं नगरीय विकास विभाग से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि संबंधित विभाग प्रत्येक विकास कार्य के लिए समय सीमा निर्धारित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बना कर कार्यों को शीघ्र पूरा करें जिससे आमजन को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।



### चौराहों के सौन्दर्यीकरण के लिए बनाएं कार्ययोजना

मुख्यमंत्री ने कहा कि सांगानेर के जैन मंदिर, सांगा बाबा मंदिर तथा हनुमानजी मंदिर के आस-पास सौन्दर्यीकरण का कार्य करवाया जाए। साथ ही, प्रमुख चौराहों के सौन्दर्यीकरण के लिए भी कार्ययोजना बनायी जाए। उन्होंने कहा कि द्रव्यवती नदी का भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। साथ ही, भू-जल रिचार्ज स्थानों से मलबा हटवाने व मरम्मत का कार्य भी निरन्तर किया जाए, जिससे द्रव्यवती नदी स्वच्छ रहे। उन्होंने कहा कि सांगानेर ब्लॉक प्रिंटिंग जोन की स्थापना कार्य को गति प्रदान करें। शर्मा ने निर्देश दिए कि मुहाना मण्डी क्षेत्र तथा इसके आस-पास की सड़कों से अतिक्रमण हटाए जाने के कार्य में भी गति लायी जाए। उन्होंने दुर्गापुरा उद्यानिकी महाविद्यालय में बालिका छात्रावास एवं स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, प्रतापनगर में खेल स्टेडियम के निर्माण को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।

# सऊदी के बाद कतर पहुंचे राष्ट्रपति ट्रम्प

## लाल साइबर ट्रक और ऊंटों से स्वागत

बढ़ता राजस्थान

**रियाद (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने दूसरे कार्यकाल के पहले विदेशी दौरे के तहत मंगलवार को सऊदी अरब के बाद कतर पहुंचे। कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी खुद ट्रम्प को हमद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रिसीव करने पहुंचे थे। उनका रेड साइबर ट्रक और ऊंटों से स्वागत हुआ।

ट्रम्प के इस दौरे का मकसद सैन्य सहयोग, क्षेत्रीय सुरक्षा, और आर्थिक सौदों को मजबूत करना है। हालांकि कतर से ट्रम्प को 400 मिलियन डॉलर के बोइंग 747-8 प्लेन गिफ्ट मिलने की खबर से विवाद शुरू हो गया है।

इस प्लेन को लग्जरी प्लेन को फ्लाइंग पैलेस (उड़ता महल) कहा जाता है। यह किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को मिलने वाला सबसे महंगा गिफ्ट होगा।



सऊदी में सीरियाई राष्ट्रपति से मिले ट्रम्प इससे पहले ट्रम्प ने रियाद में सीरिया के अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा उर्फ अबु मोहम्मद अल-जुलानी के साथ मुलाकात की थी। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक साल 2000 के बाद पहली बार है जब अमेरिका और सीरिया के राष्ट्र प्रमुख की मुलाकात हुई। अमेरिका ने जुलानी पर 1 मिलियन डॉलर (करीब 85 करोड़ रुपए) का इनाम रखा था। लेकिन पिछले साल दिसंबर में जुलानी के अंतरिम राष्ट्रपति बनने के बाद यह इनाम हटा लिया गया था।

# पठानकोट में संदिग्ध व्यक्ति गिरफ्तार

## जम्मू पुलिस की सूचना पर कार्रवाई, पूजा एक्सप्रेस से आ रहा था

पठानकोट।

पठानकोट कैंट रेलवे स्टेशन पर मंगलवार रात एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। संदिग्ध जम्मू से पूजा एक्सप्रेस से पठानकोट आ रहा था। जम्मू-कश्मीर पुलिस से मिले इनपुट पर पठानकोट रेलवे पुलिस ने संदिग्ध को उतरते ही पकड़ लिया। पठानकोट रेलवे पुलिस के अधिकारी सुखविंदर सिंह ने बताया कि जम्मू-कश्मीर रेलवे पुलिस से सूचना मिलने के बाद स्टेशन पर सतर्कता बढ़ा दी गई थी। ट्रेन से उतरते ही संदिग्ध को हिरासत में लेकर कठुआ जीआरपी के हवाले कर दिया है। उससे पूछताछ चल रही है।

जम्मू-कश्मीर रेलवे पुलिस को संदिग्ध की गतिविधियों पर पहले से शक था। संदिग्ध की पहचान और उसके इरादों के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है। पठानकोट हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर की सीमाओं से जुड़ा शहर है।

यह क्षेत्र पहले भी आतंकी गतिविधियों के लिए संवेदनशील रहा है। जम्मू-कश्मीर और पंजाब सीमा पर हाल में संदिग्ध गतिविधियां देखी गई हैं। इस घटना के बाद पठानकोट और आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com